ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 12 ● विक्रम संवत 2079 ● शनिवार, 04 मार्च 2023 ● वर्ष-24 ● अंक-33 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

सोशल मीडिया पर खुलकर बोले रणबीर कपूर... पेज 12 पर



# हमीन कर बजट

## विधानसभा में वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने बजट 2023-24 किया पेश

### कृषि के क्षेत्र में

- सरकार की प्राथमिकता सूखा से राहत, आय सुनिश्चित करना।
- सूखा राहत के लिए प्रत्येक किसान परिवार को 3500 रुपये का लाभ।
- सिंचाई का लाभ के लिए पांच एकड़ क्षेत्र से कम तालाब से गाद हटाने के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- कृषि संवृद्धि योजना लागू की जाएगी।
- फर्टिलाइजर का उपयोग कम करने और जैविक कृषि की दिशा में सरकार इस वर्ष फसल सुरक्षा योजना लागू करेगी।

### ग्रामीण विकास

- मनरेगा के तहत 9 करोड़ मानव दिवस सृजन का लक्ष्य, 1020 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- एक लाख के किसानों के भूमि में सिंचाई कूप का निर्माण कराया जाएगा।
- पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3542 करोड़ का प्रावधान।

### जल संसाधन

- 1964 करोड़ का बजट।
- पटम्बा और पलामू में मेगा सिंचाई योजना।

### पंचायती राज

- 1968 करोड़ का बजट।
- पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना शुरू होगी।
- प्रत्येक सचिवालय में ज्ञान केंद्र की स्थापना होगी।
- प्रत्येक सचिवालय में 65 इंच की एलईडी टीवी स्थापित की जाएगी।

### महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा

- 7171 करोड़ का बजट।
- यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत 2131 करोड़ का प्रावधान।
- विधवा पुनर्वास योजना में महिलाओं को कई फायदा।
- आंगनबाड़ी चलो योजना शुरू की जाएगी। सभी केंद्रों में फर्नीचर दी जाएगी।
- 800 नए आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाएंगे।
- सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को 6000 रुपये प्रतिमाह उपलब्ध करायी जाएगी, ताकि छोटे-मोटे जरूरत की पूर्ति वे खुद कर सकेंगे।
- आंगनबाड़ी महिलाओं के मानदेय में बढ़ोतरी।
- आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन दिया जाएगा।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन में राज्य सरकार का वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 01 लाख 16 हजार 418 करोड़ रुपये का चौथा बजट पेश किया। रामेश्वर उरांव ने अपने बजट भाषण में कहा कि यह झारखंड का हमीन कर बजट है। इस बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। बजट में सभी वर्गों के सुझाव को समाहित किया गया है। राज्य पिछले तीन सालों में विकास की ओर अग्रसर है। झारखंड की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। आंकड़ों से यह साबित हुआ है।
वित्त मंत्री ने झारखंड की जनता को बजट समर्पित करते हुए कहा कि यह बजट अंतिम आदमी को आगे लाने का काम करेगा। विकास दर में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, तो वहीं सरकार को राजस्व संग्रह में भी 23.28 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। सरकार ने बजट बनाने से पहले ही हमीन बजट पोर्टल के माध्यम से राय लिया।
वित्त मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकार में बजट में अमूमन 10 प्रतिशत की वृद्धि होती थी लेकिन हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने 15 प्रतिशत की वृद्धि की है। सीएम मेधा छात्रवृति योजना, सीएम गंभीर बीमारी योजना, धोती साड़ी लुंगी योजना सहित सभी योजना सीधे राज्य की जनता से जुड़ी है। हमारी सरकार के पांव जमीन पर मजबूती से टिके हैं और आसमान की ऊंचाई को छूना है। हमारी सरकार ने राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के लिए बेहतर ऋण प्रबंधन किया है।
उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बेहतर प्रबंधन के जरिए राजकोषीय घाटा पर भी नियंत्रण रखने में सफलता पाई है। राजकोषीय घाटा एक प्रतिशत से भी कम रखने में सफलता पाई है। विगत तीन वर्षों में योजना व्यय में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि स्थापना व्यय में लगातार कमी आई है। हेमंत सरकार राज्य के विकास को तरजीह दे रही है। 23-24 में राजकोषीय घाटा तीन प्रतिशत से कम होने का अनुमान है।

### 13 लाख किसानों के खाते में 461 करोड़ हस्तांतरित

**वित्त** मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की मुख्य प्राथमिकता किसानों को ऋण से मुक्ति दिलाना और उनके आय में बढ़ोतरी करना है। 13 लाख किसानों के खाते में 461 करोड़ की राशि हस्तांतरित किया गया। सौर ऊर्जा आधारित मैक्रो एरिगेशन को लागू करने के लिए कृषि समृद्धि योजना लागू किया जाना है।

### राजस्व आय में हुई वृद्धि

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य ने अपने राजस्व आय में उत्तरोत्तर वृद्धि हासिल की है। वर्ष 2019-20 में कुल राजस्व आय 25 हजार 521 करोड़ 43 लाख रुपये थी जो वर्ष 2021-22 में 31 हजार 320 करोड़ 36 लाख रुपये हो गयी तथा वर्ष 2022-23 में 22.28 प्रतिशत वृद्धि के साथ 38 हजार 612 करोड़ 84 लाख रुपये रहने का अनुमान है।

सदन में वार्षिक बजट पेश करने के पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो को वर्ष 2023-24 की बजट की प्रति सौंपी।

### वर्ष 2023-24 योजना क्रियान्वयन वर्ष होगा

**रामेश्वर** उरांव ने कहा कि हमीन कर बजट में प्रस्तावित योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए वर्ष 2023-24 योजना क्रियान्वयन वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019-20 में राज्य का आर्थिक विकास दर 1.1 प्रतिशत था जबकि वर्ष 2021-22 में यह 8.2 प्रतिशत रहा। वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत की तुलना में हमारे राज्य का विकास दर 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सरकार की प्राथमिकता

**बजट** में वित्त मंत्री ने शिक्षा क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए सरकार हर तरीके से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के उन विद्यालयों में जहां बालक और बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय नहीं है उसके लिए अलग-अलग शौचालय के निर्माण के लिए योजना तय की गई है।

### छात्रावास निर्माण का रखा गया है प्रस्ताव

**अनुसूचित** जाति अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक कल्याण योजना के तहत के लिए मिलने वाली छात्रवृत्ति में भी बढ़ोतरी की गई है। अनुसूचित जाति और जनजाति छात्र छात्राओं को रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद, देवघर और चाईबासा में बहुमंजिला छात्रावास का निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है। सभी छात्रावास में छात्र छात्राओं को निशुल्क भोजन एवं छात्रावास एवं अन्य उपलब्ध कराया जाएगा।

## बजट में 15 प्रतिशत की हुई वृद्धि

## सरकार को राजस्व संग्रह में भी 23.28 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान



# 1 लाख 16 हजार 418 करोड़ का बजट

### दूरगामी के साथ ही ऐतिहासिक भी है बजट : सीएम



**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने बजट को दूरगामी के साथ ऐतिहासिक बताते हुए सराहना की है। विधानसभा परिसर में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 20 सालों में सिर्फ बजट एक कागजी कार्रवाई के रूप में देखने को मिला, लेकिन इस बार का बजट देखने से यह पता चलता है कि यहां के लोगों की समस्या के समाधान से जुड़ा हुआ बजट है। बजट को लेकर उन्होंने कहा कि बजट बनाने से पहले झारखंड की जरूरतों के साथ-साथ यहां की सवा तीन करोड़ जनता और यहां के संसाधनों का भी ध्यान रखा जाता है। बजट में सामाजिक सुरक्षा को लेकर कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं।

### आंकड़ों में बजट

- राजस्व संग्रह में 23.28 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान
- बजट में 15 प्रतिशत की वृद्धि
- राजकोषीय घाटा एक प्रतिशत से भी कम
- 23-24 में राजकोषीय घाटा तीन प्रतिशत से कम होने का अनुमान है
- 13 लाख किसानों के खाते में 461 करोड़ की राशि हस्तांतरित
- वर्ष 2022-23 में विकास दर 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान
- तालाब से गाद हटाने के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान
- कृषि संवृद्धि योजना लागू की जाएगी
- मनरेगा के तहत 9 करोड़ मानव दिवस सृजन का लक्ष्य, 1020 करोड़ रुपये का प्रावधान
- जल संसाधन के लिए 1964 करोड़ का बजट
- यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत 2131 करोड़ का प्रावधान

# सीओ स्तर पर होगा जमीन जमाबंदी के विवादों का समाधान : मुख्यमंत्री

### सीएम बोले : अवैध जमीन जमाबंदी मामले पर सरकार गंभीरता से कर रही विचार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अवैध जमीन जमाबंदी मामले पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि जब जमीन की अवैध जमाबंदी हो जाती है तो उसे सीधे तौर पर रद्द नहीं किया जाता है। इस मामले की जांच सीओ स्तर से शुरू होकर डीसी, कमिश्नर के माध्यम से सरकार तक आती है।
उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में 15,490 केस का निष्पादन हुआ है। जहां तक कैंप लगाने की बात है तो विभिन्न योजनाओं के लिए सरकार कैंप लगाती है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दो बार के कैंप में एक करोड़ से अधिक आवेदन आये हैं, जिसमें अवैध जमीन जमाबंदी के लाखों मामले सामने आए हैं। सरकार ने निर्णय लिया है कि अवैध जमीन जमाबंदी के विवादों का समाधान सीओ स्तर पर कराया जाएगा। अभी पूरे राज्य में ऐसे कम से कम एक करोड़ मामले लंबित हैं। मेरे कार्यकाल में लाखों मामलों का निबटारा हुआ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नीलकंठ सिंह मुंडा के सवाल पर यह जवाब दिया। दरअसल, नीलकंठ सिंह मुंडा ने मुख्यमंत्री से शेष पृष्ठ 11 पर

### स्पीकर के आदेश पर रिपोर्ट बनाने को सरकार तैयार



**स्पीकर** रवींद्रनाथ महतो ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मंत्री जोबा मांझी से कहा कि अगर एक ही जवाब दुहराया जा रहा है तो इसे देखा जाना चाहिए और अबतक जो भी इस मामले में अपडेट है, उसकी एक रिपोर्ट तैयार कर के दिया जाना चाहिए। जिसके बाद मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि आपके आदेश का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध जमाबंदी के 1.75 लाख मामले लंबित थे।

### झारखंडी मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो

**झारखंड** विधानसभा में निर्दलीय विधायक अमित यादव ने तमिलनाडु में झारखंडी मजदूरों पर हमला मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि मुझे समाचार पत्रों के माध्यम से तमिलनाडु में काम कर रहे राज्य के मजदूरों पर हो रहे हमले की जानकारी मिली है। वहां के मुख्यमंत्री ने भी 20 मार्च तक झारखंडी मजदूरों को चेन्नई खाली करने को कहा है, यह गलत है। अमित यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से बात कर के मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

**सम्पन्न** 10 दिनों तक पर्यावरण का संदेश देने वाले मेले का समापन, हेमंत बोले

# पर्यावरण का नुकसान माने खुद का नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि पर्यावरण एक ऐसा क्षेत्र है, जहां यदि इसका नुकसान हुआ तो समझें हम खुद को नुकसान पहुंचा रहे है। हमें व्यक्तिगत स्तर पर पर्यावरण का ख्याल रखना होगा। 90 के दशक में रांची में पंखे का प्रचलन नहीं था। लेकिन, अब इसके बगैर आप घरों में, कार्यालयों में रह नहीं सकेंगे। सोचिए किस कदर, किस तेजी से रांची का पर्यावरण बदला है। आज डैमों का पानी तालाबों और डोभा के पानी से ज्यादा दूषित है। इसे और प्रदूषित न करें, इसलिए इस पर हम सभी को संयुक्त रूप से प्रयास करना चाहिए। झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है। जल, जंगल, जमीन ही इसकी आत्मा है। पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का धर्म है, कर्तव्य है। वह मोरहाबादी मैदान में युगांतर भारती और नेचर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पर्यावरण मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे।





इससे पूर्व शुक्रवार की दोपहर भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने मेला परिसर का भ्रमण किया और मेले की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि इस तरह का आयोजन युगांतर भारती के माध्यम से पर्यावरण मेले का आयोजन किया गया है। हम सभी ने स्वच्छ भारत का संकल्प लिया है। इस स्वच्छ भारत के मूल में प्रकृति, पर्यावरण और जीव का अन्योश्राय संबंध है। जब हम प्रकृति के बारे में संगोष्ठी करते हैं, प्रकृति के बारे में चर्चा करते हैं तो हमें इसका स्वयं आकलन करना चाहिए कि हम प्रकृति के संरक्षण के प्रति कितने सचेत हैं, कितने सचेष्ट हैं। वैदिक काल से ही हमारे पूर्वजों ने, ऋषि-मुनियों ने, मनीषियों ने, हमारे शास्त्रों ने हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति अगाह किया है। हमें प्रकृति से जुड़ने, उनके साथ सहचर संबंध बनाने के लिए सदैव प्रेरित किया है। हम उस पक्ष को भूलते जा रहे हैं। यही वजह है कि हम इसके अस्तित्व को नहीं समझ पाते। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से ही लोग एक-दूसरे जुड़ते हैं तो पर्यावरण के प्रति एक उम्मीद शेष पृष्ठ 11 पर

### दुनिया भर में पर्यावरण पर हो रही चर्चा : सरयू

**पर्यावरण** मेले के संरक्षक एवं विधायक सरयू राय ने कहा कि दुनिया भर में पर्यावरण पर चर्चा हो रही है। ग्लोबल वार्मिंग क्लाइमेट चेंज की बात हर घर में हो रही है। भारत सरकार नदियों को साफ करने में बहुत पैसा खर्च करती है पर नदी अपने आपको खुद ही बरसात में साफ कर लेती है। जो नदियों को गंदा कर रहे हैं, उनको रोकने की जरूरत है। जीरो डिस्चार्ज की वजह से दामोदर स्वच्छ हुआ। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगने से दामोदर शत-प्रतिशत स्वच्छ हो जाएगी। इस मौके पर विधायक डॉ. लंबोदर महतो, कुमार जयमंगल एवं समरीलाल ने भी अपने विचार रखे।

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 'साथी' पोर्टल

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**
केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने आईआईटी कानपुर, आईआईएससी के अध्यापकों की मदद से जेईई मेन व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए साथी (एसएटीएचईई) नाम का एक पोर्टल तैयार कराया है। जिसकी लॉन्चिंग 6 मार्च को होगी। इस पोर्टल पर आईआईटी और आईआईएससी के अध्यापक जेईई मेन सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लेक्चर अपलोड करेंगे। यूजीसी के अनुसार इस प्लेटफॉर्म विपरीत परिस्थितियों या फिर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों को आसानी से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए लाया जा रहा है। क्योंकि कोचिंग महंगी होने के कारण आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे तैयारी नहीं कर पाते है। ऐसे छात्र भी उच्च शिक्षा आसानी से प्राप्त कर सकें और प्रतियोगी परीक्षाओं को क्रैक करें, इसलिए साथी पोर्टल की शेष पृष्ठ 11 पर

### जेएसएमडीसी में कोयला आवंटन में घोटाला

# 14 ठिकानों पर ईडी का छापा, तीन करोड़ बरामद

### ईडी ने रांची, रामगढ़, हजारीबाग में एक साथ की छापेमारी

### पूजा सिंघल ने जुड़ा तार, जेएसएमडीसी के निदेशक के प्रभार में रहते हुए लिया था कमीशन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मनरेगा घोटाले में निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने झारखंड राज्य खनिज विकास निगम (जेएसएमडीसी) के प्रबंध निदेशक के पद पर रहते हुए भी अवैध तरीके से कमाई की थी। शुक्रवार को ईडी की टीम ने जेएसएमडीसी में प्रोजेक्ट डायरेक्टर रहे अशोक कुमार के अरगोड़ा हाउस नंबर 16/ए/2 में छापेमारी की। वहीं, हजारीबाग, रामगढ़ में भी हार्डकोर व्यवसायी मो. इजहार खान के आवास, कारखानों में ईडी ने एक साथ दबिश दी। ईडी की छापेमारी में कोयला कारोबारी इजहार खान के हजारीबाग स्थित मिल्लत कॉलोनी आवास से 3 करोड़ नकदी बरामद की गई है। अशोक कुमार को पूजा सिंघल का काफी करीबी माना जाता है। अशोक कुमार के पास जेएसएमडीसी में बालू व कोयला विभागों की कमान थी। पूजा सिंघल की मनरेगा घोटाले में गिरफ्तारी के बाद अशोक कुमार पर भी 74 लाख की गड़बड़ी करने का आरोप लगा था, जिसके बाद उसे जेएसएमडीसी से हटा दिया गया था।

**कोयले के आवंटन में बड़ा खेल**
ईडी सूत्रों के मुताबिक, जेएसएमडीसी में कोयला आवंटन को लेकर बड़ा खेल हुआ है। जेएसएमडीसी से रियायती दर पर स्थानीय कारोबारियों को कोयला आवंटित होता है। लेकिन पूजा सिंघल ने पद पर रहते हुए अशोक कुमार से मिलीभगत शेष पृष्ठ 11 पर

# सरकार रैयतों की जमीन वापसी के लिए रिपोर्ट तैयार कराएगी : जोबा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सदन में शुक्रवार को मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि सीएनटी एक्ट के तहत रैयतों को उनकी जमीन वापस दिलाने के कार्य में तेजी के लिए राज्य सरकार एक रिपोर्ट तैयार कराएगी। उन्होंने कहा कि अबतक 901 मामलों का निष्पादन किया गया है। हालांकि, तीन हजार 326 आवेदन अभी भी लंबित हैं। दखल दिहानी के तहत सरकार को आवेदन प्राप्त हुए हैं। सरकार की कोशिश है कि इन मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित किया जाय। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सरकार से पूछा था कि दखल दिहानी के तहत कितने आवेदन सरकार को प्राप्त हुए हैं और प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए कितनों को दखल दिहानी का आदेश दिया है। सरकार की ओर से मिले जवाब से असंतुष्ट शिल्पी ने कहा कि सिर्फ रांची में दस हजार से ज्यादा मामले हैं। सरकार की ओर से जो जवाब मुझे दिया गया है, वहीं जवाब एक और विधायक के सवाल पर पहले भी दिया गया था। जो यह दिखाता है कि सरकार इस मामले में गंभीर नहीं है। स्पीकर रबिन्द्रनाथ महतो ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मंत्री जोबा मांझी से कहा कि अगर एक ही जवाब दुहराया जा रहा है तो इसे देखा जाना चाहिए। अबतक जो भी इस मामले में अपडेट है, उसकी एक रिपोर्ट तैयार कर के दिया जाना चाहिए, जिसके बाद मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि आपके आदेश का पालन करेंगे।

जामताड़ा में पुलिस कार्यकर्ता की तरह कर रही काम : इरफान अंसारी
कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि जामताड़ा में पुलिस के लोग आरएसएस और भाजपा के कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे हैं। पुलिस और अल्पसंख्यकों में झड़प हुआ था। पुलिस ने 80 लोगों पर झूठा एफआईआर कर दिया है। पुलिस की इस हरकत से बड़ी आबादी परेशान है। इसके बाद सदन में हंगामा होने लगा।

तमिलनाडु में फंसे झारखंड के प्रवासी मजदूरों का मामला उठाया
विधायक लंबोदर महतो ने तमिलनाडु में फंसे झारखंड के प्रवासी मजदूरों का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि वहां हिंदी भाषियों की हत्या हो रही है। कई लोगों की हत्या हो चुकी है। झारखंड के भी कई लोग वहां फंसे हुए हैं। अमित यादव ने कहा कि वहां के मुख्यमंत्री ने प्रवासियों को स्टेट खाली करने का आदेश जारी कर दिया है। ऐसे में झारखंड सरकार को इसपर पहल कर वहां के सरकार से बात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से तमिलनाडु में काम कर रहे राज्य के मजदूरों पर हो रहे हमले की जानकारी मिली है। वहां के मुख्यमंत्री ने भी 20 मार्च तक झारखंडी मजदूरों को चेन्नई खाली करने को कहा है। यह गलत है। अमित यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से बात कर के मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

## बजट आमदनी और खर्च का ब्यौरा नहीं होता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बजट आमदनी और खर्च का केवल ब्यौरा नहीं होता है, बल्कि आर्थिक एवं सामाजिक उद्देश्यों को प्राप्त करने का साध्य और साधन होता है। विकास की कसौटी पर यदि हेमंत सरकार के बजट को कसा जाए, तो यह खरा नहीं उतरता है। जब आमदनी और खर्च में विषमता बढ़ रही है तो, इससे सामाजिक समानता को बढ़ावा मिलता नहीं दिख रहा है। पिछले 2022-23 के बजट पर हेमंत सरकार को बताना चाहिए कि जो पैसा गरीब जनता के लिए था, वह खर्च क्यों नहीं हुआ? इसके लिए कौन जिम्मेदार है? सरकार उन पर क्या कार्रवाई कर रही है? अक्षम नेतृत्व और अक्षम सरकार के द्वारा 2023-24 का दिशाहीन बजट पेश किया गया है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। बजट में रोजगार पर सरकार द्वारा कोई प्रावधान नहीं करना, उनकी नियत पर सवाल उठाता है। राज्य में स्वास्थ्य की स्थिति क्या है, यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। लोग अपनी मांगों के लिए सड़कों पर है। सरकार अपने किए वादे को पूरे नहीं कर रही है। यह बजट सरकार का जनता के साथ भद्दा मजाक है। सरकार अभी तक तय नहीं कर पा रही है कि आवश्यकताएं और प्राथमिकताएं क्या है? किस रास्ते रास्ते पर चलना है? यही कारण है कि हमारी एनडीए सरकार द्वारा गरीबों के लिए चलाई गई सारी योजनाओं को बंद कर दिया गया है। आशाओं के सब्जबाग और झूठे वादों की झड़ी लगाने की इस सरकार की उपलब्धियां है। एक कहावत है दिशाहीन पथिक अंधेरे में लाठी भांजता है। उसी प्रकार सरकार भी दिशाहीन होकर अंधेरे में लाठी भांज रही है।



## बालू की अवैध निकासी को लेकर विस में सरयू राय ने उठाया मामला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने शुक्रवार को शून्य काल के दौरान जमशेदपुर में बारीडीह और भुईयाडीह के आधा दर्जन स्थानों पर स्वर्णरेखा नदी से बालू की अवैध निकासी का मामला उठाया। विधानसभा में दी गई नोटिस में उन्होंने कहा कि पुलिस और खान विभाग को कई बार सूचना देने के बावजूद विधानसभा क्षेत्र में बारीडीह, भुईयाडीह के 6 घाटों पर स्वर्णरेखा से बालू की अवैध निकासी व्यवस्थित तरीका से हो रही है। अवैध निकासी वाले बालू की कीमत बेतहाशा बढ़ गई है। उन्होंने सदन से माँग की कि सरकार या तो इन घाटों को विधिवत बंदोबस्त करे या आम जनता को अपनी जरूरत के लिए वहाँ से बालू निकालने दे। अवैध बालू निकासी से नदी का पर्यावरण खराब हो रहा है। जनता में जबरदस्त आक्रोश है। नदी में बनाए गये छठ घाटों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव हो रहा है। घाट टूट रहे हैं। महिलाएँ वहाँ स्नान करने नही जा पा रही हैं। आश्चर्य है कि जेटी जैसा स्थायी ढाँचा खड़ा करके बालू की अवैध निकासी हो रही है। बार-बार सूचना देने के बाद भी पुलिस और खान अधिकारी कारवाई नहीं कर रहे हैं। राय ने कहा कि बालू का अवैध खनन और ढुलाई नहीं रूकी तो वे जनता की मदद लेकर अवैध रूप से निकाले गये बालू को जरूरतमंदों के बीच मुफ़्त में बँटवाने का काम करेंगे।



## विस के बाहर भाजपा विधायकों का प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को भाजपा के विधायक विभिन्न मांगों को लेकर ने विधानसभा के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। विधायकों ने सरकार पर खनिजों को लुटवाने और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार करने और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस्तीफा देने की मांग की।

## हेमंत सरकार का बजट संतोषजनक नहीं:प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड का वार्षिक पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद ने कहा कि राज्य के बजट में 15%की वृद्धि के बावजूद यह संतोषजनक नहीं है। झारखंड गांव समाज की बहुलता वाली राज्य है जिसकी अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है। सबसे ज्यादा पलायन की समस्या भी इन्हीं ग्रामीण क्षेत्रों से होता है। बावजूद बजट में सरकार मात्र 11.8% वृद्धि की है। दरअसल कृषि विकास की सामग्रिक योजना के तहत खेतों में सिंचाई का प्रबंध, तीन फसलो की खेती व्यवस्था पर जोर देने के लिए समूचित की व्यव्स्था, पठारी क्षेत्रों में भी सिंचाई के अभाव में वैकल्पिक खेती की व्यवस्था की प्राथमिकता दी जानी चाहिए जिस पर सरकार की प्राथमिकता नहीं है। साथ ही फसलों की उपज का लाभकारी दाम और वनोपज की उचित दाम के लिए मंडी व्यवस्था लागू करने की जरूरत की नीति को अपनाया ही नहीं जा रहा। पलायन को रोकने के लिए रोजगार सृजन की व्यापक योजना बनाई जानी चाहिए जिसपर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। राज्य सरकार को अपने वादों के अनुकूल रोजगार मुहैया कराने और तमाम रिक्तियां भरने का प्रस्ताव लेना चाहिए जिसपर अपेक्षित जोर का अभाव दिख रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य में कुछ बढ़ोतरी तो है पर वह प्रयाप्त नहीं है।नए स्कूलों के निर्माण की बात तो दूर है बल्कि रघुवर दास के समय जो 10 हजार स्कूलों को बंद किया था उसे भी बहाल नहीं किया गया है। शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए विश्वविद्यालय से लेकर लोवर स्कूल में शिक्षकों की संपूर्ण बहाली अनिवार्य है जिसे नजर अंदाज किया गया है। हर गांव में स्वास्थ्य केंद्र और दवा और डाक्टर की व्यवस्था की गारंटी किए बिना जनता को महंगी मेडिकल सेवा से मुक्ति नहीं मिल सकता जिसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बेरोजगारी भत्ता भी नारा बनाकर रखा गया है जिसे जमीन पर उतारने का कोई बंदोबस्त नहीं है ? नाम गरीब और गांव का किया गया है पर उस अनुकूल प्रावधान नहीं है। सरकार व्यवहार में गरीबों की आय बढ़ाने,उनकी सामाजिक सुरक्षा की गारंटी और गांव की प्राथमिकता दें तभी झारखंड की सही दिशा बनेगी। भाकपा माले झारखंड राज्य कमेटी की ओर से भूवनेश्वर केवट द्वारा जारी।



## सबमर्सिबल मशीन के साथ आरोपियों गिरफ्तार



**अनगड़ा।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के आगरटोली गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को तीन सबमर्सिबल मशीन के साथ दो आरोपियों को पकड़कर सिकिदिरी पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं एक अन्य आरोपी फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के राजेश महतो के खेत में लगी सबमर्सिबल मशीन चोरी हो गई थी। इससे पहले भी अन्य ग्रामीणों के खेत से मशीन चोरी हो चुकी थी। ग्रामीणों ने आगरटोली के दिलेशवर महतो से पूछताछ की तो वह इस मामले में अपनी संलिप्तता से इनकार करने लगा। इसके बाद उसके घर की तलाशी लेने पर ग्रामीणों ने पुआल के गांज में छिपाकर रखी गई दो सबमर्सिबल मशीन बरामद की। ग्रामीणों की पिटाई की बाद उसने अपने दो अन्य साथियों का नाम बताया, इसमे सहेदा निवासी लारा भोगता के घर से एक मशीन बरामद की गई। इधर, पकड़े जाने के भय से तीसरा आरोपी जशपुर निवासी श्याम किशोर करमाली मौका पाकर फरार हो गया।

## बजट में कुछ भी तो नहीं : मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** झारखंड विधानसभा में शुक्रवार को पेश किये गये बजट पर पूर्व सीएम एवं भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बजट देखने में तो बहुत ही बड़ा है, लेकिन जब अंदर झांक कर देखने और समझने की कोशिश की, तो इस बजट में कुछ भी नजर नहीं आया । खासकर कृषि और किसानी से जुड़े लोगों के लिए इसमें कुछ भी नहीं है। जबकि सिंचाई भी इसी से जुड़ी है। बजट में इसके लिए कुल 12 प्रतिशत का ही प्रावधान है। लोगों की आय को दोगुनी करने की दिशा में कोई प्रावधान नहीं है। बस परंपरागत बजट को 15 प्रतिशत बढ़ा कर एक करोड़ 16 लाख कर दिया गया है। इससे ज्यादा इस बजट में कुछ भी नहीं है।

## विजन न प्रतिबद्धता, बस झूठे वादे-झूठे आंकड़े

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झूठी सरकार ने झूठ का पुलिंदा पेश किया है। बजट में बुनियादी सवालों को दरकिनार किया गया। आम लोगों, गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और बेरोजगारों के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। ऐसा प्रतीत हो रहा कि सरकार बजट के नाम पर बस खानापूर्ति कर रही है। सरकार का मुख्य उद्देश्य बस समय काटना है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर कोई फोकस नहीं। आंकड़ों को सजाकर सरकार ने भारी-भरकम बजट पेश किया है। राजकोषीय घाटा कैसे सुदृढ़ हो, इसे सुनिश्चित करने में सरकार लगातार नाकाम साबित होती रही है। क्षेत्रीय भाषा को बढ़ावा देने हेतु सरकार ने पहल तो की, लेकिन इसमें नागपुरी, कुड़माली, पंचपरगनिया, खोरठा भाषाओं को शामिल नहीं किया, यह दुःखद है, चिंतनीय है।

## दो कराटे खिलाड़ी पहुंची मलेशिया

**रांची।** 3 से 5 मार्च तक मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर के तितिवंग्सा स्टेडियम में आयोजित 12वी साइलेंट नाइट कराटे कप अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भारतीय कराटे टीम 2 मार्च को कोच रेंसी सुनील किस्पोट्टा के नेतृत्व में मलेशिया पहुंच चुकी है। 2 और 3 मार्च को आराम करने के बाद सभी खिलाड़ी 4 मार्च से अपनी अपनी स्पधाओं में भाग लेंगे। झारखंड के दो महिला खिलाड़ियों को भारतीय कराटे टीम में शामिल किया गया है। काजल कुजूर 4 मार्च को अपने 12 से 13 वर्ष में 47 किलो से अधिक वजन वर्ग के कुमिते में भाग लेगी। वहीं मोहिनी रितिका टोप्पो 5 मार्च को सीनियर महिला काता वर्ग में भाग लेगी। टीम कोच रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि भारतीय दल में शामिल झारखंड की दोनों महिला खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। 4 मार्च से इनकी स्पर्धा शुरू होगी।

## इलाज के अभाव में घायल मरीज की मौत

**खूंटी।** तोरपा स्थित रेफरल अस्पताल में किसी डॉक्टर के नहीं रहने के कारण एक घायल मरीज की जान चली गई। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को सुबह अस्पताल गेट के सामने रांची-सिमडेगा रोड को जाम कर दिया। तोरपा थाना के कसमार गांव निवासी वीरेंद्र मांझी शुक्रवार को ट्रैक्टर चलाने के दौरान दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसके स्वजन सुबह लगभग साढ़े आठ बजे घायल मरीज को लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। काफी देर तक तड़पने के बाद उसकी मौत हो गई। वीरेंद्र की मौत होते ही ग्रामीण उग्र हो गए और सड़क पर धरने पर बैठ गए। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लबी कतार लग गई। सड़क जाम की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी दयानंद कारजी, थाना प्राभारी मनीष कुमार अस्पताल गेट पहुंचे और सड़क पर बैठे लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण डयूटी से नदारत डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। इधर, अस्पताल के कर्मचारियों का कहना है कि अस्पताल पहुंचते ही वीरेंद्र की मौत हो चुकी थी। बताया गया कि रेफरल अस्पताल में डॉक्टर गुरुवार की रात से लेकर शुक्रवार को सुबह दस बजे तक डॉक्टर मुकेश कनौजिया की ड्यूटी थी, लेकिन वह सुबह ही अस्पताल छोडकर चले गए।

## खोदा पहाड़, निकली चुहिया : डॉ. लंबोदर महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विधानसभा में पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह बजट पूरी तरह से युवा बेरोजगारों, किसानों व आम जनों की आशाओं व उम्मीदों पर पानी फेरने वाल है। बजट पूरी तरह निराशाजनक है। बात -बात में आदिवासी व अल्पसंख्यक के हितों की बात करने वाली यह सरकार ने इन वर्गों का भी बजट में ख्याल नहीं रखा है। उन्होंने कहा कि बजट में जन अपेक्षाओं का ध्यान नहीं रखा गया है। विकास को लेकर कोई सोच नहीं है। कोई रोड मैप नहीं है। गरीबों का जीवन स्तर कैसे ऊंचा उठेगा, इसको लेकर भी सरकार ने कोई योजना नहीं बनायी है। हेमंत सोरेन सरकार ने बजट में पुरानी बातों को ही दोहराया है, जो खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली बात है।



## मजदूर, किसान को ध्यान में रखकर बनाया गया है बजट : राजेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने वित्तीय वर्ष 2023- 2024 के बजट को राज्य को तेज गति से विकास देने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा है कि यह गांव, गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है। बेरोजगारी दर 7 प्रतिशत से घट कर 3 प्रतिशत रह गई है। दूध उत्पादन में प्रोत्साहन राशि 2 रुपये से बढ़ाकर 3 रुपये प्रतिलीटर कर देने से राज्य के दूध उत्पादकों को फायदा मिलेगा। ऑल्ड पेंशन स्कीम के लिए पेंशन कोष गठित करने का फैसला सराहनीय है। बजट में वित्तीय अनुशासन का पूरा-पूरा ध्यान रखा गया है। सरकार का वित्तीय घाटा अनुशासित सीमा के अंदर है। स्थापना मद से ज्यादा योजनाओं पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में तालाबों के जीर्णोद्धार पर जोर दिया गया है। साथ ही सिंचाई व्यवस्था और जल संरक्षण के लिए पांच एकड़ से कम क्षेत्र वाले तालाबों का मशीन से गाद हटाने और डीप बोरिंग कराने पर पांच सौ करोड़ रुपये खर्च करने का उपबंध किया जाना क्रांतिकारी फैसला है। सौर ऊर्जा आधारित माइक्रो लिफ्ट एरिगेशन के लिए कृषि समृद्धि योजना लाया जाना साहसिक फैसला है। जैविक खेती को प्रमोशन दिये जाने का उपबंध बजट के अंदर है। फसल सुरक्षा कार्यक्रम से किसानों को लाभ मिलेगा। यह वास्तव में झारखंड के आम आवाम का हमीन कर बजट है।



समीक्षा | आईसीएआर मोनिटरिंग टीम ने गेहूं पर शोध कार्यों की समीक्षा की

# गेहूं की फसल पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गयी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बीएयू के निदेशालय अनुसंधान अधीन संचालित आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित गेहूं एवं जौ अनुसंधान परियोजना के कार्यक्रमों की चार सदस्यीय आईसीएआर मोनिटरिंग टीम ने शुक्रवार को समीक्षा की। इस दल में आईआईडब्लूबीआर के प्रधान वैज्ञानिक (गेहूं) डॉ. ए शर्मा एवं प्रधान वैज्ञानिक (जौ) डॉ. एल कुमार तथा बीएयू, सबौर के वैज्ञानिक डॉ दीपक प्रसाद एवं पौधा रोग वैज्ञानिक डॉ सीएस प्रसाद शामिल थे। इस एकदिवसीय विजिट में दल ने विवि के वेस्टर्न सेक्शन स्थित शोध प्रक्षेत्रों में चालु रबी मौसम में कुल 8 एकड़ भूमि में गेहूं फसल के विभिन्न शोध गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान दल ने समन्वित प्रयोग अधीन गेहूं प्रजनन, गेहूं शस्य एवं जौ प्रजनन के कुल 13, समन्वित गेहूं प्रयोग अधीन 3 राष्ट्रीय एवं 2 अंतरराष्ट्रीय नर्सरी कार्यक्रम के प्रायोगिक प्रक्षेत्रों तथा बीएयू द्वारा विकसित उन्नत किस्म बिरसा गेहूं- 4 के बीज उत्पादन कार्यक्रमों की समीक्षा की। गेहूं फसल पर ताप सहिष्णु एवं सुखा सहिष्णु शोध कार्यो को देखा। आईसीएआर ने रांची केंद्र को उद्योग उपयोग के उद्देश्य से डूरम गेहूं को विशेष प्राथमिकता देने की सलाह दी। 4 सदस्यीय दल ने निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह से गेहूं एवं जौ पर चलाये जा रहें शोध कार्यो पर चर्चा की। परियोजना के अधीन रांची शोध केंद्र के कार्यो एवं प्रगति की सराहना की तथा रांची केंद्र द्वारा विकसित उन्नत किस्म बिरसा गेहूं झ 4 के बीजोत्पादन में गुणात्मक बढ़ोतरी करने एवं प्रदेश के किसानों को बीज उपलब्धता सुनिश्चित करने का परामर्श दिया। इस आईसीएआर दल को परियोजना अन्वेंषक (गेहूं एवं जौ) डॉ सूर्य प्रकाश, शस्य वैज्ञानिक डॉ नैयर अली एवं गेहूं प्रजनक डॉ एसएस सुरिन ने शोध कार्यो की जानकारी दी।



## छात्रों ने विश्व वन्य जीव दिवस में लिया भाग

रांची ।बीएयू अधीन संचालित वानिकी संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ बसंत चन्द्र उराँव एवं डॉ रास बिहारी साह के नेतृत्व में संकाय के यूजी कार्यक्रम के अंतिम वर्ष के 35 सदस्यीय छात्र झछात्राओं के दल ने शुक्रवार को वन्य प्राणी प्रमंडल, हजारीबाग में आयोजित विश्व वन्य जीव दिवस समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक, झारखंड एसआर नटेश ने विश्व वन्य जीव दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वनस्पति एवं वन्य जीव के संरक्षण में वन रक्षा एवं संरक्षण से जुड़े सभी हितकारकों, ग्रामीण एवं शहरी लोगों की सहभागिता की जरुरत पर बल दिया। मौके पर जिला वन पदाधिकारी, हजारीबाग एके चौधरी, बीएयू वैज्ञानिक डॉ बसंत चन्द्र उराँव एवं डॉ रास बिहारी साह तथा वन्य जीव विशेषज्ञ दीपक कुमार ने विश्व वन्य जीव दिवस की जरुरत, महत्ता तथा झारखंड राज्य में इस दिशा में किये जा रहें प्रयासों के बारे में बताया।

## सांड ने पटककर दो लोगों को मार डाला



**नवीन मेल संवाददाता। पूर्वी सिंहभूम**
जमशेदपुर के साकची थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक सांड बेकाबू हो गया और दो लोगों को पटक कर मार डाला। जानकारी के अनुसार एक सांड बेकाबू हो गया और अचानक सड़क पर तांडव मचाने लगा। सांड ने आते- जाते राहगीरों को पटकना शुरू कर दिया। इस दौरान दो लोगों को सांड ने पटककर रौंद दिया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने दोनों घायलों को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में एक की पहचान अशोक अग्रवाल जबकि दूसरे की पहचान राजकिशोर के रूप में हुई है। वहीं, दूसरी ओर पुलिस ने सांड को रोकने के लिए बैरिकेडिंग कर दी है। साथ ही जुस्को को खबर दे दी गई है। फिलहाल सांड को काबू कर लिया गया है।

# पतरातू डैमः रमणीय वातावरण में विदेशी मेहमानों ने उठाया लुत्फ



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
मद्धिम संगीत, पक्षियों की चहचहाहट, पतरातु डैम के किनारे बना रिसोर्ट शुक्रवार को विदेशी मेहमानों की मेहमान नवाजी में व्यस्त था। जी-20 सम्मेलन में शिरकत करने आए मेहमान भी झारखंड के रमणीय वातावरण के कायल हो गए। कुछ मेहमान पलाश के वृक्षों को निहार रहे थे, तो कुछ डैम में बोटिंग का आनंद लेते दिखाई दिए। रिसोर्ट में मेहमानों का स्वागत झारखंड की संस्कृति और परम्परा के अनुरूप किया गया। ढोल, नगाड़े की थाप पर नृत्य करते झारखंड के कलाकारों ने प्रतिनिधियों का मनमोह लिया।

जी-20 की बैठक में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों के स्वागत का तरीका एकदम अनूठा और आकर्षक था। रिसोर्ट के किनारे जेएसएलपीएस प्रोडक्ट्स के स्टाल लगाए गए थे। साथ ही खादी ग्राम उद्योग की भी प्रदर्शनी लगाई गई थी। विदेशी मेहमानों में झारखंड के प्रोडक्ट को लेकर काफी उत्सुकता दिखाई दी। उन्होंने जेएसएलपीएस के इन स्टॉल से कई खाद्य प्रोडक्ट की खरीदारी की। साथ ही खादी ग्राम उद्योग के स्टॉल पर भी मेहमानों ने जाकर उनके प्रोडक्ट के बारे में जानकारी ली। विदेशी मेहमानों के लिए सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रहे झारखंड की संस्कृति और संगीत से जुड़े वाद्य यंत्र। झारखंड की संस्कृति और संगीत से जुड़े वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। विदेशी डेलिगेट्स ने वाद्ययंत्रों के प्रति गहरी रुचि दिखाई और उनके विषय में जानकारी प्राप्त की। जी 20 की बैठक में भाग लेने आए विदेशी मेहमानों ने झारखंड में हॉस्पिटलिटी को लेकर काफी तारीफ की। उन्होंने बताया कि झारखंड का नेचर आकर्षित करने वाला है। खासकर यहां की मेहमान नवाजी बेहतरीन रही। उन्हें जी-20 की बैठक के साथ-साथ यहां की प्रकृति और यहां के लोगों के बारे में काफी जानकारी मिली। झारखंड के लोक नृत्य को भी उन्होंने काफी सराहा।

## डेलिगेट्स का भव्य रूप से हुआ स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जी- 20 में शामिल डेलिगेट्स शुक्रवार को रामगढ़ जिले के पतरातू रिसोर्ट पहुंचे। उन लोगों का स्वागत परंपरागत झारखंडी संस्कृति के साथ किया गया। पतरातू रिसोर्ट के बाहर झारखंडी संस्कृति के आधार पर उकेरी गई कलाकृति और पूरे रिसोर्ट में झारखंड की कला के आधार पर बनाई गई मूर्तियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। रामगढ़ जिला प्रशासन की ओर से पतरातू रांची रोड को पूरी तरीके से ब्लॉक कर दिया गया है, ताकि डेलिगेट्स आने जाने में कोई परेशानी ना हो। पतरातू रिसोर्ट के आसपास आकर्षक फूल लगाए गए हैं। झारखंड की संस्कृति पर आधारित तोरण द्वार भी बनाए गए हैं।

## जीडीपी में जी-20 देशों की 85% है भागीदारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जी20 से जुड़ी, नागरिकों के बीच उनका सुझाव लेने, उनके साथ काम करने वाली संस्था सी20 का एंबेसडर कार्यक्रम आज रांची के लालपुर स्थित बीआईटी एक्सटेंशन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआईटी की निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने की जबकि सी20 के एंबेसडर ऐश्वर्य सेठ ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद सांसद श्री संजय सेठ ने जी-20 के साथ सी 20 के महत्व को बुद्धिजीवियों, विद्यार्थियों और अध्यापकों के बीच रखा। सांसद श्री सेठ ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता भारत को मिलना, यह बताने के लिए पर्याप्त है कि आज भारत वैश्विक ताकतों के बीच विश्व का नेता बन कर उभरा है। ऐसे में जब हमारे नेता अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हो, देश को विकास की पटरी पर तेज रफ्तार से दौड़ आ रहे हो, तो हर देशवासी की जिम्मेदारी है कि इन आशाओं और अपेक्षाओं से कहीं ज्यादा बेहतर करके दिखाएं। हमारी सोच, हमारी जिम्मेदारी है कि हम भारत की सोच और सामर्थ्य से, भारत की संस्कृति और समाज शक्ति से विश्व को परिचित कराएं। यह हमारा दायित्व है कि हम अपने हजारों लाखों वर्ष पुरानी संस्कृति की बौद्धिकता और उसमें समाहित आधुनिकता से विश्व को रूबरू कराएं। यह एक सुनहरा अवसर हम सबके लिए है। श्री सेठ ने कहा कि कहने को तो जी20, 20 देशों की अर्थव्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला संगठन है और यह सच भी है अर्थव्यवस्था या आर्थिक का मतलब सिर्फ वित्त से नहीं होता। आर्थिक का मतलब परिवार और समाज से भी जुड़ा होता है। अर्थ का मतलब हमारी सामाजिक जिम्मेदारियां भी होती है, हमारी पारिवारिक जिम्मेदारियां भी होती है। राष्ट्र के प्रति हमारा समर्पण होता है। हमने वित्त को अर्थ मानने की जो गलती की है।

# चिकित्सकों की कमी होगी दूर
# रिम्स को मिले 26 नये डॉक्टर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रिम्स प्रबंधन डॉक्टरों की कमी दूर करने की कवायद में लग गया है। रिम्स के विभिन्न विभागों में 26 नए चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। साथ ही छह को वेटिंग लिस्ट में रखा गया है। चार प्रोफेसर, दो मेडिकल ऑफिसर, 16 असिस्टेंट प्रोफेसरों और एसोसिएट प्रोफेसर दो के पद पर नियुक्ति की गई है। वहीं चार मेडिकल ऑफिसर, दो असिस्टेंट प्रोफेसरों को वेटिंग में रखा गया है। ऑर्थोपेडिक, ऑर्थोपेडिक ट्रामा सेंटर, साइक्रेट्री, एफएमटी, न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, पीडियाट्रिक सर्जरी, पैथोलॉजी, फिजियोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, ऑब्स गाइनी, एनेस्थिसिया, मेडिसिन, सर्जरी, इंटेंसिव केयर, ट्रॉमा सेंटर को नए चिकित्सक मिले हैं। इनकी नियुक्ति से प्रति मरीज डॉक्टरों का अनुपात बढ़ेगा। अप्रैल और जून 2022 में निकाले गए विज्ञापनों के विरुद्ध ये नियुक्ति की गई है। इस नियुक्ति से रिम्स में न्यूरो सर्जरी और न्यूरोलॉजी विभाग को दो-दो असिस्टेंट प्राफेसर मिले हैं। वहीं मेडिसिन को चार डॉक्टर मिले हैं। इन तीनों विभागों में मरीजों की संख्या हमेशा बहुत अधिक होती है। न्यूरोलॉजी सर्जरी विभाग में दो सौ से अधिक मरीज रहते हैं। कई बार मरीजों की शिकायत रहती है कि उन्हें डॉक्टर देखने नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे में यह नियुक्ति इस विभाग के मरीजों के लिए राहत है। वहीं न्यूरो मेडिसिन लगातार चिकित्सक की कमी से जूझ रहा था। प्रबंधन के अनुसार जल्द ही और चिकित्सकों की बहाली की जाएगी।

## जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यालय का उद्घाटन

**रांची।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन का शुक्रवार को कमड़े,रांची में अपने नए कार्यालय एवं होली मिलन समारोह का शुभ उद्घाटन मुख्य अतिथि फाउंडेशन के झारखंड प्रदेश संरक्षक एवं रांची लोकसभा के लोकप्रिय सांसद श्री संजय सेठ जी ने फीता काटकर किया।इस मौके पर अतिथि के रूप में भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, रांची के उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय,भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर,भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह आदि मौजूद थे।संजय सेठ ने कहा की ₹भारत में जनसंख्या नियंत्रण समय की मांग है और भारत अपनी जनसंख्या नियंत्रित करके ही एक विकसित देश बन सकता है। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी ने कहां असंतुलित जनसंख्या देश के लिए गंभीर विषय है।कार्यक्रम मे रंगोली द्वारा जी20 की आकर्षक कालकृति बनाकर पेश कि गई।

### हाईकोर्ट ने डीएसपी प्रमोद मिश्रा को दिया निर्देश

# ईडी के समक्ष बयान दर्ज करवाएं गिरफ्तारी पर लगाई गई रोक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को डीएसपी प्रमोद मिश्रा और पुलिस अधिकारी सरफुद्दीन खान की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों ही अधिकारियों को ईडी के समक्ष हाजिर होकर अपना बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया है। अदालत ने ईडी को भी नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर की कोर्ट में प्रमोद मिश्रा और सरफुद्दीन खान की याचिका पर सुनवाई हुई। गौरतलब है कि दोनों पुलिस अधिकारी बड़हरवा टोल केस की जांच में शामिल थे। इस केस में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम आरोपी हैं। फिलहाल इस केस की जांच ईडी कर रही है।

## एफआईआर के खिलाफ याचिका स्वीकार

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर की कोर्ट में शुक्रवार को हेमंत सरकार गिराने के कथित मामले में कैश लेने के आरोपित कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप की याचिका पर अपना फैसला सुना दिया है। इस केस के सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने 24 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट ने राजेश कच्छप की याचिका स्वीकार कर ली है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने विधायक अनूप सिंह द्वारा कैश कांड में कराई गई जीरो एफआईआर के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राजेश कच्छप ने हाई कोर्ट में क्रिमिनल रीट दाखिल कर इस पूरे मामले में जांच की मांग की थी। विधायक राजेश कच्छप की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 30 जुलाई को 46 लाख कैश के साथ कोलकाता में पकड़े गए कांग्रेस से निलंबित तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की ओर से रांची के अरगोड़ा थाने में अनूप सिंह की ओर से किए गए जीरो एफआईआर को कोलकाता ट्रांसफर किए जाने के खिलाफ दाखिल याचिका मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है।

# सिलेंडर फटने से लगी आग



**नवीन मेल संवाददाता**
गैस में आग लगने की घटना आये दिन देखने को मिल रही है। लोग इसका शिकार होते जा रहे हैं। हम सभी इसके प्रति काफी सतर्क होने की जरूरत है। जब भी रसोई में आप खाना बनाते हैं तो इसके प्रति काफी सतर्क होना चाहिए। उसे अच्छी तरह से बंद और चूल्हों की जांच करानी चाहिए। कुछ इसी तरह की मामला हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र स्थित माली टोला में शुक्रवार की सुबह गैस सिलेंडर फटने से घर में आग लग गई। आग में सभी सामान जलकर राख हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद दमकल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर आग को बुझा रही है। फिलहाल यह आकलन नहीं किया गया है कि इस आगलगी की वजह से कितने का नुकसान हुआ है। हिंदपीढ़ी थाने की पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आग को बुझाने का काम किया है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

## सेरसा रेलवे ने बीएयू को 134 रनों से हराया

**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में उषा मार्टिन मैदान में चल रही गौरव सिंह मेमोरियल सुपर डिविजन क्रिकेट लीग के तहत शुक्रवार को सेरसा रेलवे ने बीएयू को 134 रनों से हराया रेलवे की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में आठ विकेट पर 255 रनों का स्कोर खड़ा किया जिसमें हिमांशु कुमार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 113 रनों की पारी खेली विशाल कुमार ने 43 और राजा ने 35 रनों का योगदान किया ऋतिक को 41 रन के एवज में 5 विकेट प्राप्त हुए जवाब में बीएयू की टीम ने 26.2 ओवर में 21 रन बनाकर आउट हो गए।

# बगैर सुनवाई के नियम न बदलें




**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर ये जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में बिजली दरें निर्धारण, उत्पादन और संचरण के लिये टैरिफ कैसे तय किया जाएगा इस पर बहस हुई। आयोग के प्रावधानों पर चैंबर ऑफ कॉर्मस ने आपत्ति दर्ज की है। चैंबर ऑफ कॉर्मस की ओर से अजय भंडारी ने मामले में आपत्ति दर्ज की। उन्होंने कहा कि राज्य के अपने बिजली उत्पादन और संचरण से संबधित सभी प्रोजेक्ट्स, जिनकी लागत 175 करोड़ या उससे अधिक होती है, उनका निर्धारण बिडिंग के जरिये हो। उन्होंने कहा कि निर्धारण नियमावली के अनुसार प्रावधानों में आयोग कभी भी किसी भी प्रावधान में बदलाव कर सकता है। या किसी भी प्रावधान से कंपनियों को छूट दी जा सकती है। चैंबर की ओर से आपत्ति दर्ज करते हुए अजय ने कहा कि भारतीय विद्युत नियम 2013 के अनुसार नियामक आयोग को टैरिफ निर्धारण के किसी भी प्रावधान में छूट देने या बदलाव का अधिकार नहीं दिया गया है। ऐसे में नये नियम से इन प्रावधानों को हटा दिया जायें। साथ ही सलाह दी गयी कि किसी भी प्रावधान में कोई बदलाव किया जाये।

## स्वामी निश्चलानंद सरस्वती 16 मार्च को आयेंगे रांची

**रांची।** गोवर्धन मठ, परी पीठ के पूज्यपाद जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती 16 मार्च को रांची आयेंगे। इस दिन वे शाम 5:30 बजे से हरमू मैदान में धर्म सभा को संबोधित करेंगे। धर्म सभा में अलग अलग विषयों पर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती अपने विचार रखेंगे। राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के तहत शंकराचार्य राष्ट्र भर में साल में 250 दिनों तक भारत के अलग अलग हिस्सों में राष्ट्र, धर्म, विज्ञान, गणित को लेकर आम जनमानस को संबोधित करेंगे। यह जानकारी आदित्य वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद्र झा और आदित्य ह्यवाहिनी झारखंड के संयोजक शिशिर ठाकुर ने दी।

**योजना** 10 दिनों के पर्यावरण मेले ने हमें हौसला दिया

# पर्यावरण को बचाना तो होगा ही

**विशेष प्रतिनिधि। रांची**
22 फरवरी से 3 मार्च तक चलने वाला पर्यावरण मेला शुक्रवार को संपन्न हो गया। 10 दिनों तक चले इस मेले में हजारों लोग आए। पर्यावरण जैसे गंभीर विषय को समझने का लोगों ने प्रयास किया। कई स्टॉल भी मेला परिसर में लगाए गए थे। युगांतर भारती और नेचर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेले में हर दिन लोगों की भीड़ लगी ही रही। इन 10 दिनों में नाटक, गायन, लेक्चर होते रहे। इसके साथ ही लोगों ने खरीदारी और भोजन का भी आनंद लिया। आयोजन सचिव अंशुल शरण के अनुसार, यह मेला सफल रहा। विधायक सरयू राय इसके संरक्षक रहे और हम लोगों ने उनके नेतृत्व में काम किया। हम लोगों ने जैसी उम्मीद की थी, मेला उससे बेहर



रहा। बीते कल नाटक सैंया भय कोतवाल...को देखने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। कुर्सियां कम पड़ गईं। लोगों को नाटक खड़े-खड़े देखना पड़ा। हमें इसका खेद है। हमें उम्मीद नहीं थी कि भीड़ इस तादाद में आएगी।

अंशुल ने बताया कि युगांतर भारती 1996 से ही कार्यरत है। पहले इसका मुख्यालय पटना में था। 2000 में जब झारखंड बना तो हम लोगों ने झारखंड में ही इसके माध्यम से काम करना शुरू कर दिया। नामकुम में हमारा लैब भी है। हम लोग पर्यावरण के लिए काम करते हैं। जनसहयोग से हमारा काम चल रहा है। इतना बड़ा मेला इसलिए सफल हो गया, क्योंकि हम लोगों को समाज के हर वर्ग ने सहयोग दिया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि हम लोग कई साल से दामोदर नद को स्वच्छ करना चाहते थे। हम लोगों ने काफी मेहनत भी की। लोगों का भी सहयोग मिला। हम लोगों ने सबसे पहले दामोदर आरती (वंदना) शुरू की थी। गंगा आरती तो लोगों ने बाद में शुरू किया। जो औद्योगिक कचरा दामोदर में जाता था, उसमें से 95 फीसद हम लोगों ने रोक दिया। अब उनका निस्तारण कहीं और होता है। हम लोग बोकारो में दामोदर पर और काम कर रहे हैं। कोई 5 प्रतिशत का इलाका ऐसा है, जहां दामोदर का पानी थोड़ा-थोड़ा लाल रंग का आ रहा है। उसे भी हम लोग देखेंगे। वैसे सरकार से हम लोगों ने कह दिया है कि ये आपके स्तर का काम है। हमारे स्तर का हम लोगों ने कर लिया है। अगर एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) लग जाएगा तो जो भी मल्ल-मूत्र सीधे दामोदर में जाता है, वह नष्ट हो जाएगा। अंशुल ने बताया कि पर्यावरण को बचाना हम सभी का फर्ज है।

### ये हुए शामिल

राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा, झारखंड के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, हास्य कवि पदम अलबेला, रीसाइकिलिंग एसोसिएशन के राजेंद्र शर्मा, विटी रिसर्च फाउंडेशन के चेयरमैन कुंदन के लाल, नाटककार संजय लाल, लोकगायिका सुलेखा रमैया, पंडवानी की अंतरराष्ट्रीय हस्ती पदमश्री तीजनबाई

## 26 से शुरू होगी देवघर से रांची और पटना के लिए हवाई सेवा

**रांची।** देवघर-रांची और देवघर-पटना के लिए इंडिगो एयरलाइंस ने अपनी विमान सेवा शुरू करने की तिथि और समय सारिणी घोषित कर दी है। पटना देवघर की विमान सेवा 26 मार्च से और रांची से देवघर के बीच विमान सेवा 27 मार्च से शुरू होगी। रांची-देवघर सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार और देवघर - पटना सेवा चार दिनों की होगी यह सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को होगी। एक जून से रांची-देवघर के बीच एक और सेवा शुरू होगी, जो रांची से देवघर के बीच रविवार को छोड़कर अन्य तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को उड़ान भरेगी। इन सेक्टरों पर एटीआर श्रेणी की विमान सेवा उपलब्ध करायी जाएगी। रिजनल कनेक्टिविटी के तहत यह उड़ान सेवाएं शुरू की जाएंगी। रांची एयरपोर्ट के निदेशक केएल अग्रवाल ने बताया कि मार्च के अंत में इंडिगो की देवघर से रांची और पटना सेवा शुरू हो रही है।

# डे चाइल्ड केयर कक्ष बनाने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने अपने कार्यालय कक्ष में समाहरणालय भवन ब्लॉक ए. एवं ब्लॉक बी. के रख-रखाव हेतु अधिकारियों से अहम बैठक की। जिसमें जिला नजारत उप समाहर्ता रांची, केवल कुमार अग्रवाल, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण प्रमंडल संख्या-1, अखिलेश प्रसाद एवं कार्यपालक अभियंता विधुत कार्य प्रमंडल रातू, सुज्ञा मिंज एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा समाहरणालय भवन ब्लॉक ए. एवं ब्लॉक बी. के रख-रखाव हेतु अहम बैठक करते हुए कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण प्रमंडल संख्या-1, अखिलेश प्रसाद से पूरे भवन की जाँच कर कार्य की सूची बना कर इसमें आने वालें खर्च का बजट तैयार कर प्रस्ताव विभाग को भेजने का निर्देश दिया। उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा समाहरणालय भवन ब्लॉक ए. और बी. की साफ-सफाई रंगरोगन, प्रसाधन (पुरुष/महिला) की साफ-सफाई एवं प्रसाधन को आधुनिक तरीके से व्यवस्थित कर इसके रंगरोगन कराने के निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने कार्यपालक अभियंता विधुत कार्य प्रमंडल रातू, श्री सुज्ञा मिंज को आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए को खराब पड़ी लिफ्ट को ठीक कराने एवं डे टू डे मेंटेनेंस कराने को कहा। तथा इन दोनों भवन में सभी अधिकारियों के कक्ष एवं पार्किंग एरिया एवं दोंनो भवन में जहां बिजली के तार बाहर एवं अव्यवस्थित हैं। उसे ठीक करने एवं बिजली के तार अंडरग्राउंड कराने एवं दोनों भवन के कॉरिडोर में जहाँ लाईट नही लगा हैं एवं बाहर परिसर में लाइट लगाने का निर्देश दिया। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण प्रमंडल संख्या-1, को पूरे समाहरणालय परिसर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के लिए गॉर्डन बनाने का निर्देश तथा जहां पेवर्स टूट गए हो या जहां इसे लगाने की आवश्यकता हैं।

NEWS इन ब्रीफ

## श्री हनुमान मंडल का होली मिलन पांच को

**रांची।** संस्था श्री हनुमान मंडल की आमसभा और होली मिलन समारोह पांच मार्च को होगी। यह कार्यक्रम सेवा सदन पथ अपर बाजार स्थित लक्ष्मी, नारायण मंदिर सभागार में होगा। आमसभा में मुख्य रूप से दो अप्रैल को मारवाड़ी भवन हरमू रोड में होने वाले महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## सुरेश अलबेला छह को रांची में

**रांची।** कवि सम्मेलन आयोजन समिति के छह मार्च को मारवाड़ी भवन में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन में देश के कई सुप्रसिद्ध हास्य कवि भाग ले रहे हैं। इसी क्रम में समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि सुरेश अलबेला एक जाना पहचाना नाम है।

# टाटीसिलवेः अपराधियों ने सरेशाम युवक की गोली मार कर की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में एक युवक को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी. मृतक की पहचान अनिल यादव उर्फ कल्लू के रूप में हुई है वह टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के ही आरा गेट का रहने वाला था.



**कैसे हुई वारदात :** मिली जानकारी के अनुसार अनिल यादव उर्फ कल्लू टाटीसिलवे थाना क्षेत्र स्थित सरला बिरला स्कूल के पास एक दुकान में बैठकर चौमिन खा रहा था इसी बीच बाइक सवार दो अपराधी मौके पर पहुंचे और कल्लू को निशाना साध कर फायरिंग शुरू कर दी.गोली लगते ही कल्लू जमीन पर गिर पड़ा. वही फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास भगदड़ की स्थिति मच गई जिसका फायदा उठाकर अपराधी मौके से फरार हो गए.

**अस्पताल में हुई मौत :** स्थानीय लोगों के द्वारा ही आनन-फानन में कल्लू यादव को रांची के मेडिका अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे वहां मृत घोषित कर दिया डॉक्टरों के अनुसार कल्लू यादव की रास्ते में ही मौत हो गई थी. मिली जानकारी के अनुसार अपराधियों के द्वारा की गई फायरिंग में एक गोली कल्लू यादव के बाएं आंख में घुसकर सिर से बाहर निकल गई. इसी वजह से कल्लू यादव की मौत हो गई.

**जमीन कारोबार के साथ भाजपा से भी जुड़ा था कल्लू :** स्थानीय लोगों ने बताया कि कल्लू यादव जमीन के कारोबार भी किया करता था, वह भाजपा में भी एक **पार्टी कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय था.**

**जांच जारी :** गोलीबारी की वारदात की जानकारी टाटीसिल्वे पुलिस को काफी देर बाद मिली ,जब तक पुलिस घटनास्थल पर पहुंचती, उससे पहले ही स्थानीय लोग कल्लू यादव को लेकर अस्पताल जा चुके थे. बाद में थाना प्रभारी महेंद्र करमाली अस्पताल पहुंचे. मामले को लेकर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने बताया कि अभी इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है कि आखिर कल्लू यादव को किन लोगों ने गोली मारी है. मामले को लेकर इलाके में छापेमारी की जा रही है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है.

## सरकार ने बजट में हर वर्ग का रखा ख्याल : सुबोधकांत सहाय

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा शुक्रवार को सदन में वर्ष 2023-24 के लिए पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि बजट में हर तबके का विशेष ख्याल रखा गया है। बजट पूरी तरह संतुलित है। झारखंड की जनता की उम्मीदों के अनुरूप यह बजट हर तबके के लोगों को राहत पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में प्रावधान की गई राशि से झारखंड की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार संभव होगा। बजट के प्रावधानों से झारखंड के सभी वर्ग के लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। खासकर जो नीचे तबके के लोग हैं, उनकी क्रय शक्ति बढ़ाने का प्रस्ताव बजट में किया जाना स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि यह बजट दलितों, गरीबों और आम वर्ग को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। बजट के अनुसार स्वास्थ्य सेवा, राजस्व व्यय, पूंजीगत व्यय, सामान्य वर्ग एवं सामाजिक क्षेत्र में संतोषप्रद राशि बढ़ाई गई है। स्वास्थ्य विभाग में बढ़ाई गई राशि से समाज के दबे कुचले वर्ग को लाभ होगा। बजट में बेरोजगार युवकों, किसानों और मध्यम वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया है। श्री सहाय ने कहा बजट से कि झारखंड के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह बजट झारखंड में उद्यमिता विकास की दिशा में भी काफी सहायक होगा। इस बजट में देश के अन्य क्षेत्रों से पूंजी निवेश पर भी बल दिया गया है।

## मुखिया संघ ने पंचायती राज्य की संयुक्त सचिव से सौंपा मांग पत्र

बेड़ो। मुखिया संघ रांची जिला सचिव नीरज कुजूर की अगुवाई में शुक्रवार को पंचायती राज्य विभाग की संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजूर से सदस्यों ने मुलाकात की। वहीं अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर संयुक्त सचिव को एक मांग पत्र सौंपा। इस दौरान संयुक्त सचिव ने मुखिया संघ को कई जानकारी दी। वहीं आश्वासन दिया कि मुखिया संघ को यदि कहीं कोई दिक्कत होती है तो सीधे वातार्लाप कर सकता है।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा आयोजित**

**मोटरयान दुर्घटना मुआवजा से संबंधित विशेष लोक अदालत**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देश पर झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा दिनांक 18 मार्च, 2023 (शनिवार) एवं 20 मार्च 2023 से 23 मार्च 2023 तक पूर्वाह्न 10:30 बजे से कार्य की समाप्ति तक व्यवहार नयायालय, रांची के परिसर में मोटरयान दुर्घटना मुआवजा से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने मामलों को उक्त मोटरयान दुर्घटना मुआवजा से संबंधित विशेष लोक अदालत में सूचीबद्ध कराकर सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें और इस आयोजन को सफल बनावें।

नोट :– इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस के दिन 10.30 बजे पूर्वाह्न से कार्यावधि तक राँची, व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में उपस्थित होकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची अथवा उनके दूरभाष सं0–0651–2223351 अथवा मोबाईल नम्बर – 9852361365, 9334941801 से सम्पर्क कर सकते हैं।

अरुण कुमार राय
न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।

राहुल कुमार सिन्हा
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।

किशोर कौशल
वरीय पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची।

PR.NO.291795
Law(22-23):D

# दो दिवसीय फिल्म महोत्सव आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गोस्सनर महाविद्यालय में दो दिवसीय सिने फेस्ट का आयोजन हो रहा है। इस फिल्म फेस्टिवल में झारखंड के अलावा बंगाल और ओडिशा के विद्यार्थी भी भाग ले रहे हैं। रांची के कई प्रतिष्ठित महाविद्यालय भी फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनेंगे। फिल्म फेस्टिवल में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी। फिल्मों की एंट्री गूगल फार्म के माध्यम से की जा रही है। अब तक 50 प्लस फिल्मों की एंट्री हो चुकी है। दो दिवसीय फिल्म महोत्सव में कई विभिन्न श्रेणियों की फिल्में दिखाई जाएगी। फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन तीन मार्च को जूरी के सामने फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी और पैनल चर्चा का आयोजन किया जाएगा। इस दिन डॉ बीपी सिन्हा ने भी विशेष सत्र का आयोजन किया। विवेक आर्यन, गेस्ट फैक्लटी डीएसपीएमयू पैनल के मॉडरेटर के रूप में मौजूद रहेंगे। पैनल के रूप में साहित्य अकादमी के सदस्य महादेव टोप्पो,फिल्म मेकर दिलीप देव और दूरदर्शन के पूर्व प्रमुख पी.के.झा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के अंतिम दिन चार मार्च को मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के चेयरमैन, रेवर जोहान डांग और राज्यसभा सांसद महुआ मांझी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का आगाज सुबह 9:30 बजे से होगा और समापन शाम 4:30 बजे तक होगा। इस दिन भी कुछ फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी । जिसके बाद जूरी सभी फिल्मों का अवलोकन करेंगे। फिल्म फेस्टिवल में जूरी की भूमिका में डाक्यूमेंट्री फिल्म मेकर पुरूषोत्तम कुमार एनपीके सुदर्शन यादव और दीपक बारा हैं। कार्यक्रम के अंत में बेहतर प्रदर्शन करने वाली फिल्मों को पुरस्कृत किया जाएगा।



# इक्फाई विवि के कुलपति ने राज्यपाल से मुलाकात की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रोफेसर ओआरएस राव, आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, झारखंड के कुलपति ने शुक्रवार को राजभवन में झारखंड के माननीय राज्यपाल श्री सी पी राधाकृष्णन से मुलाकात की और उन्हें विश्वविद्यालय की गतिविधियों के बारे में बताया। राज्यपाल ने बीबीए (एनालिटिक्स), बीसीए (साइबर सुरक्षा) और इलेक्ट्रिकल वाहनों और खनन मशीनरी पर बीटेक फोकस जैसे रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों को पेश करने के लिए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पड़ोसी गांवों की मदद करने के लिए सामाजिक पहुंच के संबंध में विश्वविद्यालय की पहल की भी सराहना की।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़**
रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला-रामगढ़ , झारखण्ड- 829122

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 05 वर्ष 2022–23 दिनांक 03.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 2. | परिमाण विपत्र विक्री की तिथि | दिनांक 11.03.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 13.03.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 13.03.2023 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5. | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ अंचल, हजारीबाग। 2. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |

7. कार्य की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | रामगढ़ | Construction of RCC Drain in Saunda 'D' to Urimari Road under Vivekadhin Head for the year 2022-23 | 5.85000 | 12,000/- | 1,250/- | 25.03.2023 तक। |

➤ निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।
1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण–पत्र, GSTiN से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
3. PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल रामगढ़

PR 291838 Road (22-23)_D

## संसद का घेराव कार्यक्रम में सिल्ली के डीलर भी लेंगे हिस्सा

**सिल्ली ।** सिल्ली प्रखंड परिसर में जन वितरण विक्रेताओं की बैठक शुक्रवार को पुराने प्रखंड भवन सिल्ली में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता अरविंद कुशवाहा के द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित जन वितरण विक्रेताओं को ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन के आवाहन पर विक्रेताओं को 8सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी को घेराव करने हेतु दिल्ली स्थित संसद भवन का घेराव करने का निर्णय लिया गया है । इसे सफल बनाने हेतु सिल्ली प्रखंड के सभी विक्रेताओं से अपील किया गया इस मौके पर जितेंद्र यादव, सत्येंद्र नारायण भगत, हरिपद महतो, रामसुंदर साहू, राजू कुम्हार ,नीलकमल गुप्ता, उमेश साहू, गौर प्रमाणिक दुर्गा प्रसाद, गणेशयम रविदास, श्री प्रसाद कुम्हार, विष्णु चरण उरांव ,गुना धर महतो, फुलेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मण्डल, रांची में तीन दिवसीय फाल्गुण सतरंगी मोहत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में रात्रि 9 बजे से मुख्य कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ और इस अवसर पर पूरे मन्दिर को विद्युत की रंगीन लड़ियों तथा रंग बिरंगे फोलों से सजाया गया था। फाल्गुण शुक्ल की इस एकादशी के खास अवसर पर श्री श्याम का अनुपम एवम विराट श्रृंगार किया गया और साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवम शिव परिवार का विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे मण्डल के अध्यक्ष ने सभी पधारे हुए भक्तों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस अवसर पर 19 वें बसन्तउत्सव भजन पुस्तिका का विमोचन अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर पाटोदिया द्वारा किया गया । श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम प्रभु का प्रिय खीर चूरमा व छप्पन भोग निवेदित किया गया। सर्व प्रथम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ किया गया। चल श्याम धणी के द्वार रंगीला फागुण आया है,वहा श्याम है लखदातार रंगीला फागुन आया है, चल श्याम धनी के द्वार, तू मौज करेगा ,जो मिलते मुश्किल से तू रोज करेगा, चल श्याम धनी के द्वार तू मौज करेगा। जब जब मुझको श्याम तेरी दरकार पड़ीतू नीले चढ़ कर आया लेकर मोर छड़ी, होली आई, होली आई, होली आई ,श्याम तेरे भक्तों में, मस्ती छाई ,होली आई, होली आई, मांगा है मैंने श्याम से, वरदान एक ही,तेरी कृपा बनी रहे, जब तक है जिन्दगी इत्यादि भावपूर्ण एवम मधुर भजन गाकर श्री श्याम प्रभु को भक्तगण सम्पूर्ण रात्रि रिझा रहे थे साथ श्री श्याम प्रभु के साथ केसरिया होली खेल भक्तगण भावीभोर हो रहे थे ।इस अवसर पर सम्पूर्ण रात्रि आगन्तु के बीच प्रसाद वितरण किया जा रहा था तथा मन्दिर परिसर में शुद्ध जल एवम चरण पादुका रखने की पूरी वव्यस्था थी। प्रातः 4 बजे प्रसाद वितरण एवम महाआरती के पश्चात आज के कार्यक्रम का समापन किया गया । आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज बंका, अमित जालान, नितेश केजरीवाल, विकाश पाड़िया, गौरव परसरामपुरिया, महेश शर्मा, अरुण धनुका , प्रदीप अग्रवाल, अजय साबू , नितेश लाखोटिया, विवेक ढांढनीयां का सहयोग रहा ।



समीक्षा

## टीवी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत

# गरीब मरीजों की आर्थिक मदद होगी

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत सीएचसी सिल्ली में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के चार टीवी मरीजों को गोद लिया गया एवं दवाइयां कीट दी गई । मरीजों को गोद लेने में दिलचस्पी दिखाते हुए सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप ने भी एक मरीज को गोद लिया। चिकित्सा प्रभारी जितेंद्र महली, दीपक कुमार,संजीव कुमार महतो, ने भी एक-एक मरीजों को गोद ली। सभी मरीजों को पोषाहार सामग्री एवं दवाई की किट दी गई। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी जितेंद्र महली ने कहा की देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बीमारी के लक्षण बताए जा रहे है। ताकि लक्षण दिखते ही मरीज की जांच कराने के साथ इलाज शुरू कर सकें। गोद लेने के पीछे उद्देश्य है कि संबंधित व्यक्ति उस मरीज से समय-समय पर मिलेगा। उसे नियमित दवा खाने के लिए प्रेरित करेगा। गोद लेने वाला व्यक्ति ऐसे मरीजों की आर्थिक मदद भी कर सकता है। छह माह की दवा में जब मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ्य हो जाएगा तो स्वास्थ्य महकमा गोद लेने वाले व्यक्ति को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी करेगा इस मौके पर छोटेलाल पटेल, संजय महतो, सुरेंद्र महतो, समेत अस्पताल कर्मी एवं एएनएम उपस्थित थे।




## भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्युशन में महिला दिवस मना

**मांडर।** भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्युशन कन्दरी, में बीएड, डीएलएड, बीएससी नर्सिंग, जीएनएम नर्सिंग एवं डी. फार्मा के छात्र/छात्राओं द्वारा अतंरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज की शैक्षणिक सचिव, श्रीमती दीपाली पराशर उपस्थित थी। शैक्षणिक सचिव, श्रीमती दिपाली पराशर ने कहा कि भारत सभ्यता और संस्कृति के लिए जाना जाता है इसे बचाने में महिलाओं की अभुतपूर्व भूमिका रही है। यदि समाज की प्रगति बारे में जानना हो तो समाज में महिलाओं की स्थिति के बारे में जानने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने महिलाओं से अपील की कि लोगो के फैसले की छाया में न रहे बल्कि खुद के ज्ञान के प्रकाश में अपनी पसंद एवं नापसंद तय करें। प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए कई नाटक, राकेश राय, मनोज कुमार सहित समस्त व्याख्यातागण एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

**कार्यालय जिला परिषद, खूँटी**

कार्यालय आदेश सं०– 07 / 2022–23 दिनांक– 02.03.2023

**अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–20.12.2022 को जिला परिषद, खूँटी की बैठक में लिए गए निर्णय एवं विभागीय आदेश संख्या–2713 दिनांक–30.12.2022 के आलोक में निम्नांकित स्थावर संपत्ति यथा विभिन्न प्रखण्डों अन्तर्गत निर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स के खाली दुकानों को किराये पर आवंटित किया जाना है। उक्त आवंटन निलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले को किया जाएगा।

विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र० | मार्केट कॉम्पलेक्स / डाक बंगला का नाम | प्रखण्ड का नाम | डाक बंगला / मार्केट कॉम्पलेक्स की विवरणी / दुकान का क्षेत्रफल | न्यूनतम निर्धारित किराया प्रतिमाह प्रतिवर्ग फीट | खाली दुकान संख्या की विवरणी | अग्रधन की राशि | आवेदन पत्र की राशि (वापसी योग्य नही) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | कर्रा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम कोशाम्बी में रेलवे फाटक के पास नवनिर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स में शेष 48 दुकानों को किराये पर आवंटित करने संबंधित | कर्रा | दुकान हेतु उपयुक्त एवं कुल क्षेत्रफल 110 sq.ft | भू–तल 06 रू० प्रतिवर्ग फीट | दुकान संख्या 08 से 15 तथा दुकान संख्या 20 से 30 | (25,000. 00) पचीस हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |
| | | | | प्रथम तल 05 रू० प्रतिवर्ग फीट | दुकान संख्या 31 से 60 | | | |
| 2 | शहीद जवरा मुण्डा मार्केट कॉम्पलेक्स के शेष खाली दुकान को किराये पर आवंटित करने संबंधित (चतुर्थ) आमंत्रण | मुरहू | दुकान हेतु उपयुक्त एवं कुल क्षेत्रफल 110 sq.ft | भू–तल 08 रू० प्रतिवर्ग फीट | दुकान संख्या 03 | (50,000. 00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |
| | | | | प्रथम तल 07 रू० प्रतिवर्ग फीट | दुकान संख्या 11, 12 एवं 14 | | | |
| 3 | मक्की मुण्डा मार्केट कॉम्पलेक्स के शेष खाली दुकान को किराये पर आवंटित करने संबंधित (चतुर्थ) आमंत्रण | मुरहू | | भू–तल 08 रू० प्रतिवर्ग फीट | दुकान संख्या 05, 06, 08, 09 एवं 12 | | | |
| | | | | प्रथम तल 07 रू० प्रतिवर्ग फीट | दुकान संख्या 22 से 31 तथा 35 से 40 एवं 41 | | | |
| 4 | डाक बंगला रनियां | रनियां | वैवाहिक / सामुहिक आयोजन अथवा आवासन अन्य व्यवसाय हेतु कुल क्षेत्रफल 4000 sq.ft (Approx) | 5,000.00 पाँच हजार रू० | – | (25,000. 00) पचीस हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |

उपरोक्त प्रखण्डों में निर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स के खाली दुकान एवं डाक बंगला रनियां को किराये पर आवंटित करने हेतु अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति में खुली बोली के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है। दिनांक–21.03.2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म / संस्थान / गैर सरकारी संस्था / स्वयं सहायता समूह / व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबंद लिफाफे में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनों का निष्पादन दिनांक–21.03.2023 को अपराह्न 3.00 बजे गठित चयन समिति के समक्ष की जायेगी। इच्छा की अभिव्यक्ति समर्पित करने वाले इच्छुक फर्म / संस्थान / गैर सरकारी संस्था / स्वयं सहायता समूह / प्रोपराइटर / अध्यक्ष / सचिव / स्वयं अथवा अपने द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहेंगे। इच्छा की अभिव्यक्ति में भाग लेने संबंधित नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट http://www.khunti.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, खूँटी

PR 291801 District (22-23)_D

# बरही में किसानों को मिलेट खेती के लिए किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मिलेट की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईसीएआर गौरिया करमा ने कृषक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन पदमा के सोनपूरा ग्राम में किया गया था । संस्थान के वैज्ञानिकों ने मिलेट खेती को बताते हुए मडुवा, बाजरा, ज्वार आदि के उत्पादन की जानकारियां दिया। विशेष कार्य अधिकारी डा. विशाल नाथ ने किसानों को मडुआ के महत्व की जानकारी दी । जो मिलेट खेती का एक महत्वपूर्ण अन्नाज है । मिलेट मे पोषक तत्व एवं उच्च गुणवता वाले प्रोटिन प्रचुर मात्रा मे पाए जाते है। आज हमारे भोजन से मिलेट दूर हो जाने के कारण हमारे शरीर में पोषक तत्व की कमी आ रही है, तरह -तरह की बीमारी फैल रही है । वैज्ञानिक डा दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि मडुवा, बाजरा, ज्वार,साठी के खेती के लिए झारखंड की जलवायु एवं मिट्टी बहुत ही अनुकूल है । उन्होंने उन्नत किस्मों और उसके उत्पादन की आधुनिक



तकनीकों एवं बारीकियों की जानकारी दी । वैज्ञानिक डा पंकज कुमार सिन्हा ने किसानो को संस्था से जुड़कर आधुनिक तकनीक के बारे मे जानकारी प्राप्त करने की सलाह दी।

## घटवाल समाज का होली मिलन समारोह

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत अंतर्गत ग्राम चौथा में घटवाल समाज के लोगों का होली मिलन समारोह कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गायक अनिल सिंह व किशन सिंह ने फगुआ गीतों को गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि बाबूलाल सिंह ने कहा, होली आपसी दुश्मनी को भुलाने का पर्व है ।यह विभिन्न रंगों से व्यक्ति के जीवन को रंगीन बनाने में मदद करता है।

## किसानों की आर्थिक स्थिति समृद्ध करने वाला बजट : अमित साहू



**रामगढ़ ।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट राज्य के किसानों के आर्थिक स्थिति को समृद्ध करने वाला बजट है। श्री साहू ने कहा कि राज्य के किसानों का कृषि ऋण माफ करने पर और फसल सुरक्षा बीमा योजना समेत किसानों के हितों में और भी कई योजना जो इस बजट में लाई गई है वह आने वाले समय में राज्य के किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। अमित साहू ने कहा की राज्य सरकार द्वारा किसानों को मोटे अनाजों के उत्पादन हेतु लगातार सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादन की दिशा में बढ़ावा देने हेतु गिरिडीह और जमशेदपुर में डेयरी प्लांट लगाने की योजना भी बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर राज्य सरकार यह बजट झारखंड के किसानों के लिए बहुत ही शुभ संकेत है।

# हेसला बॉयोजेनेटिक फैक्ट्री में लगी आग



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसला गांव में बायोजेनेटिक प्लांट में शुक्रवार को आग लग गई। वह आग प्लांट में रखे गए मेडिकल वेस्टेज में लगी। पूरे इलाके में जहरीला धुआं फैलने लगा। घटना की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची। घंटों प्रयास के बाद फायर ब्रिगेड की टीम उस आग पर काबू पाने में सफल हुई। बॉयोजेनेटिक मेडिकल वेस्टेज प्लांट में पिछले दो वर्षों से मेडिकल वेस्टेज रखे गए थे। वहां के कर्मचारियों से बात की गई, तो प्लांट प्रबंधन की घोर लापरवाही भी सामने आई। प्लांट में काम करने वाले मजदूरों ने बताया कि कोरोना काल से ही मेडिकल वेस्टेज बाउंड्री के अंदर फेंक कर रखे गए थे। आज प्लांट के बाहर आग लगी हुई थी, जिसकी चिंगारी से प्लांट के अंदर भी आग लग गई। मेडिकल वेस्टेज को समय पर संधारित नहीं करने की वजह से आज यह दुर्घटना हुई है। प्लांट में बरती जाने वाली घोर लापरवाही को लेकर जब मीडिया वालों ने प्लांट मालिक धनबाद निवासी डॉक्टर एस के सिंह से सवाल किए तो उन्होंने कहा कि वे कानून को ठेंगे पर रखते हैं। मीडिया को जो छापना है छापे। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं उस प्लांट में काम करूं या ना करूं इससे किसी को कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए। इसका जवाब मैं नहीं दूंगा। इस मामले में जब प्लांट के अकाउंटेंट अशोक सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सबसे पहले कोविड-19 से संबंधित मेडिकल वेस्ट को डिस्पोजल करना था। उसी वक्त से काफी सारे मेडिकल वेस्टेज वहां जमा हो गए। यही वजह था कि वहां वेस्टेज का अंबार लग गया। उन्होंने यह भी माना कि बाउंड्री वॉल के अंदर में खुले में ही मेडिकल वेस्टेज को रखा गया था। शायद यही वजह थी जब बाहर से उड़ी चिंगारी वहां पड़ी तो भीषण आग लग गई। मेडिकल वेस्टेज में लगी आग से निकलने वाला धुंआ हवा में घंटों जहर घोलता रहा। फायर ब्रिगेड टीम के प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि मेडिकल वेस्टेज प्लांट में फायर सेफ्टी प्लान नाम की कोई चीज नहीं है। प्लांट से आग की लपटें उठ रही थी।

# बरकट्ठाः योजना का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला में मुखिया अब्बास अंसारी ने 4 लाख 99 हजार की लागत से बनने वाला नाली निर्माण का आधारशिला रखी। शिलान्यास के अवसर पर मुखिया ने कहा कि यह योजना का निर्माण 15 वीं वित मद से कराया जा रहा है। कहा कि घरों का पानी रोड़ पर बहने से आवागमन में लोगों को काफी परेशानी होती थी। अब नाली निर्माण से लोगों को आवागमन



में सहुलियत होगी। कहा कि पंचायत की विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। मौके पर वार्ड सदस्य जहीर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, वकील अंसारी, जीवन यादव, राजेंद्र प्रजापति, मुकेश यादव, जागेश्वर प्रजापति,ताज मोहम्मद, जाकिर हुसैन, महबूब आलम, राजेंद्र यादव, जहूर अंसारी, विकास यादव, महेंद्र प्रजापति समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## कोयला चुनने के दौरान एक की मौत

**हजारीबाग।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइन्स के सोनबरसा गांव के पास त्रिवेणी डंप ओबी में कोयला चुनने के दौरान दबने से सोनबरसा निवासी बिरेंद्र राम (40) की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंपनी के अधिकारियों ने मामला को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित परिवार को 6 लाख रुपये व एक नौकरी देने का आश्वासन दिया है। इसके बाद शव को डाडीकला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह ने पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया।

# बंकर के भीतर बन रही थी शराब, तीन गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**
सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर जरीडीह थाना क्षेत्र के बलरामपुर गांव में छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 300 पेटी नकली विदेशी शराब तथा दो हजार लीटर स्प्रिट बरामद किया गया। इस मामले में फरार अभियुक्त विनोद साहू के ऊपर भी प्राथमिक दर्ज कर ली गई है। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर संजीत देव के मुताबिक होली पर जिलों से लेकर बिहार तक अवैध शराब की खपत की सूचना के बाद इसकी पुष्टि कराई गई। इसके बाद छापेमारी दल का गठन कर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि यह गैरकानूनी शराब एक चारदीवारी में जमीन के अंदर बंकर बनाकर बड़ी मात्रा में बनाई जा रही थी। साथ ही राज्य के विभिन्न जिलों तथा बिहार में खपाई जा रही थी।

## एनडीए के घटक दलों और आजसू चूल्हा प्रमुखों का जीत में अहम योगदान : दिलीप दांगी



**रामगढ़।** 2 मार्च को रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव के लिए मतगणना सम्पन्न हुई। जिसमें एनडीए की प्रत्याशी सुनीता चौधरी विजय हुईं। उन्होंने महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो को 21970 मतों से पराजित किया। उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा की इस जीत में एनडीए के घटक दलों भारतीय जनता पार्टी, आजसू और लोजपा का अहम योगदान है। साथ ही इस जीत में आजसू के चूल्हा प्रमुखों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दांगी ने कहा की इस उपचुनाव में विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने आजसू पार्टी पर जो भरोसा किया है आजसू उसपर खरा उतरने का कार्य करेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा की आजसू पहले भी लोगों के हर सुख दुख में साथ रहती थी और आनेवाले समय में भी साथ रहेगी।

## राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** विश्व यक्ष्मा दिवस के उपलक्ष्य में 24 फरवरी 2023 से 24 मार्च 2023 तक राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसका थीम यस वी कैन इंड टीवी निर्धारित है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर पिरामल स्वास्थ्य द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सामुदायिक बैठक कर लोगों को जागरुक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में पतरातू प्रखंड के घुटवा और कुरसे क्षेत्र में सामुदायिक बैठक कर लोगों को टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सभी को टीबी के इलाज, रोग होने पर निःशुल्क दवा वितरण एवं इलाज के दौरान हर माह 500 दिए जाने की जानकारी दी गई।

# झोपड़ी में रहने को विवश है संतोष का परिवार



## पीएम आवास की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बड़ासिंगा स्थित जलहैया टोला निवासी संतोष गोस्वामी का आशियाना नहीं रहने से पुरा परिवार झोपड़ी में रहने को मजबूर है। विदित हो की सरकार ने इसी उम्मीद के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना शुरूआत की थी ।जिसमें 2022 तक प्रत्येक गरीब व पात्रता रखने वाले व्यक्ति को रहने के लिए पक्का मकान दिया जाना निर्धारित किया गया था।वहीं आहर्ता धारी भी यही उम्मीद लगाए बैठें हैं कि उन्हें रहने के लिए पक्की छत वाली मकान मिलेगी। लेकिन सच तो यह है कि आज भी गरीब व पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं तथा प्रभावशाली लोगों की बल्लें-बल्ले हो रहीं हैं। संतोष की पत्नी गायत्री देवी ने स्थानीय प्रशासन से जल्द से जल्द पीएम आवास की मांग की हैं ।उन्होंने बताया की मेरे पति दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं ताकि परिवार का भरण पोषण हो सके। वहीं गायत्री देवी दिहाड़ी मजदूर है जो अपने दो छोटे छोटे बच्चे के साथ झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। मुखिया ललिता देवी ने बताया कि सूची में नाम दर्ज नहीं है ।जल्द ही ग्राम सभा कर उनका नाम जोड़ दिया जाएगा।

## फंसे झारखंड के 36 मजदूरों में से 18 मजदूर लौटे घर

**गिरिडीह।** ताजिकिस्तान में फंसे झारखंड के 36 मजदूरों में से 18 मजदूरों की सकुशल वतन वापसी शुक्रवार को हो गई। ये मजदूर बस और कुछ ट्रेन से अपने-अपने घर पहुंचे। मजदूरों ने वतन वापसी पर केंद्र और राज्य सरकार के साथ-साथ प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकन्दर अली का आभार प्रकट किया। ज्ञात हो कि झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद जिले के 36 मजदूर बिष्णुगढ प्रखंड के खरना निवासी पंचम महतो के माध्यम से टीजीएम कंपनी में काम करने ताजिकिस्तान गये थे। वहां सभी मजदूर बुरी तरह से फंस गये थे। ना ही उन्हें ठीक से खाना दिया जा रहा था और न ही मानदेय ही मिल रहा था। इसी बीच मजदूरों ने बीते 13 फरवरी को सिकन्दर अली से सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो शेयर कर अपनी पीड़ा बतायी और वतन वापसी में सहयोग की अपील की। जिसे केंद्र एवं राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया। बकाये मजदूरी का भी भुगतान कराया। फिर 18 मजदूरों की वतन वापसी करायी।

# मोबाइल टावर उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बिहार के पटना की आर्थिक अपराध शाखा की पुलिस शुक्रवार को गिरिडीह पहुंची और मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गपैय निवासी सीताराम मंडल को गिरफ्तार कर पटना ले गई। पटना के आर्थिक अपराध शाखा की टीम से आए पुलिस पदाधिकारी विनय कृष्ण ने अपने टीम के साथ मुफ्फसिल पुलिस के सहयोग से गपैय स्थित सीताराम मंडल के घर छापेमारी किया। करीब 50 साल के इस अपराधी को आर्थिक अपराध पुलिस की टीम के पदाधिकारियों ने गिरिडीह कोर्ट में पेश करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर लिया। और पूछताछ के लिए पटना ले गई। जानकारी के अनुसार अपराधी सीताराम मंडल ने पिछले जनवरी माह में मोबाइल फोन पर बिहार के मोबाइल टावर को उड़ाने की धमकी दिया था। पुलिस सूत्रों की मानें तो जनवरी माह में सीताराम मंडल ने पटना के ही किसी पुलिस पदाधिकारी को फोन कर बिहार के मोबाइल टावर उड़ाने की धमकी दिया था। धमकी मिलने के बाद आर्थिक अपराध शाखा की पुलिस टीम जांच में जुटी, और जिस नंबर से कॉल आया. उस नंबर का जांच किया। जांच के क्रम में नंबर गिरिडीह के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गपैय निवासी सीताराम मंडल निकला। और इसके बाद आर्थिक अपराध शाखा की पुलिस अपराधी को गिरफ्तार करने गिरिडीह पहुंची। और शुक्रवार को पटना ले गई।

## गिरिडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा का शक्ति प्रदर्शन आज

**गिरिडीह।** जेएमएम के 50वें स्थापना दिवस के स्वर्ण जयंती दिवस के रूप में खास बनाने को लेकर जेएमएम की जिला ईकाई ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इससे पहले खतियान जोहार यात्रा में शामिल होने गिरिडीह आए सीएम हेमंत सोरेन के कार्यक्रम के बहाने जेएमएम के जिला समिति ने शक्ति प्रदर्शन में कोई कसर नहीं छोड़ा था और इसमें जेएमएम सफल भी रही थी। तो दूसरी बार एक बार फिर सीएम हेमंत सोरेन शनिवार को गिरिडीह आ रहे है। और सिर्फ सीएम ही नही, पार्टी के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होने सूबे के दो मंत्री जगरनाथ महतो और हफीजुल हसन भी आ रहे है। लिहाजा, एक बार फिर गिरिडीह जेएमएम शक्ति प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। शनिवार को डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के साथ सदर विधायक सोनू और जेएमएम जिला अध्यक्ष संजय सिंह समेत कई नेताओं ने झंडा मैदान का अंतिम दौरा कर पूरी तैयारी का जायजा लिया।

## हार्ड कोक फैक्ट्री में ईडी की छापेमारी



**बरही ।** प्रखंड के जीटी रोड पंचमाधव राजविद्यकेंद्र स्थित हार्डकोक फैक्ट्री में देर संध्या तक प्रवर्तन निदेशालय का छापामारी जारी रहा। छापामारी के लिए निदेशालय के चार सदस्यीय टीम हार्डकोक फैक्ट्री में पहुंची थी। इस दौरान विभिन्न बिंदुओं पर गार्ड उमर महतो से पूछताछ की गई ।ईडी के अधिकारियों ने बताया कि मामला सब्सिडी पर मिलने वाले कोयले का दुरुपयोग से संबंधित था, जिसमे ईडी कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली है। अधिकारियो ने बताया कि छापेमारी एनए और एमए दो विभिन्न कंपनी के खिलाफ की गई है। फिलहाल फैक्ट्री से उत्पादन नही के बराबर देखने को मिल रहे है। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री का कोई भी संचालक या मालिक नहीं था। इस दौरान अधिकारियो ने गार्ड से ही बंद कमरे में घंटो पूछताछ किया। फैक्ट्री के मशीन काफी जर्जर स्थिति में दिख रहे थे । अधिकारियो ने किसी भी चीज की बरामदगी से इंकार किया है।

**अभियान** — फ्लोरोसिस बीमारी के रोकथाम को लेकर चलाया जा रहा है अभियान

# फ्लोरोसिस से बचाव के लिए जागरूकता की जरूरत



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मंत्रालय के द्वारा राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम के तहत लगातार रामगढ़ जिले में अभियान चलाया जा रहा है। फ्लोरोसिस नामक बीमारी से ससमय बचाव एवं नियंत्रण हेतु जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से बीमारी का रोकथाम किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि फ्लोरोसिस एक लाइलाज बीमारी है। शरीर में फ्लोराइड अथवा हाइड्रोफ्लोरिक अम्ल के अधिक प्रवेश होने से फ्लोरोसिस रोग होता है। फ्लोराइड मिट्टी अथवा पानी में पाया जाने वाला तत्व है जो आमतौर पर पीने के पानी अथवा भोजन के जरिए शरीर में प्रवेश करता है जिसके कारण दांत, हड्डी और अन्य शारीरिक अंग प्रभावित हो सकते हैं। बीमारी के बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पूरे रामगढ़ जिले में फ्लोरोसिस जांच की जा रही है जिसमें लगभग 19950 स्कूलों के बच्चों, लगभग 11,000 आम जनों, 5095 गर्भवती महिलाओं की एनएसी चेकअप के दौरान एवं डेंटल के ओपीडी में 5500 व्यक्तियों की जांच की गई है जांच के उपरांत लगभग 10,000 व्यक्तियों को संदिग्ध पाया गया है। बीमारी की जांच के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ में प्रयोगशाला स्थापित है एवं सामान्य जन अपने पीने की पानी की जांच व पेशाब का सैंपल की जांच निःशुल्क करवा सकते हैं यह जांच एनआईए हैदराबाद से प्रशिक्षित टेक्नीशियन के द्वारा जांच की जा रही है। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सा नोडल पदाधिकारी डॉ सविता वर्मा ने बताया कि इस बीमारी के रोकथाम हेतु जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं जिसके माध्यम से बीमारी की पहचान जल्द की जा सके एवं बीमारी को बढ़ने से रोका जाए। सहिया एवं एएनएम की मदद से गांव-गांव से सैंपल लिया जा रहा है एवं संदिग्ध पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में बीमारी को रोकने का कार्य किया जा रहा है। जिला कंसलटेंट एनपीसीसीफ डॉ पल्लवी ने बताया कि इस बीमारी को समय रहते पहचानना बहुत जरूरी है फ्लोरीन पदार्थ पीने के पानी एवं बाजार में मिलने वाली कई व्यंजनों में अधिक मात्रा में पाया जाता है जो कि शुरूआती समय में दांत और धीरे-धीरे कंकाल को नष्ट करना शुरू करता है लोगों से अपील खाने-पीने की सामग्रियों को अच्छे से जांच परख कर अपने आहार में हरी सब्जियां फल शामिल करने से एवं हर रोज दूध के किसी भी प्रकार जैसे दही पनीर लस्सी आदि का सेवन से इस बीमारी को काफी हद तक रोका जा सकता है।

# भारतीय ज्ञान परंपरा पर संगोष्ठी आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची एवं भारतीय भाषा समिति भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान 2 और 3 मार्च 2023 को भारतीय भाषाओं के अनुवाद अध्ययन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें संस्कृत के कई विद्वान में शामिल हुए। कार्यक्रम में रामगढ़ जिला के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर के सहायक संस्कृत शिक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यप भी शामिल हुए। इस संबंध में डॉ कश्यप ने कहा कि आज से 25 वर्ष पूर्व मैंने संस्कृत को जनभाषा बनाने को लेकर अभियान आरंभ किया था। इसके लिए मैंने कई कार्यक्रमों का आयोजन किया और लोगों को संस्कृत में छिपी ज्ञान के भंडार की जानकारी दी। जिसके बाद संस्कृत का काफी प्रसार हुआ। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में संस्कृत के प्रति लोगों का आकर्षण और भी बढ़ेगा। डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि भारतीय भाषा समिति भारत सरकार नई दिल्ली के सौजन्य से 2 और 3 मार्च को आयोजित भारतीय भाषाओं के अनुवाद अध्ययन और भारतीय ज्ञान परंपरा को काफी बल मिलेगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया

**कैरो।** कुडू-चट्टी मुख्य पथ पर कैरो थाना मोड़ के समीप शुक्रवार को कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव के अगुवाई में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहनों की गहन जांच की गई। वाहन से संबंधित कागजात, हेलमेट व डिक्की आदि की भी जांच की गई। इस दौरान हेलमेंट नही पहनने व वाहन से संबंधित कागजात लेकर नही चलने वाले लोगों को सख्त हिदायत दी गई। मौके पर थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार कैरो थाना पुलिस के द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान थाना के दलबल मौजूद थे।

### मां सिद्धिविनायक दुर्गा मंदिर की छत की ढलाई

**भंडरा।** थाना के समीप निमार्णाधीन मां सिद्धिविनायक दुर्गा मंदिर का छत ढलाई शुक्रवार को मंत्रोचारण व माता के जयकारा के साथ संपन्न हुआ। इसमें भंडरा सहित अन्य गांव के ग्रामीण भक्तों ने श्रमदान कर ढलाई कार्य में योगदान दिया। ढलाई से पहले विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी गौतम कुमार, ईश्वरी मोहन शर्मा, संतोष पंडा, प्रदीप गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अजीत अग्रवाल, राजेंद्र साहू, विकास सिंह, उतम गुप्ता, आनंद दुबे आदि उपस्थित थे।

### ईंट भट्ठा में काम करने वाले मजदूरों का श्रम विभाग में किया निबंधन

**जलडेगा।** श्रम विभाग के निर्देश के बाद जलडेगा प्रखंड के कोनमेरला गांगूटोली में शुक्रवार को अरुण नाग (मोहित) के ईट भट्टा में और ट्रैक्टर में काम करने वाले कुल 26 मजदूरों का निबंधन हेतु फॉर्म भरा गया। बता दें कि श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज ने जलडेगा प्रखंड में संचालित विभिन्न ईट भट्ठों और ट्रैक्टर मालिकों के पास काम करने वाले सभी मजदूरों का एक सप्ताह के अंदर निबंधन कराने का निर्देश दिया है। श्रम अधीक्षक ने कहा है कि यदि कोई ईट भट्टा संचालक या ट्रैक्टर मालिक विभाग की निर्देशो का अनुपालन नहीं करेंगे और जांच के क्रम में यदि बिना निबंधित मजदूर काम करते पाए गए तो संबंधित मालिक/संचालक के ऊपर निश्चित रूप से कारवाई की जायेगी।

### मॉडल डिग्री कॉलेज का वार्षिक स्थापना दिवस मनाया

**बानो।** बानो स्थित मॉडल डिग्री कॉलेज का वार्षिक स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर उत्तम रॉबर्ट गुड़िया व आईआरसीटीसी हॉस्पिटल सोय के प्रबंधक संजीव कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर उत्तम रॉबर्ट ने आज अत्यंत खुशी का दिन है कि बानो डिग्री कॉलेज का प्रथम स्थापना मना रहे है। मालूम हो हमारे कॉलेज का उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति महोदया के करकमलों से हुआ था। अब कॉलेज अपने गांव के नजदीक में है। मन लगा कर अध्ययन करें और बानो का नाम रोशन करें। मौके पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर कुमारी शिप्रा, डॉक्टर नीलम कुमारी, आदि लोग उपस्थित थे।

### विद्यालय में नामांकन के लिए परीक्षा का आयोजित

**कोलेबिरा।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत एस एस प्लस टू विद्यालय में एकलव्य मॉडल/आश्रम आवासीय विद्यालय एवं अनुसूचित जनजाति, अनु० जाति एवं पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6, 7 एवं 8 में नामांकन हेतु परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले के सभी प्रखंड अन्तर्गत संचालित एकलब्य मॉडल/आश्रम आवासीय विद्यालय एवं अनुसूचित जनजाति, अनु० जाति एवं पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6, 7 एवं 8 में नामांकन हेतु प्रखण्ड के एस० एस० +2 उच्च विद्यालयों में शुक्रवार को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया है। जिसमें परीक्षा के उपरांत प्राप्त उत्तर पुस्तिका को केन्द्राधीक्षक को ससमय उपलब्ध कराया गया।

---

**बजट पर प्रतिक्रिया**

# यह बजट अब तक का सबसे निराशाजनक बजट : लक्ष्मण बड़ाईक

## आधारभूत संरचना के विकास का कोई स्वरूप नही : विमला प्रधान

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर भाजपा के नेताओं ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की यह बजट अब तक का सबसे निराशाजनक बजट है इस बजट में गांव गरीब किसान नौजवान मजदूर किसी को कुछ नहीं मिला यह सरकार सिर्फ लोगों को बेवकूफ बनाकर झारखंड का दोहन करने में लगी हुई है, इस वजह से झारखंड वासी पूरी तरह निराश है।

वहीं बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की आधारभूत संरचना के विकास का कोई स्वरूप नहीं है इस वजह में राजकीय आधारभूत संरचना का विकास यथावत खड़ी है इसके विकास का संकल्प इस बजट में नहीं दिखाई देता है युवाओं के रोजगार सृजन के बारे में जिन वादों नारों को देखकर यूपीए गठबंधन की सरकार सत्ता में आई थी उसका कोई स्वरूप इस बजट में दिखाई नहीं पड़ता है। केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा राज के पिछड़े क्षेत्र के विकास के बारे में इस






बजट में कुछ भी नहीं है खासकर दक्षिणी छोटानागपुर एवं सिमडेगा जिला को बजट में कुछ नहीं मिला सिमडेगा जिला एक पिछड़ा और आदिवासी बहुल जिला है पर इस बजट से सिमडेगा जिला वासियों को काफी निराशा हुई है यह बजट झारखंड को पीछे ले जाने वाला बजट है। बजट में कई केंद्र की योजनाओं को भी नाम बदल कर लागू कर दिया गया है, इस बजट से व्यपारी किसान मजदूर सभी निराश हैं। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सो. मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने कहा कांग्रेस एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने चुनाव पर निश्चय पत्र और संकल्प पत्र में जिन बातों की घोषणा की थी उन घोषणाओं का भी इस बजट में कहीं समायोजन नहीं दिखाई दे रहा है योजना आकार तो जरूर बढ़ा दिया गया है मगर वित्तीय समावेश अलग-अलग विभाग में किस तरह से किया जाए वह पूरी तरह से अविश्वसनीय है हमें विश्वास था कि सरकार अपने घोषणापत्र के आधार पर प्रत्येक वर्ष महिलाओं को रू. 72000 देना सुनिश्चित करेगी बजट मे पांच लोगों को हर वर्ष रोजगार देगी रोजगार नहीं देने पर बेरोजगारी भत्ता देगी पर सब कुछ छोड़ दिया गया, बजट में बच्चों छात्रों युवाओं महिलाओं किसान मजदूर और बुजुर्गों के लिए कुछ भी नहीं किया गया है यह बिल्कुल ही बोगस बजट है।

## कोलेबिरा विधायक ने सदन में रखी ग्रामीणों की बात

शुक्रवार को झारखंड विधानसभा में नमन विक्सल कोंगाडी ने कइ विषयों के समस्याओं को कोलेबिरा एवं सिमडेगा के नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए सदन में रखने का काम किया है। विधायक ने उड़ीसा के लिट्टिबेडा से केरया लम्बोई डोमटोली राईसियां शाहपुर भाया सिठिओ रिंग रोड रांची झारखंड तक 6 लेन प्रस्तावित पथ को लेकर कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के प्रभावितों के द्वारा विरोध करने और विधायक से सदन में बात को रखने के आग्रह पर विधायक ने राज्य एवं केंद्र सरकार को प्रभावित जनताओं के भावनाओं एवं विरोध को सदन के माध्यम से जानकारी देने का काम शुन्यकाल प्रश्न के द्वारा देने का काम किया है। जिसमें नमन विक्सल कोनगाडी ने कहा है कि प्रस्तावित 6 लेन पथ के बनने से हजारों एकड़ जंगल और हजारों एकड़ आदिवासियों का कृषि भूमि नष्ट हो जाएगी। जिससे पर्यावरण एवं आदिवासी समुदाय तहस नहस होकर नष्ट हो जाऐंगे। इसका



दुरगामी प्रतिकूल प्रभाव फोरेस्ट इकोशिस्टम पर एवं इस क्षेत्र के पुरे आदिवासी मुलवासी समुदायों पर पड़ेगा और इस नए पथ निर्माण में सरकार पर अत्याधिक राजस्व का बोझ भी पड़ेगा। इस लिए पुराने पथ उड़ीसा सिमडेगा कोलेबिरा एनएच 143 पथ एवं एसएच पथ कोलेबिरा,कामडारा, कर्रा, रिंग रोड के पथ को ही विस्तारित कर 6 लेन पथ का निर्माण करने की मांग रखी है। साथ ही सिमडेगा जिला मे प्राथमिक एवं माध्यमिक सरकारी विद्यालयों में कई स्कूल भवन जर्जर हो गये हैं। कइ स्कूलों में घेराबंदी भी नहीं है। कई स्कूलों का चापाकल और कई का बोरिंग भी खराब है। जिससे कभी भी दुर्घटना होने की संभावना है।

### स्वीकृत पद के अनुरूप बहाल करें चिकित्सक : भूषण बाड़ा

विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा शत्र के शून्यकाल के दौरान जिले में पर्याप्त मात्रा में चिकित्सकों की बहाली कराने की मांग की है। विधायक ने कहा है कि सिमडेगा में चिकित्सकों की भारी कमी है। चिकित्सकों के स्वीकृत पद 116 के अनुरूप मात्र 19 चिकित्सा के कार्यरत है। चिकित्सकों की कमी के कारण कई गरीब बेहतर स्वास्थ्य सुविधा से वंचित हो रहे हैं। वहीं समय पर इलाज नहीं होने के अभाव में कई लोगों की मौतें भी हो रही है। विधायक ने कहा है कि चिकित्सक नहीं रहने के कारण मजबूरन लोग रांची सहित दूसरे राज्य जैसे छत्तीसगढ़, उड़ीसा स्थित अस्पतालों में जाने को विवश है। सिमडेगा से इन स्थानों की दूरी अधिक रहने के कारण कई मरीज तो रास्ते में ही दम तोड़ रहे हैं।

---

### होली व शब-ए-बरात को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

# शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की परंपरा को कायम रखें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त आर. रॉनीटा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ।समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित समिति की बैठक में होली एवं शब-ए-बरात पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने जिले में त्यौहारों के मद्देनजर क्रियाकलापों की जानकारी प्राप्त की। प्रखण्डवार त्यौहारों के मद्देनजर किये गये इंतजाम के बारे में प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी से जानकारी प्राप्त की। उन्होने कहा कि वस्तु-स्थिति के अनुसार पूर्व से तैयारियां कर लें। लोग रंग खेलने के बाद नशे करके जलाशय वाली जगहों पर वाहन से नहाने जाते इसके तहत वाहन चेकिंग करने की बात कही, दो पहिया वाहन में तीन सवारी पूरी तरह से प्रतिबंधित है। शराब पीकर वाहन का परिचालन करते पाये



जाने पर कार्रवाई करने को कहा। डैम, पर्यटक स्थल एवं नदी के समीप एनडीआरएफ टीम को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया। उन्होने स्टैटिक मजिस्ट्रेट का प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सदर अस्पताल में चिकित्सा सेवा की सुविधा सुचारू रूप से रेडी रखने को कहा। साथ ही उन्होने त्यौहार के दो दिन एम्बुलेंस वाहन की मुस्तैदी सुनिश्चित करने को कहा।

होलिका दहन के दिन अग्निशामक पदाधिकारी को अग्निशामक गाड़ी में पानी भरकर मुस्तैदी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को होलिका दहन के निर्धारित स्थान का भ्रमण कर जायजा लेने की बात कही।

पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने कहा कि जिले में अमन और चैन के साथ त्यौहारों को मनाने की परम्परा रही है। इस बार भी सौहार्द एवं शांति पूर्ण वातावरण में मनाने की व्यवस्थाओं को पुलिस प्रशासन के द्वारा बहाल की जायेगी। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारी को फ्लैग मार्च निकालने का निर्देश दिया। साथ ही सभी पुलिस पदाधिकारियों को 6 मार्च से 9 मार्च तक सतर्कता से ड्यूटी पर रहने का निर्देश दिया। तथा उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से बैठक करने की बात कही। अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार ने शांति समिति की बैठक में आए सदस्यों को अफवाह फैलाने एवं अफवाहों पर निगरानी रखने की बात कही। साथ ही होली के अवसर पर होली का रंग का ही प्रयोग करें। कैमिकल, मोबिल आदि का होली खेलने में प्रयोग ना करें। उपायुक्त ने अन्त में सभी को होली एवं शब-ए-बारात त्यौहारों की शुभकामनाएं दी। साथ ही कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नए सत्र के लिए नामांकन किया जा रहा है जिसका प्रचार-प्रसार करने की बात कही।बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर संगा, अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, आईटीडीए निदेशक सलन भुईंया, सिविल सर्जन डॉ0 नवल कुमार, जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, पुलिस पदाधिकारी, शांति समिति के सदस्य, मीडियाकर्मी व अन्य उपस्थित थें।

# लोहरदगा पहुंचे केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का जोरदार स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर शुक्रवार को बिशुनपुर जाने के क्रम में लोहरदगा पहुंचे। लोहरदगा पहुचने के उपरांत उनका जोरदार स्वागत भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में किया गया. भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों का परिचय कराया। मंत्री तोमर ने कहा कि आने वाले 2024 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुनः केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी. पूर्वांचल के 3 राज्यों में हुए चुनाव के परिणाम केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार एवं त्रिपुरा, नागालैंड एवं मेघालय में भाजपा एवं भाजपा गठबंधन कि सरकार के कामकाज के आधार पर जनता ने अपनी मुहर लगाई है। झारखंड में हुए रामगढ़ उपचुनाव एनडीए प्रत्याशी की जीत आने वाले समय में झारखंड में भी भाजपा गठबंधन की सरकार बनेगी. केंद्रीय मंत्री के स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष किसलय तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, चंद्रशेखर अग्रवाल, नासिर अंसारी, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### भाजयुमो ने मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर किया केंद्रीय कृषि मंत्री व भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष स्वागत

**केंद्रीय** कृषि मंत्री एवं भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी का आगमन बिशुनपुर जाने के क्रम में लोहरदगा में हुआ। जहां भाजयुमो के द्वारा मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों युवा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मौके पर प्रदेश मंत्री अजातशत्रु ने कहा कि हम सबों का सौभाग्य है कि केंद्रीय मंत्री का आगमन लोहरदगा में हुआ एवं उनके स्वागत का मौका हम सभी युवाओं को मिला जिसके लिए हम सभी युवा साथी खुद को कृतज्ञ महसूस कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में शामिल सभी युवाओं का तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। जिला अध्यक्ष मनीष शिखर ने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवा साथियों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। मौके पर लाल अनूप नाथ शाहदेव, सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### केंद्रीय कृषि तोमर से मिले चेम्बर का प्रतिनिधिमंडल

केंद्रीय कृषि मंत्री तोमर शुक्रवार को लोहरदगा पहुंचे। उनसे लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल मिला और उन्हें कृषि विधेयक से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री को बताया की कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 शुद्ध रूप से किसान विरोधी, व्यापार विरोधी, उपभोक्ता विरोधी तथा इंस्पेक्टर राज एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली है।

---

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी मोड़ के समीप अवैध बालू लोडडे ट्रैक्टर को लोहरदगा एसपी द्वारा जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार एसपी आर रामकुमार सेन्हा थाना क्षेत्र में गस्ती पर निकले थे। उसी दौरान अवैध बालू परिवहन करते हुए ट्रैक्टर पर नजर पड़ा। जैसे ही ट्रैक्टर को रोककर कागजात का मांग किया गया। उसी समय चालक गाड़ी खड़ा कर फरार हो गया था। तबतक इस मामला की जानकारी सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही त्वरित कारवाई करते हुए जब्त ट्रैक्टर के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बता दें कि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार साइकिल से क्षेत्र का गस्ती तथा मॉर्निंग वॉक पर निकले हुए थे। तभी कंडरा कोयल नदी से अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर बिना रजिस्टेशन नम्बर का तेज रफ्तार में कुंदगड़ी के तरफ जा रहा था। पुलिस को देख कुंदगड़ी मोड़ के समीप चालक ट्रैक्टर छोड़ कर भागने लगा। तभी पुलिस द्वारा ततपरता दिखते हुए कुंदगड़ी निवासी सुरेंद्र उरांव के ट्रैक्टर चालक पुत्र नवीन उरांव को गिरफ्तार कर लिया गया। जिस पर अवैध बालू परविहन के मामले में नियम संगत कारवाई किया जा रहा है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध बालू खनन एवं परिवहन मामला में टैक्टर चालक व जब्त वाहन पर कारवाई हेतु खनन व परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है।

# डीसी ने विभागीय वित्तीय समीक्षा की



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा विभिन्न विभागों की वित्तीय समीक्षा की गई। इसमें डीआरडीए, डीएमएफटी, राजस्व, आपदा प्रबंधन, श्रम विभाग के विभिन्न मदों में प्राप्त आय/व्यय की समीक्षा शामिल थी। श्रम विभाग के द्वारा संचालित संकल्प स्कीम अंतर्गत युवाओं को मेडिकल संबंधी प्रशिक्षण के लिए उप विकास आयुक्त, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि इसके लिए एक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव उपस्थापित कराया जाय। आपदा प्रबंधन विभाग अंतर्गत प्राकृतिक आपदा, कोविड-19, श्रम विभाग अंतर्गत सेमिना, आर्थिक सहायता, सर्वेक्षण, विज्ञापन, प्रचार-प्रसार, राजस्व विभाग अंतर्गत विभिन्न मद, ग्रामीण विकास अंतर्गत मशीन उपस्कर, विधायक मद समेत अन्य मदों में आवंटन/व्यय की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, कोषागार पदाधिकारी, डीएमएफटी प्रभारी, श्रम अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल, डीडीएमओ, डीआरडीए परियोजना पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### जेएसएलपीएस ने डीसी, डीडीसी को हर्बल गुलाल भेंट की

जेएसएलपीएस, लोहरदगा की ओर से उपायुक्त डॉ० वाघमारे प्रसाद कृष्ण और उप विकास आयुक्त समीरा एस को हर्बल गुलाल भेंट की गई। जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा ये हर्बल गुलाल सेम्बर फूल, पलाश फूल,



पालक साग, हल्दी से तैयार किये गए हैं। मौके पर डीपीएम प्रकाश रंजन, नेहा गोरेटि मिंज, सदर बीपीओ सुमति कुमारी, किरण आजीविका सखी मंडल की ओर से शांति कुमारी तिग्गा और रेणु कुजूर उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर पलटने से एक ही परिवार के चार लोग घायल

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में शुक्रवार को ट्रैक्टर पलटने से एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस वाहन से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य भेजा गया डॉक्टर द्वारा सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घायलों की पहचान सिसई थाना क्षेत्र के बोड़ो चपाटोली निवासी नारायण उरांव पिता सुकरा उरांव, पत्नी राधा उरांव, पुत्री आरोही उरांव, सचित उरांव ये सभी घायल एक ही परिवार के हैं। जानकारी के मुताबिक सभी मसमानो गांव शादी में शामिल होने आए थे। सभी लोग ट्रैक्टर से अपने गांव जा रहे थे कि अचानक ट्रैक्टर का इंजन पलट गया। जिसमें सभी लोग दब गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर को उठाकर घायलों को निकालकर अस्पताल भेजा गया।

### निर्माण कार्य में गुणवत्ता का खयाल रखें : जिप सदस्य

**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के समीप संचालित राजकीय उत्क्रमित बुनियादी विद्यालय में कक्षा के अभाव में बच्चों के बीच बैठने का समस्या को लेकर बना हुआ था। जिसको लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति व प्रधानधियापिका के द्वारा पूर्व में विभाग को पत्राचार किया गया था। इसके अलावे विद्यालय निरीक्षण के दौरान जीप सदस्य राधा तिर्की को भी समस्या से अवगत कराया जा चुका था। वहीं विद्यालय की ओर से प्रबंध समिति एवं जीप सदस्य के पहल से एसीए के तहत विशेष प्रमंडल लोहरदगा के तत्वधान में विद्यालय प्रांगण में चार कमरा का भवन निर्माण की स्वकृत प्राप्त कर संवेदक रोहित साहू द्वारा भवन निर्माण कार्य आरम्भ कराया जाना है। भवन निर्माण कार्य के पूर्व शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित जीप सदस्य राधा तिर्की के उपस्थिति में मनी पहान द्वारा सरना रीति रिवाज के अनुसार विधिवत पूजा कर शिलान्यास किया गया। वहीं जीप सदस्य द्वारा चयनित स्थल पर कुदाल चला कर शिलान्यास करते हुए भवन निर्माण कार्य आरम्भ कराया गया साथ ही इस अवसर पर संवेदक को कार्य के प्रति सजग रहने की बात कहते हुए कहा गया कि गुणवत्ता हीन कार्य मे किसी प्रकार से समझौता नही किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा यह भवन निर्माण कार्य नही है। बल्कि इसे शिक्षा का मंदिर निर्माण के दृष्टिकोण से कार्य करना होगा जिससे आने वाले समय में विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के बीच समस्या उतपन्न न हो। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मुखिया धनवाज उरांव, प्रधानाधियापिका रेणु मिश्रा, आदि मौजूद थे।

### शांति समिति की बैठक में उड़े अबीर गुलाल, जश्न

**कुडू।** रंगों का त्योहार होली व शब-ए-बारात को लेकर कुडू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान कुडू थाना में होली मिलन समारोह मनाया गया। लोगो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पुलिस निरीक्षण मंटू कुमार ने आमजनों से अपील की कि होली व शब-ए-बारात शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। बैठक में शामिल लोगों ने पुलिस पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि दोनों त्योहारों में एक दूसरे का सहयोग करेंगे। बीडीओ मनोरंजन कुमार ने बताया कि होली में अक्सर देखा जाता है कि लोग शराब पीकर हुड़दंग मचाते हैं। पुलिस हुड़दंग मचाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करेगी। होली के दिन शराब की दुकानें बंद रहेगी। कुडू थाना प्रभारी बिस्वजीत कुमार सिंह ने कहा की डिजे पर प्रतिबंध लगाया गया है एवम इसका उलंघन करने पर कानूनी कारवाई की बात कही। शांति समिति की बैठक में शामिल होने आए लोगों को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। बैठक के दौरान प्रखंड के मुखिया, पंचायत समिति, जिला परिषद, वार्ड समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

**महोत्सव** राज्य के सभी जिलों में आंजन धाम के विकास के लिये होगा कमिटी निर्माण

# 7 अप्रैल को अयोध्या चलें कार्यक्रम होगा

### दो अप्रैल को मुख्यमंत्री से मिलकर आंजन धाम के विकास के लिये करेंगे सामुहिक वार्ता

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

आंजन धाम को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से आंजन धाम गुमला के बैनर तले घाटों बगीचा स्थित संजय सिंह के आवास में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें आगे की भावी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। आंजन धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित दिवाकर पाठक ने बताया वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य आगामी 02 अप्रैल को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर आंजन धाम के विकास पर



चर्चा की जाएगी। तत्पश्चात 07 अप्रैल को आंजन धाम महोत्सव के तहत झारखंड के सभी जिलों से अयोध्या के लिए हजारों की संख्या में भक्तगण प्रस्थान करेंगे। प्रयागराज में रात्रि विश्राम के पश्चात त्रिवेणी संगम में स्नान के उपरांत अयोध्या में श्री राम भगवान का दर्शन करेंगे, इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रेसवार्ता के माध्यम से पदाधिकारियों ने राज्य सरकार से आंजन धाम को वन क्षेत्र से हटाने की मांग की तथा गुमला के प्रमुख धार्मिक स्थलों राम रेखा धाम, पालकोट, देवगांव, टांगीनाथ धाम, हीरादह, बासुदेव कोना, हापमुनि महामाया मंदिर, केतुका धाम, महादेव कोना, कपिलनाथ मंदिर, कोराम्बे मंदिर, देवाकी धाम, पांच पांडव पहाड़, रंगनाथ मंदिर, सीरा-सीता धाम तथा अन्य प्रमुख पौराणिक धरोहरों को पर्यटन कॉरिडोर में शामिल करने की मांग की गई। राष्ट्रीय संयोजक संजय सिंह ने अंजन धाम को राष्ट्रीय धरोहर शामिल करने के लिए सबों को आगे आने का आह्वान किया, उन्होंने कहा पूरे झारखंड के सभी जिलों में आंजन धाम के विकास के लिए कमेटी निर्माण करने की बात कही,उसके लिय आंजन धाम गुमला की ओर से सभी संगठनों का प्रयास स्वागत योग्य है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किशोर साहू ने राज्यसभा सांसद समीर उरांव द्वारा शून्य काल सदन में आंजन धाम को वन क्षेत्र से हटाने के लिए आवाज उठाने पर आभार व्यक्त किया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो, आनंद धाम गुमला के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय किंडो, राष्ट्रीय महासचिव सुधीर ओहदार आदि उपस्थित थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

### नल जल योजना कार्य में अनियमितता का आरोप, जांच की मांग

**इटखोरी(चतरा)।** जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत चक्रवार गांव में प्रधानमंत्री नल जल निर्माण योजना कार्य में संवेदक द्वारा लापरवाही बरते जाने पर ग्रामीणों ने नारजागी जतायी है। ग्रामीण बिरेन्द्र यादव, रोसन यादव, कोमल यादव, राम नारायण यादव, टोकन यादव, लालू यादव, सरयू ठाकुर, महो यादव, दीपन यादव, कुलेश्वर यादव व प्रकाश यादव ने कहा की प्रधानमंत्री नल जल योजना सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत घर-घर पानी कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन कार्य को गुणवत्तापूर्वक नहीं कराया जा रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों ने जमकर विरोध करते हुए उपायुक्त अबु इमरान से जांच की मांग करते हुए कहा है कि अगर कार्य में लापरवाही जारी रही तो काम को बंद करा दिया जाएगा।

### सड़क हादसे में बाल बाल बचा कार चालक

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के सालिमपुर मोड़ के समीप अनियंत्रित आई 20 कार ने महुआ पेंड में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि चालक बाल-बाल बच गया। घटना बीते गुरुवार देर रात की है। बताया गया कि पहरा गांव निवासी गोविंद साव के बेटी दामाद केरेडाडी थाना क्षेत्र के बेंगवेरी गांव निवासी पहरा ससुराल बहरौता आए हुए थे और दामाद का भाई अपनी बहन को राजपुर थाना क्षेत्र के कादे गांव छोड़ वापस पहरा आ रहा था। इसी बीच चतरा हजारीबाग मुख्य पथ के सलिमपुर मोड़ के समीप कार अनियंत्रित हो महुआ पेंड में जोरदार टक्कर मार दिया।

### एमएसीटी केस को लेकर वर्कशॉप का आयोजन

**मेदिनीनगर।** मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम केस को लेकर शुक्रवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि एमएससीटी क्लेम दिलाने के मामले में पलामू अग्रणी जिला बने इसके लिए हम सबको मिलकर काम करने की जरूरत है । मौके पर जिला व सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि वाहन दुर्घटना पीड़ितों को उचित मुआवजा दिलाने के उद्देश्य झारखंड परिवहन विभाग ने वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण नियमावली 2019 लागू किया है। उन्होंने पुलिस के कर्तव्य के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक सुजीत कुमार ने कहा कि आज का वर्कशॉप प्रशिक्षणार्थियों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि वर्क शॉप में बहुत कुछ लोगों को एमएसीटी से जुड़े मामले में सीखने और समझने का अवसर मिला। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने अपना विचार रखा ।

### फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम कुंवर बांध निवासी नेसार अहमद की पत्नी सरवरी खातून उम्र 30 वर्ष मानसिक तनाव में आकर गुरुवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में मृतक के पति नेसार अहमद ने बताया कि कई वर्षों से सरवरी बेटे की तबीयत खराब रहने की वजह से मानसिक तनाव में रहती थी। इसी बीच गुरुवार की रात वह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पाटन थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। वही पोस्टमार्टम हाउस में पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस के द्वारा शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# कैरो में हाथियों से बचाव को लेकर कार्यशाला आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

जंगली हाथियों से बचाव को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव व बीडीओ पवन कुमार महतो की उपस्थिति में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि अंधाधुन जंगलों की कटाई से जंगली जानवरों का आश्रय समाप्त होता जा रहा है इसी का नतीजा है कि दिन प्रतिदिन हाथियों का झुंड जंगलों से निकलकर रिहायशी इलाकों तक पहुंच रहे हैं। जिससे जान माल का खतरा बनी रहती है। अंचलाधिकारी कमलेश उरांव ने कहा कि वैसे तो जंगली हाथी खतरनाक होते ही हैं परंतु झुंड से भटका हुआ अकेला हाथी और भी खतरनाक हो जाता है। हमें सावधानी बरतनी चाहिए फिर भी कहीं कोई घटना हो जाती है तो सरकार के द्वारा पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत आवश्यक कार्यवाही के बाद मुआवजा दिया जाता है। सरकार के द्वारा मुआवजा की राशि बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है। प्रखंड प्रमुख श्रीराम उराँव ने कहा कि जंगली हाथी कि रास्ता को कभी अवरुद्ध नहीं करना चाहिए हाथियों के आने जाने का रास्ता को अवरुद्ध करने का ही नतीजा है कि आज हाथी आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं। प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित राजेश उरांव व गुहा उरांव ने जंगली हाथी से बचाव को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने बताया कि ऐसा माना जाता है कि तेज रोशनी दिखाकर पटाखे फोड़ कर मिर्च पाउडर से युक्त गोबर के उपले जलाकर मधुमक्खी जैसे तेज भिनभिनाहट वाली आवाज निकाल कर ढोल बजाकर हाथी को भगाया जा सकता है। उन्होंने हाथी से बचाव को लेकर कहा कि हाथी से दूर ही, दूसरों को भी दूर रखें।

## विमेंस कॉलेज बीएड में उड़े रंग गुलाल



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत विमेंस कॉलेज बीएड विभाग में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी तथा नए छात्राओं (2022-24) के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया । विभाग के कोर्स कोऑर्डिनेट डॉ शोभना सरन ने कहा कि होली मिलन से आपसी भाईचारे को मजबूत करता है। आप सभी को होली की बधाई। समारोह में मुख्य रूप से सभी प्रोफेसरों ने छात्राओं को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

# पलामू में बजट पर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया

## सत्ता पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने नकारा

### घोषणा पत्र में शामिल एक अहम घोषण सरकार पुरानी पेंशन लागू करेगी और बेरोजगारी भत्ता भी देगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने सदन में चौथा आम बजट पेश किया। पलामू के लोगों ने भी बजट सत्र को बड़े बारीकी से देखा। राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 1 लाख 16 हजार 418 करोड़ का बजट सदन में पेश किया। पिछले वित्तीय वर्ष में एक लाख एक हजार एक सौ एक करोड़ का बजट पेश हुआ था। यानी पूर्व वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वर्ष का बजट 15 गुना अधिक का बजट है। पालमूवासियो के लिये बजट कितना मायने रखता है। इसकी मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली। कई लोगों ने बजट को सराहा तो कई ने सिरे से नकार भी दिया। राज्य की हेमंत सरकार ने अपनी चुनावी घोषणा पत्र में शामिल एक अहम घोषणा को आखिरकार लागू कर दिया। सरकार पुरानी पेंशन लागू करेगी और बेरोजगारी भत्ता भी देगी। राज्य के जलप्रपातों में पर्यटन के विकास के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जायेंगी। इस बार बजट में स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा पर खासा ध्यान दिया गया है। राज्य सरकार ने शिक्षकों को लेकर बड़ी घोषणा की है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षकों की परेशानी पर सरकार गंभीर है। इस बार बजट में शिक्षकों के मानदेय में बढ़ोतरी करने का फैसला लिया गया है।



**बजट को तीन भागो में बांटा गया है:** बजट को तीन भागों में रखा गया है। पहला सामाजिक क्षेत्र दूसरा सामान्य क्षेत्र और तीसरा आर्थिक क्षेत्र में बजट को बनाया गया है।

**बजट पर क्या कहना है लोगों का :** जहां एक ओर सत्ता पक्ष के लोगों के लिये बजट राज्य के विकास के लिये है। वही विपक्ष के लोगों के लिये बजट निराश करने वाला बजट पेश किया गया है।

**पलामू चैम्बर के अध्यक्ष दुर्गा जोहरी ने** बताया कि राज्य सरकार की बजट अपनी नाकामी को छुपाने वाली है। कोरोना का बहाना बनाकर सरकार ने जनता से किये वादों को नहीं पूरा कर रही है। राज्य की जनता परेशान है और व्यापारी दहशत में है। सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति बहुत गंभीर है।

**वही पलामू जिला चैम्बर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरी ने** बताया कि सरकार बजट के नाम पर केवल लुभावने वादों को जनता के सामने रख रही है। पलामू को इस बजट में कुछ भी नही मिला है।

**जेएमएम के सन्नी शुक्ला ने** बताया कि बजट को जनता के हित मे लाया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों को राज्य सरकार से जो उम्मीद थी ,उसे पुरा करने के लिये बजट में प्रावधान किया गया है। इस वर्ष धरातल पर सभी कार्य दिखेंगे।

**वही वार्ड पार्षद लाल बाबू ने** बताया कि निगम के विकास के लिये सरकार को विचार करना होगा। गर्मी में पलामू में पानी की समस्या विकराल हो जाती है । इसपर सरकार को निर्णय लेना होगा।

**वार्ड पार्षद कमर यास्मीन ने** बताया कि महिलाओं के लिये बजट में कुछ नहीं है। महंगाई और सुरक्षा को लेकर बजट में कुछ उपाय नही किया गया है।

**वही अधिवक्ता अनुराग प्रसाद ने** बताया कि बजट कोरोना के बाद की स्थिति बता रही है। पिछले वर्ष से अधिक राशि का प्रावधान किया गया है । जिससे लोगों को राहत होगी।

**शिक्षक राजन दुबे** ने बताया कि शिक्षकों के लिये बजट में राशि का प्रावधान किया गया है। जिससे शिक्षकों को राहत मिलेगी।

**गृहणी रिद्धि ने** बताया कि महंगाई के कारण गृहणियों को बहुत परेशानी हो रही है । सरकार को बजट में राहत देने का विचार करना चाहिए।

**अमलेश चौरसिया** ने बताया कि किसानों को बजट से बहुत उम्मीद है। सरकार जो वादे किए हैं अगर वो पूरा किया जाए तो किसानों को लाभ होगा।

**वही व्यापारी सचिन जायसवाल ने** बताया कि बजट मिलाजुलाकर ठीक है । कोरोना के कारण कोई काम नहीं हो सका। इस बार शायद बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**शर्मिला वर्मा ने बताया** कि सरकार ने किसान और बेरोजगार पर ध्यान दिया है। लेकिन गृहणी महिलाओं के लिए कोई खास ध्यान नही दिया है।

**सीए उत्तम सिंह ने बताया** कि पिछले बजट से 15% अधिक वृद्धि हुई है। इस बजट में खेती और सिंचाई पर फोकस किया गया है। किसानों के लोन माफ का भी ध्यान रखा गया है। नए आंगनबाड़ी के निर्माण होने से गरीबों को फायदा होगा । डेयरी प्लांट का भी निर्माण पर सरकार का फोकस है। गांव के विकास की सुविधा के लिए सरकार जागरूक है । मेडिकल और पर्यटन के क्षेत्र में भी ध्यान दिया गया है। कुल मिलाकर सरकार का यह बजट लोगों के हित के लिए है।

**जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने** झारखंड सरकार के द्वारा पेश किए गए बजट को सभी वर्गों का ख्याल करने वाला बजट बताया है। जिसमें दिव्यांगों ,किसानों ,गरीबों और बेरोजगारों के बारे में भी ख्याल किया गया है।

**पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर ने** बताया कि झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत आज का बजट निराशाजनक रहा, इस पूरे बजट में तथ्यों से परे वादों को ही बल दिया गया। चुकि यह हेमंत सरकार का आखिरी पूर्ण बजट था।

# चैनपुर में शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

रंगों का त्योहार होली को सकुशल एवं इबादत का त्योहार शबे बरात को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने के लिए शुक्रवार को थाना परिसर में बीडीओ डा. शिशिर कुमार सिंह, अंचलाधिकारी गौतम कुमार, चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव व चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक थाना परिसर हुई। बैठक में पर्व त्योहारों को आपसी प्रेम एंव सुंदर वातावरण में एक दूसरे के साथ मिलजुलकर मनाने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर बीडीओ डा. शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि पर्व त्योहार आपसी प्रेम को बढ़ावा देता है हमें आपसी गिले-शिकवे को भुला कर एक दूसरे के भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मिलजुल कर पर्व मनाना चाहिए। वहीं सीओ गौतम कुमार ने कहां की होली का त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए तथा त्योहारों की गरिमा को बनाए रखें जिसे त्योहारों के दौरान कोई दिक्कत ना आए। हमें एक दूसरे की भावनाओं का कद्र करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से पर्व को मनाना चाहिए। सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उराँव ने कहां की क्षेत्र में हमें शांति व्यवस्था बनी रहनी चाहिए इस को लेकर पुलिस प्रशासन सदैव तत्पर है खासकर पर्व त्यौहार के मौके पर सोशल मीडिया के द्वारा जो अफवाहें फैलाई जाती है वहां पर हमें बचने की जरूरत है। अफवाह फैलाने वालों की जानकारी तुरंत पुलिस को दे उसपर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# हादसा व बीमा क्लेम को लेकर कार्यशाला




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) ने मोटर वाहन दुर्घटना एवं बीमा क्लेम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का आयोजन न्यायालय परिसर स्थित सभागार में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल, बार अध्यक्ष डॉ प्रमोद पुजारी, डालसा सचिव राजेश कुमार एवं ट्रांसपोर्ट निरीक्षक शिरिल बेसरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि सड़क पर सावधानी अति महत्वपूर्ण है किंतु दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा का भी प्रावधान किया गया है। यदि क्लेमेंट इमानदारी से मृतक या घायल की आर्थिक स्थिति को न्यायालय के समक्ष रखे तो पीड़ित पक्ष को जल्द से जल्द न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ जाती है। न्यायालय में दुर्घटना दावा के विभिन्न पहलुओं पर अधिवक्ता सीपी पाठक ने भी अपने विचार रखे। जबकि जिला मोटर वाहन निरीक्षक सिरिल बेसरा ने पुराने गाड़ियों की खरीद बिक्री से संबंधित विभिन्न नियमों को बतलाते हुए फार्म 29 एवं फार्म 30 को भरकर ही पूराने वाहन हस्तांतरण करने पर बल दिया। इससे पूर्व उद्घाटन भाषण में बार के अध्यक्ष डॉ पीके पुजारी ने ऐसे कार्यशाला के निरंतर आयोजन पर बल दिया। कार्यशाला में विभिन्न थानों के पुलिस अधिकारी, मोटर वाहन से जुड़े अधिवक्ता, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि एवं डालसा के पीएलवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डालसा सचिव राजेश कुमार ने किया, उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने पर बल दिया जिसके लिए सरकार प्रोत्साहन राशि भी दे रही है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

# नेहरू युवा केंद्र ने किया युवा महोत्सव पर कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा सरायकेला-खरसावां के प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल में आज आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मोटा अनाज एवं मिशन लाइफ पर लेखन व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कल अर्थात शनिवार दिनांक 4 मार्च 2023 को प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल के प्रांगण में नेहरू युवा केंद्र के युवा महोत्सव के साथ एक भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया है। इस भव्य चित्र प्रदर्शनी में आकर्षक चित्रों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर आजादी की लड़ाई पर विशेष जानकारियां दी जाएंगी और साथ ही साथ आजादी की लड़ाई में झारखंड के योद्धाओं का भी विशेष उल्लेख रहेगा। चित्र प्रदर्शनी के दूसरे हिस्से में मोटे अनाज तथा मिशन लाइफ पर भी आकर्षक और ज्ञानवर्धक जानकारियां दी जाएंगी। मिशन लाइफ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण व ऊर्जा संरक्षण की एक बहुत ही महत्वाकांक्षी जागरूकता अभियान है। इसमें केंद्र सरकार को ऊर्जा मंत्रालय का पूरा सहयोग मिल रहा है। मिशन लाइफ के माध्यम से यह बताने की कोशिश की जा रही है कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा का सही उपयोग आने वाले पीढ़ीयों के लिए बहुत उपयोगी होगा।

# गृह प्रवेश को लेकर पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने अपने नए मकान रातू थाना क्षेत्र के सिमलिया नया टोली में गृह प्रवेश कार्यक्रम सम्पन्न कराया। श्री सिंह ने अपने पुराने मकान को रिनोवेट कर उसे नया रूप दिया है। पूजा के दौरान अपने क्षेत्र व मुहल्ले के लोगों की सुख शांति की कामना की। पुरोहित संतन पाठक ने पूरे विधि-विधान के साथ गृह प्रवेश कार्यक्रम सम्पन्न कराया। वहीं, यजमान के रूप में सुनील कुमार सिंह सप्तनीक रूबी सिंह के साथ पूजा-अर्चना की। मौके पर पुरोहित पाठक ने पूजा-अर्चना में शामिल भक्तों से कहा कि नए घर में प्रवेश करने से पहले विधि-विधान के साथ पूजा करना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। जिससे घर में खुशहाली आती है और सारे कष्ट दूर होते हैं। वहीं, सुनील कुमार सिंह ने कहा कि सभी का सपना होता है कि उसका अपना एक आशियाना हो। काफी मेहनत व परिश्रम के बाद इंसान अपने जीवन की गाढ़ी कमाई खर्च कर आशियाना बना पाता है जो एक सुखद अनुभूति का अहसास दिलाता है। मौके पर श्री सिंह के दोनों सुपुत्र विशाल प्रियदर्शी और अशेष आनंद के साथ देवेंद्र सिंह, उदय सिंह, परमेश्वर सिंह, सुबोध सिंह, कार्तिक सिंह आदि उपस्थित थे।

# होली में अफवाह फैलानेवालों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर



**नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू**

थाना परिसर बुढ़मू मे होली व शब ए बरात पर्व के मद्देनजर अंचलधिकारी शंकर कुमार विधार्थी की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई, इस दौरान सदस्यों ने एक स्वर मे कहा की सभी मिलजुल व शांतिपूर्वक पर्व मनाएंगे। मौके पर उपस्थित मांडर सर्कल इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर ने कहा की प्रशासन मौके पर उपस्थित रहेंगे, कहीं किसी प्रकार का अप्रिय घटना न घटे इसका भी पूर्ण व्यवस्था की जाएगी, प्रशासन का पेट्रोलिंग लगातर जारी रहेगा, पर्व के दौरान कोई समस्या हो तो मुझे या थाना प्रभारी बुढ़मू को इसकी सूचना देंगे जिसपर त्वरित कार्रवाई की जाएगी, वहीं अंचलधिकारी ने कहा की पर्व के दौरान अफवाह कोई नहीं फैलाये इसपर आप सभी व्यापक नजर रखेंगे कोई अफवाह फैलाता है तो इसकी सूचना प्रशासन को देंगे। होली व शब ए बरात शांति पूर्वक मनाएंगे इस दौरान प्रशासन की पैनी नजर क्षेत्र पर बनी रहेगी। बैठक के बाद थाना परिसर मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, लोगो ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली शांति पूर्व मानाने का निर्णय लिया. बैठक का संचालन सज्जाद अंसारी ने किया मौके पर मांडर सर्कल इस्पेक्टर अवधेश ठाकुर,थाना प्रभारी कमलेश राय,पूर्व जिला परिषद सादस्य पार्वती देवी, उपप्रमुख हरदेव साहू,सीएचसी बुढ़मू के प्रतिनिधि डॉक्टर,शांति समिति सदस्य रत्न प्रकाश सिंह, डॉ मदन महतो, ब्रजनाथ महतो,सुदामा नायक, शामीम बडेहार, बिष्णु गिरी, दिनेश महतो, जितेंद्र कुमार, जय साहू, रामेश्वर साहू, बबलू साहू सुभम सिन्हा सहित आसपास के गाँव के दर्जनों शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**सेहत** | **गर्मियों में अपनी आंखों का रखें खास ख्याल**

# धूप चश्मा पहन कर घर से निकलें : डॉ. प्रसून



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के जाने-माने नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ प्रसून कुमार ने बताया कि गर्मियों का मौसम दस्तखत दे चुका है, सूरज अपने तेवर दिखाने लगा है, ऐसे में बहुत जरूरी है कि लोग अपने आंखों की विशेष देखभाल करें। घर से निकलते समय धूप चश्मा का प्रयोग करें। क्योंकि सूरज की किरणों में छुपी हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणें गर्मी में आपकी आँखों को अनजाने में ही खतरे में डाल सकती हैं। ऐसे में आंखों में जलन, लालपन, खुजली इत्यादि समस्याएं होना शुरू हो सकती हैं, जो कि आगे चलकर बड़ा रूप भी ले सकती हैं। जैसे- जैसे गर्मी बढ़ने लगेगी, घर से बाहर निकलने से पहले बहुत आवश्यक हो जायेगा कि आप आंखों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। इस बात को सुनिश्चित करें कि जब भी घर से बाहर निकलें, आँखों को धूप के चश्मों की सुरक्षा जरूर दें। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि आपके द्वारा चुने गए धूप के चश्मे यूवी प्रोटेक्शन युक्त हों। चश्मे खरीदने में बिल्कुल भी कंजूसी न करें। सड़क पर बिकने वाले सामान्य चश्मे लेने के बजाय ऐसा चश्मा लें जो कि आपकी आंखों की वाकई सुरक्षा कर सके। चश्मे खरीदते समय लेटेस्ट फैशन की परवाह करने के बजाय कोई ऐसी डिजाइन का चयन करें। जिनमें रैप अराउंड फ्रेम हो जो आँखों को पूरी तरह कवर करती हो। चश्मे के लेंस जितने चौड़े होंगे ,आँखों की सुरक्षा उतनी ही मजबूत होगी।

**ज्ञान की बात**

**मनुष्य जब सर्वथा असहाय हो जाता है, तभी तो ईश्वर को पुकारता है। अपनी अक्षमता की घड़ी में ही तो ईश्वर के सामर्थ्य के दर्शन होते हैं। जब तक मनुष्य का अपने सामर्थ्य का भ्रम नहीं टूटता, तब तक उसे ईश्वर की शक्ति के दर्शन कहां होते। - *ठाकुरजी***

# अंकुश कितना आवश्यक?

***झारखंड*** में हाथी-मानव जंग को वन विभाग अब तक रोक नहीं पाया है। योजनायें तो कई बने पर उसका फलाफल देखने को नहीं मिल रहा है। यह दुखद है। आये दिन इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। हाथी अब हमारे साथी नहीं बल्कि दुश्मन बन गये हैं। यही कारण है कि राज्य गठन से लेकर अब तक गजराज ने 1800 लोगों की जानें ले ली हैं। एक आंकड़ों को सच मानें तो अब तक हाथी और जंगली जानवरों ने दो लाख लोगों को नुकसान पहुंचाया है। इसमें फसल का नुकसान, पशुओं का नुकसान, मकानों का नुकसान और अनाज का नुकसान शामिल है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि इन हमले से हम कुछ सीख नहीं ले पा रहे हैं। या यूं कहें कि इस मामले में जितना संजीदा हम -सब को होना चाहिए,नहीं हुए। बहरहाल यह एक ऐसा विषय है,जिस पर सोचना बहुत जरूरी है। ऐसा नहीं होने पर आगे हमले के लिए मानसिक रूप से हम सब को तैयार होना होगा। ऐसे हमले पर 16 करोड़ रूपये मुआवजे के रूप में बांटा जा चुका है। 2000 लोग घायल हो चुके हैं, इसके एवज में 3.50 करोड़ रुपये मुआवजा बांटा गया है। 109500 लोगों के फसल का नुकसान, पशु का नुकसान, मकान का नुकसान और अनाज का नुकसान हुआ. इसके एवज में 38 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जा चुका है। हाथियों पर काबू पाने के लिये वन विभाग योजनाएं तो बना रहा है, लेकिन वह कारगर साबित नहीं हो पा रही हैं और इस विफल योजना की भरपाई आम लोग अपनी जान माल देकर चुका रहे हैं । हाथियों के भ्रमण के लिये कॉरिडोर तैयार किया जाना था, इसके लिये जीआइएस मैपिंग भी हुई, लेकिन यह कॉरिडोर अब तक नहीं बन पाया है। राज्य के अंदर पूर्वी सिंहभूम, प. सिंहभूम, गिरिडीह और दुमका में कॉरिडोर बनाना था। वहीं अंतरराज्यीय कॉरिडोर उड़ीसा-चाईबासा, उड़ीसा-सारंडा, पूर्णिया-दलमा और सरायकेला- बंगाल में बनाया जाना था. लेकिन यह योजना भी धरी की धरी रह गई। हाथियों के भ्रमण का रास्ता बदल गया है। छोटे-छोटे पैकेज में जंगल होने के कारण हाथी भटक रहे हैं और इस तरह की घटनाएं बढ़ रही है। झारखण्ड के कई जिलों में हाथियों का उत्पात देखने को मिलता है। हाथी आबादी वाले क्षेत्र में आ जाते है, जिससे घर सम्पत्ति को नुकसान होता है। कई बार नागरिक भी इन हाथियों के गुस्से का शिकार बन जाते हैं। झारखण्ड सरकार ने हाथियों द्वारा होने वाले जान माल के नुकसान पर मिलने वाली मुआवजा की राशि को बढ़ाने जा रही है। प्रभारी मंत्री चंपई सोरेन ने इसकी जानकारी झारखंड विधानसभा में दी है। इसमें फसल का नुकसान, पशुओं का नुकसान, मकानों का नुकसान और अनाज का नुकसान शामिल हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि इन उपायों से हाथियों पर अंकुश पा लिया जायेगा? दूसरी तरफ हाथियों के उत्पात से लोग दहशत में हैं।

**109500 लोगों के फसल का नुकसान, पशु का नुकसान, मकान का नुकसान और अनाज का नुकसान हुआ। इसके एवज में 38 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जा चुका है।**

# अनैतिकता के बीच कैसे बने राष्ट्रीय चरित्र?





ललित गर्ग

***किसी*** वकील, डॉक्टर या राजनेता को ढूंढना कठिन नहीं, जो अपने विषय के विशेषज्ञ हों और ख्याति प्राप्त हों, पर ऐसे मनुष्य को खोज पाना कठिन है जो वकील, डॉक्टर या राजनेता से पहले मनुष्य हो, नैतिक हो, ईमानदार हो, विश्वस्त हो। पर राष्ट्र केवल व्यवस्था से ही नहीं जी सकता। उसका सिद्धांत पक्ष यानी नैतिकता भी सशक्त होनी चाहिए। किसी भी राष्ट्र की ऊंचाई वहां की इमारतों की ऊंचाई से नहीं मापी जाती बल्कि वहां के नागरिकों के चरित्र से मापी जाती है। उनके काम करने के तरीके से मापी जाती है। हमारी सबसे बड़ी असफलता है कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद भी राष्ट्रीय चरित्र नहीं बन पाया। सशक्त भारत-नया भारत को निर्मित करते हुए भी राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रस हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर दिया है। इस तरह से जन्मे हर स्तर पर भ्रष्टाचार, बेईमानी एवं चरित्रहीनता ने राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा कर दी है। इस विकृति के दो ताजा एवं ज्वलंत उदाहरण हैं आम आदमी पार्टी के उपमुख्यमंत्री-शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया की शराब घोटाले में गिरफ्तारी, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ देश में चले अन्ना आन्दोलन की निष्पत्ति है। दूसरा उदाहरण है जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले गुरुग्राम के सौंदर्यीकरण के लिए रखे गये गमलों की समृद्ध लोगों द्वारा शर्मनाक चोरी का मामला। आज प्रबुद्ध मत है कि गांधीजी ने नैतिकता दी, पर व्यवस्था नहीं। जो नैतिकता दी वह एक महान राष्ट्रीय मुक्ति के संघर्ष की नैतिकता थी, लेकिन नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न राष्ट्र बनाने की नहीं। हालांकि गांधीजी ने उस नैतिकता को स्थायी जीवन मूल्य बनाया था। पर सत्ता प्राप्त होते ही वह नैतिकता खिसक गई। जो व्यवस्था आई उसने विपरीत मूल्य चला दिये। हमारी आजादी की लड़ाई सिर्फ आजादी के लिए थी--व्यवस्था के लिए नहीं थी, चरित्र एवं नैतिकता सम्पन्नता राष्ट्र बनाने के लिये नहीं। यह बात मनीष सिसोदिया के शराब घोटाले से स्पष्ट सामने आती है। भ्रष्टाचार मिटाने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी कितनी अधिक भ्रष्टाचार में डूबी है, मनीष सिसोदिया एवं सतेन्द्र जैन की गिरफ्तारी से साफ उजागर होता है। बिना आग के कहीं धुआं नहीं उठता। सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आप के कार्यकर्ता एवं नेताओं द्वारा जिस तरह का आक्रामक रूख अपनाया हुआ है, वे जनजीवन को अस्त-व्यस्त करने पर तूले हैं, ईमानदार है तो यह विरोध क्यों? दूध का दूध, और पानी का पानी हो जाने दें। मोदी सरकार पर केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया जा रहा है, जबकि लंबी पूछताछ, जांच और साक्ष्य जुटाने के बाद ही कोई एजेंसी इस प्रकार का कड़ा निर्णय ले पाती है। खासकर मामला किसी कुर्सी पर विराजित बड़े नेता का हो, बड़ी राजनीतिक हस्ती का हो। यदि सिसोदिया बेगुनाह हैं, तो उनमें न डर होना चाहिए एवं न ही बौखलाहट। क्रांति करने एवं क्रांतिकारी भ्रष्ट मूल्यों पर शराब घोटाला करने में जमीन-आसमान का अंतर है, जो जनता भलीभांति समझती है। आज हमारी व्यवस्था चाहे राजनीति की हो, सामाजिक हो, पारिवारिक हो, धार्मिक हो, औद्योगिक हो, शैक्षणिक हो, चरमरा गई है। दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलने लगे हैं कि गांधी रूपी नैतिक मूल्य बहुत पीछे रह जाते हैं। जो सद्प्रयास किये जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। प्रगतिशील कदम उठाने वालों ने और समाज सुधारकों ने अगर व्यवस्था सुधारने में मुक्त मन से सहयोग नहीं दिया तो ....कहीं हम अपने स्वार्थी उन्माद में कोई ऐसा धागा नहीं खींच बैठें, जिससे पूरा कपड़ा ही उधड़ जाय। यह पूरा कपड़ा उघाड़ने का ही, सम्पूर्ण पीढ़ी को भ्रष्ट बनाने का जरिया। वरना तीन दिन से जेल के शिकंजों में जकड़े व्यक्ति के नाम पर दिनभर रेडिया पर सन्देश प्रसारित करते हुए परीक्षा दे रहे बच्चों को प्रेरणा देने की कुचेष्टा न होती। बात सिसोदिया या जैन तक ही सीमित नहीं है, यह भ्रष्टाचार एवं अनैतिकता का जहर नीचे तक पहुंच रहा है। मुख्य बात है राष्ट्रीय चरित्र केवल शिक्षा एवं प्रतीकों के माध्यम से नहीं बनाया जा सकता बल्कि समाज और राष्ट्र के नेतृत्व वर्ग की कथनी और करनी एक होनी चाहिये, नीति एवं नीयत एक होनी चाहिए, तभी राष्ट्रीय जीवन में आदर्शों के मूल्य स्थापित होंगे और आदर्श सदैव ऊपर से आता है। आज के युग में सभी क्षेत्रों में ऐसे व्यक्तियों की आवश्यकता है जो सत्य की रेखा से कभी दाएं या बाएं नहीं चले। जो अपने कार्य की पूर्णता के लिए छलकपट, चोरी एवं बेईमानी का सहारा न लें। वैसे तो चोरी बहुत घृणित अपराध है, लेकिन जब कोई अमीर या पैसे वाला छोटी चोरी करते देखा जाता है तो चर्चा ऐसे होती है कि मानो बिल्ली ने कुत्ते को काट लिया है। वैसे समाज में चोरी बहुत सामान्य बात है, जगह-जगह सरकार स्वयं लिखती है कि अपने सामान की रक्षा स्वयं करें। लोग तो अपने सामान की रक्षा के लिए हर पल सजग रहते हैं, लेकिन सरकार सार्वजनिक सामान के लिए कहां-कहां सतर्कता बरत सकती है? चोरों एवं बेईमानों के रहते नया भारत- सशक्त भारत कैसे बनेगा?

**हमारी सबसे बड़ी असफलता है कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद भी राष्ट्रीय चरित्र नहीं बन पाया। सशक्त भारत-नया भारत को निर्मित करते हुए भी राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रस हो रहा है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें भगवान नरसिंह की कथा*

***भक्त*** प्रह्लाद को अपने पास आता देखकर भगवान नरसिंह का क्रोध एकदम से शांत हो गया। उन्होंने छोटे से प्रह्लाद को उठाकर अपनी गोद में रखा और उसे बहुत प्रेम दिया। इसके पश्चात उन्होंने प्रह्लाद को उसके पिता हिरण्यकश्यप के राज सिंहासन पर रखा और उसे अगला उत्तराधिकारी घोषित किया। इसके पश्चात उनका उद्देश्य पूर्ण हो गया और वे पुनः अपने धाम को लौट गए और अपने रूप श्रीहरि में समा गए।

---------------

**सुने कथा भगवान शनि देव की**

**हर** व्यक्ति के जीवन में शनि देव की अहम भूमिका होती है, अगर कुंडली में शनि सबसे अच्छी स्थिति में हो तो यह व्यक्ति को बहुत ही कम समय में बड़ी सफलता देता है। इसलिए हर संभव प्रयास करके शनि को प्रसन्न करना चाहिए। एक बार नव ग्रहो में बहस हो गई की नव ग्रहो में सबसे उत्तम कौन है। इस बात के निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए सभी देवता देवराज इंद्र के पास पहुंच गये। उन्होंने कहा, 'हे देवराज! अब आप ही निर्णय करें कि हम सब में से बड़ा कौन है। देवताओं द्वारा पूछें गये सवाल से देवराज इंद्र उलझन में पड़ गये। इंद्र देव ने कहा कि मैं इस प्रश्न का उत्तर नहीं दे सकता। मैं असमर्थ हूं। इस सवाल का जवाब पाने के लिए वो सभी पृथ्वीलोक में उज्जयिनी नगरी के राजा विक्रमादित्य के पास गये। राजा विक्रमादित्य के महल पहुंचकर सभी देवताओं ने प्रश्न किया। इस पर राजा विक्रमादित्य भी असमंजस में पड़ गये।वो सोच रहे थे कि सभी के पास अपनी-अपनी शक्तियां हैं जिसके चलते वो महान हैं।

*(क्रमशः)*

# नडेला से अजय बंगा तक क्यों सफल होते हैं भारतवंशी



आर.के.सिन्हा

***सात*** समंदर पार भारतवंशियों के सफलता की खबरें-कहानियां लगातार भारतीय मीडिया में सुर्खियां बनने लगी हैं। आप गौर करें कि भारतवंशी सिर्फ सियासत में ही झंडे नहीं गाड़ रहे हैं। ये तो हम 1960 के दशक से सुन रहे हैं। तब पहली बार कैरिबियाई टापू देश गुयाना में छेदी जगन राष्ट्राध्यक्ष बने थे। उनके बाद न जाने कितने भारतवंशी गुयाना, त्रिनिडाड, फिजी, मारीशस, सूरीनाम में सर्वोच्च पदों पर पहुंचे। अब ब्रिटेन में भारतवंशी और इंफोसिस कंपनी के फाउंडर चेयरमेन एन.नारायणमूर्ति के दामाद ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गये। अब बात सियासत से हटकर बिजनेस की करेंगे। आप जानते हैं कि बीते बीसेक सालों के दौरान इंदिरा नुई (पेप्सी), पराग अग्रवाल ( ट्वीटर), विक्रम पंडित ( सिटी बैंक), सुंदर पिचाई ( गूगल), सत्या नेडाला (माइक्रोसाफ्ट), शांतनु नारायण (एडोब), राजीव सूरी (नोकिया) जैसी प्रख्यात कंपनियों के भारतीय सीईओ बन गये। अब बिल्कुल हाल ही में अजय बंगा को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बीडेन ने वर्ल्ड बैंक का अध्यक्ष मनोनीत कर दिया। बंगा की विश्व स्तर पर पहचान तब बनी थी, जब वे मास्टर कार्ड के सीईओ थे। दरअसल बिजनेस में अजय बंगा या उनके जैसे सैकड़ों भारतीय अमेरिका तथा यूरोप में अपनी सफलता की इबारत इसलिए लिख रहे हैं, क्योंकि उन्हें अपने देश में बहुत ही स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिला। श्रेष्ठ शिक्षा ग्रहण करने के चलते ही लाखों भारतीयों की हर साल तकदीर बदल रही है। भारत में एक से बढ़कर एक विश्व स्तर के शिक्षण संस्थान हैं। इसलिए कम से कम यह तो मत ही कहिये कि हमारे यहां की तमाम शिक्षण संस्थाएं बकवास हैं। कुछ हो भी सकती हैं, जैसे कहीं भी हो सकती हैं, लेकिन सभी नहीं। अजय बंगा को ही लें। उनका वर्ल्ड बैंक का प्रमुख बनना तय है। सबको गर्व है कि एक भारतीय मूल के शख्स को इतनी अहम जिम्मेदारी मिलने जा रही है। उन्होंने राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज तथा आईआईएम, अहमदाबाद में पढ़ाई की थी। पर जिस संस्था ने सेंट स्टीफंस कॉलेज की नींव रखी थी उसे कितने लोग जानते हैं। उसकी बात करना भी जरूरी है। इसका नाम है दिल्ली ब्रदर्स सोसायटी। इससे गांधी जी के सहयोगी और स्वाधीनता सेनानी दीन बंधु सीएफ एंड्रयूज भी जुड़े हुए थे। वे सेंट स्टीफंस कॉलेज में अंग्रेजी पढ़ाते थे। वे दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी से 1914 में मिले थे। उन्हीं के प्रयासों से ही गांधी जी और कस्तूरबा गांधी पहली बार 12 अप्रैल-15 अप्रैल, 1915 को दिल्ली आये थे। वे ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी भारत की आजादी के प्रबल पक्षधर थे। इससे अंदाजा लग जायेगा कि सेंट स्टीफंस कॉलेज को खोलने वाली संस्था का मूल चरित्र किस तरह का है। उसकी भारत को लेकर निष्ठा निर्विवाद है। बंगा ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम), अहमदाबाद से भी पढ़ाई की। भारत सरकार, गुजरात सरकार और औद्योगिक क्षेत्रों के सक्रिय सहयोग से एक स्वायत्त निकाय के रूप में 1961 में इसकी स्थापना हुई। चार दशकों में यह भारत के प्रमुख प्रबंधन संस्थान से एक उल्लेखनीय अंतरराष्ट्रीय मैनेजमेंट स्कूल के रूप में विकसित हुआ है। आईआईएम के विद्यार्थी सारी दुनिया में छाए हुए हैं। आईआईएम ने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के साथ प्रारंभिक सहयोग किया था। इस सहयोग ने संस्थान के शिक्षा के दृष्टिकोण को काफी प्रभावित किया। धीरे-धीरे, यह पूर्वी और पश्चिमी मूल्यों के सर्वोत्तम संगम के रूप में उभरा। आप गौर करें कि भारत या भारत से बाहर जाकर बड़ी कामयाबी हासिल करने वालों में आईआईटी में पढ़े छात्रों की तादाद बहुत अधिक है। एन. नारायणमूर्ति खुद आईआईटी कानपुर से हैं। पराग अग्रवाल पढ़े हैं आईआईटी, मुंबई में। इसने देश-दुनिया को चोटी के सीईओ से लेकर इंजीनियर दिये हैं। आप नये उद्यमियों जैसे सचिन बंसल और बिन्नी बंसल की चर्चा न करें ऐसा तो नहीं हो सकता। इन दोनों ने 2007 में फ्लिपकार्ट की स्थापना की थी। ये दोनों आईआईटी, दिल्ली में रहे। भारत में पहली आईआईटी की स्थापना कोलकाता के पास स्थित खड़गपुर में 1950 में हुई थी। भारत की संसद ने 15 सितंबर 1956 को आईआईटी एक्ट को मंजूरी देते हुए इसे 'राष्ट्रीय महत्व के संस्थान' घोषित कर दिया। इसी तर्ज पर अन्य आईआईटी मुंबई ( 1958), मद्रास ( 1959), कानपुर ( 1959), तथा नई दिल्ली ( 1961) में स्थापित हुई। फिर गुवाहाटी में आईआईटी की स्थापना हुई। सन 2001 में रुड़की स्थित रुड़की विश्वविद्यालय को भी आईआईटी का दर्जा दिया गया। तो बहुत साफ है कि दशकों पहले भारत से संसार के विभिन्न देशों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री तक बन रहे हैं। और अब भारत में ही शिक्षित नौजवान दुनिया के चोटी की कंपनियों के सीईओ बनाये जा रहे हैं। ये इसलिए हो रहा है, क्योंकि इन्हें श्रेष्ठ शिक्षा मिल रही है।

**भारतीयों की हर साल तकदीर बदल रही है। भारत में एक से बढ़कर एक विश्व स्तर के शिक्षण संस्थान हैं। इसलिए कम से कम यह तो मत ही कहिये कि हमारे यहां की तमाम शिक्षण संस्थाएं बकवास हैं।**

**राजनीति**

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

Jayant Sinha
@jayantsinha
आभार रामगढ़ ✌

रामगढ़ की जनता ने NDA को प्रचंड जीत दिलाकर झारखण्ड में बदलाव का संदेश दे दिया है।

जेएमएम-कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को जनता आगामी विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकेगी।

इस अवसर पर NDA के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

## फेसबुक वॉल से

Anil Bhaskar
20 h

कालचक्र का तिलिस्म देखिए। जिस यूपी में कभी अतीक अहमद के आतंक का डंका बजा करता था, आज उसी यूपी की जेल में स्थानांतरित किये जाने के डर से उसकी रूह कांप रही है। शासन के जिन गलियारों में कभी उसके लिए सुरक्षाचक्र तैयार होते थे, उन्हीं से नेस्तनाबूद कर दिए जाने का ऐलान सुनाई दे रहा है। जिस पुलिस महकमे को कभी वह अपनी कठपुतली मानकर साजिशें रचा करता था, आज उसी के हाथों एनकाउंटर या फिर गाड़ी पलट दिए जाने की आशंका से दिमाग की नसें फूल रही हैं। कानून-कायदे, नैसर्गिक न्याय व्यवस्था और मानवाधिकार की बहस अपनी जगह, पर आतंक के ऐसे प्रतीक पुरुष का खौफ से पजामा गीला करना अच्छा लगता है। उसके सियासी आकाओं के पेट में उठता मरोड़ भी।

# औरतों के साथ समानता की बात कितनी जायज है?



डॉ. निवेदिता शर्मा

***संयुक्त*** राष्ट्र महासचिव गुटेरेश ने हाल ही में विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को हरसम्भव समर्थन देने की की घोषणा की है। निःसंदेह इससे इस क्षेत्र में महिलाओं की संख्या बढ़ेगी। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन के अनुसार, स्कूलों में लड़कियों की संख्या पहले की तुलना में कहीं अधिक है, लेकिन विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, और गणित विषयों में उनका प्रतिनिधित्व अब भी कम है। हर तीन में से केवल एक शोधकर्ता महिला है। कृत्रिम बुद्धिमता जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में इनकी संख्या और भी कम है। यहां हर पांच में से केवल एक महिला ही कार्यरत है। देखा जाए तो चिंता का विषय इतना भर नहीं है कि विज्ञान अथवा तकनीक के क्षेत्र में महिलाओं के साथ न्याय नहीं हो रहा। व्यवहार में सच यही है कि जो देश स्वयं को बहुत विकसित मानते हैं, वहां भी लैंगिक समानता का अभाव हर स्तर पर है। यही कारण है कि विश्व में किसी भी स्थान की महिला क्यों न हो, वह आपको अपने लिए सामाजिक, तकनीति, शोध एवं रोजगार के समस्त क्षेत्रों में संघर्ष करती और सहज रास्ता खोजती दिखाई देती है। इसे यदि भारत के संदर्भ में देखें तो श्रम बाजार में महिलाओं की स्थिति पुरुषों की तुलना में अब तक ठीक नहीं हो पाई है। हालांकि यह स्वीकार करना होगा कि केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद जरूर नवाचारों का बड़ा परिवर्तन दिखाई दिया है। राजनीतिक तौर पर जागृति आई है और सामाजिक स्तर पर इसका लाभ यह हुआ है। बावजूद इसके यह भी स्वीकारना होगा कि जो परिवर्तन होने चाहिए वह अभी बदलाव बाकी है। विश्व आर्थिक मंच की द ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट की पिछले साल की रिपोर्ट भी महत्वपूर्ण है। वह भी यही इशारा करती है। पुरुषों और महिलाओं के बीच श्रम भागीदारी असमानता में एक से चार प्रतिशत का अंतर सामान्यतः देखा जा सकता है। एक बारगी को शासकीय नौकरियों और निजी क्षेत्र के कुछ विशेष रोजगार स्थलों को छोड़ दिया जाए तो आज भी समान कार्य का समान वेतन एक महिला होने के कारण से उसे नहीं दिया जा रहा है। एक सर्वे संपूर्ण भारत के संदर्भ में दृष्टि स्त्री अध्ययन प्रबोधन केंद्र का भी सामने आ चुका है। यह रिपोर्ट देश के 29 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों की 74 हजार से अधिक महिलाओं के अनुभवों पर आधारित है। इस सर्वे में सामने आया कि पचास प्रतिशत महिलाएं ही दिन में दो बार भोजन कर पाती हैं। 3.73 प्रतिशत महिलाओं को दिन में एक बार ही भोजन मिलता है। 18 साल से कम की 64 प्रतिशत लड़कियों को माहवारी से जुड़ी समस्याएं हैं। दूसरे नंबर पर आर्थराइटिस की समस्या सामने आई ।5.28 प्रतिशत महिलाएं ब्लड प्रेशर, 3.07 प्रतिशत महिलाएं हृदय रोग, 1.62 प्रतिशथ डायबिटीज और 0.51 प्रतिशत महिलाएं कैंसर से जूझ रही हैं। सर्वे में शिक्षा का सर्वाधिक प्रतिशत ईसाई समुदाय की महिलाओं में और उसके बाद हिंदू, बौद्ध, मुस्लिम, जैन और सिख समुदाय की महिलाओं में पाया गया। सबसे अधिक जनजाति महिलाएं रोजगार से संबद्ध मिलीं। सामान्य अन्य कैटेगरी में बेरोजगारी की दर सबसे ज्यादा पाई गई । उसमें भी जिनके पास रोजगार है तो उनकी शिकायतें अधिक हैं जैसे-बच्चों के लिए क्रेच की सुविधा उपलब्ध नहीं, कैंटीन, परिवहन और कार्यस्थल पर रेस्ट रूम की सुविधा नहीं, 60% से भी अधिक को लोन सुविधा नहीं। इस सर्वे में पाया गया कि शादी और आर्थिक तंगी के कारण लड़कियों को बीच में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। आरक्षण एससी और एसटी और ओबीसी लड़कियों को उच्च शिक्षा हासिल करने में मददगार है। सर्वे में दो तिहाई महिलाएं अपने रुचि के विषयों के बारे में नहीं बता पाईं, जिससे पता चलता है कि उन पर जिम्मेदारियां इतनी अधिक हैं कि उन्हें अपनी रुचि के बारे में सोचने का मौका ही नहीं मिलता। सर्वे में शामिल एक चौथाई महिलाओं ने बताया कि वह अपने लिए फुरसत के पल नहीं निकाल पातीं। इसके साथ ही इस सर्वे में कहा गया है कि आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़ीं महिलाएं दूसरे क्षेत्र की महिलाओं से ज्यादा खुश हैं। लिव इन में रहने वालीं महिलाओं की तुलना में शादी कर घर बसाने वालीं महिलाएं ज्यादा खुश हैं। 90 प्रतिशत ऐसी महिलाएं, जिनके पास परिवार और रोजगार दोनों ही नहीं, वह ज्यादा खुश हैं। इस सर्वे का निचोड़ कि पैसे का खुशियों से कोई संबंध नहीं है। वास्तव में यह रिपोर्ट भारत की समस्त स्त्री जाति के समग्र अध्ययन को लेकर है। लेकिन इसमें भी जो बात निकलकर सामने आई है वह यही है कि रोजगार के स्तर पर कार्यरत अधिकांश महिलाएं खुश नहीं हैं।

**कृत्रिम बुद्धिमता जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में इनकी संख्या कम है। देखा जाए तो चिंता का विषय इतना भर नहीं है कि विज्ञान अथवा तकनीक के क्षेत्र में महिलाओं के साथ न्याय नहीं हो रहा।**

**आधी आबादी**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शुक्रवार को उनके सरकारी आवास पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने शिष्टाचार भेंट की।



दानिश आजाद अंसारी ने की सीएम योगी से मुलाकात।

# राष्ट्रपति ने किया 7वें अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का शुभारम्भ

**एजेंसी। भोपाल**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को मप्र की राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित तीन दिवसीय 7वें अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन 'नए युग में मानववाद का सिद्धांत' विषय पर हो रहा है, जिसमें 15 देशों के 350 से ज्यादा विद्वान और पांच देशों के संस्कृति मंत्री शामिल हैं। उद्घाटन अवसर पर प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर और सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. नीरजा गुप्ता भी मौजूद रही।

सम्मेलन पांच मार्च तक चलेगा। धर्म-धम्म के वैश्विक विचारों को मंच प्रदान करने वाले सम्मेलन में भूटान, मंगोलिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाइलैंड, वियतनाम, नेपाल, दक्षिण कोरिया, मॉरिशस, रूस, स्पेन, फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन की सहभागिता है।

सम्मेलन में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे का मुझे सानिध्य प्राप्त हुआ था। मैं उन्हें नमन करती हूं। महर्षि पतंजलि, गुरु नानक, भगवान बुद्ध ने दुख से निकलने के मार्ग सुझाए हैं। मानवता के दुख के कारण का बोध करना और इस दुख को दूर करने का मार्ग दिखाना पूर्व के मानववाद की विशेषता है। ये आज के युग में और अधिक महत्वपूर्ण है। महर्षि पतंजलि ने अष्टांग योग की पद्धति स्थापित की। भगवान बुद्ध ने अष्टांगिक मार्ग प्रदर्शित किया। गुरु नानक देव जी ने नाम सिमरण का रास्ता सुझाया, जिसके लिए कहा जाता है- नानक नाम जहाज है, चढ़े सो उतरे पार...।




उन्होंने कहा कि कभी-कभी कहा जाता है कि धर्म का जहाज हिलता-डुलता है, लेकिन डूबता नहीं है। धर्म-धम्म की अवधारणा भारत चेतना का मूल स्तर रही है। हमारी परंपरा में कहा गया है कि जो सब को धारण करता है, वो धर्म है। धर्म की आधारशिला मानवता पर टिकी हुई है। राग और द्वेष से मुक्त होकर, अहिंसा की भावना से व्यक्ति और समाज करना पूर्व के मानववाद का प्रमुख संदेश रहा है। नैतिकता पर आधारित व्यक्तिगत आचरण और समाज पूर्व के मानववाद का व्यावहारिक रूप है।

मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि यह मध्य प्रदेश का सौभाग्य है कि सातवां धर्म-धम्म सम्मेलन भोपाल में हो रहा है। एक ही चेतना सभी में है। सियाराम मय सब जग जानी। सब में सियाराम है। विशाल हृदय वाले कहते हैं कि सारी धरती ही हमारा परिवार है। भारत के गांव-गांव में आज भी हर धार्मिक आयोजन में बच्चा-बच्चा इस मंत्र का उद्घोष करता है कि धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो। भारत का बच्चा-बच्चा यह गाता है।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि हमारे देश की सदियों पुरानी परंपरा विश्व जाति और मानव जाति के कल्याण में विश्वास रखती है। इसे बढ़ावा देती है। हमारी मान्यता इस विश्वास में निहित है कि विश्व सबके लिए है, युद्ध की कोई आवश्यकता नहीं है। मानवता के कल्याण के लिए शांति, प्रेम और विश्वास जरूरी है। ऋषियों का चिंतन ही आज के समय में समाधान का रास्ता प्रस्तुत करता है। इस सम्मेलन का उद्देश्य दो प्राचीन सभ्यताओं के बीच सद्भाव को बढ़ा देना है। यह सम्मेलन युद्ध और पीड़ा से कराहते विश्व को शांति का मार्ग दिखाने में सक्षम होगा।

इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोपहर 12 बजे विशेष विमान से दिल्ली से भोपाल पहुंचीं। यहां राजा भोज विमानतल पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी ने उनका आत्मीय स्वागत किया। यहां से राष्ट्रपति मुर्मू कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हो गईं। इस कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद वह वापस दिल्ली रवाना हो जाएंगी।

मुख्यमंत्री चौहान ने ट्वीट के माध्यम से कहा कि 7वें धर्म धम्म सम्मेलन के शुभारंभ के लिए पधारीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी का राजा भोज की पवित्र नगरी भोपाल पहुंचने पर अपनी व प्रदेश के समस्त नागरिकों की ओर से आत्मीय स्वागत करता हूं। सातवें धर्म धम्म सम्मेलन में आपकी उपस्थिति हमारे लिए गर्व का विषय है। आपके आगमन और इसमें सहभागिता के लिए आभार प्रकट करता हूं।

## NEWS इन ब्रीफ

### रेलवे ट्रैक पार कर रहे दो बालकों की ट्रेन से कटकर मौत

**मीरजापुर।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र स्थित रेहडा पुल के पास शुक्रवार सुबह नई रेलवे लाइन पार करते समय मालवाहक ट्रेन से कटकर दो बालकों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के चंद्रदीपा निवासी आठ वर्षीय आर्यन एवं छोटकी महुवरिया निवासी नौ वर्षीय राज शुक्रवार की सुबह रेहडा पुल के पास बनी नई रेलवे लाइन पार कर रहे थे। इसी बीच रेलवे ट्रैक पर मालवाहक ट्रेन आ गई और ट्रैक पार कर रहे दोनों बालकों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।

### नवादा में एक व्यक्ति का शव बरामद

**नवादा।** बिहार में नवादा जिले के रूपौ थाना क्षेत्र से पुलिस ने शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर दिऔरा गांव में सड़क किनारे से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान जिले के सदर थाना क्षेत्र के गोला रोड कदमकुंआ निवासी सुबोध आर्य उर्फ आनंद कुमार के रूप में की गयी है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यव्रत मुखर्जी का निधन



**कोलकाता।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई कैबिनेट में मंत्री रहे वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यव्रत मुखर्जी का निधन शुक्रवार को हो गया है। वह 90 साल के थे। राजनीतिक गलियारों में जलु बाबू के नाम से मशहूर सत्यव्रत ने आज सुबह कोलकाता के शनि पार्क स्थित घर पर आखिरी सांस ली है। वह पेशे से अधिवक्ता थे और वकालत में सुनाम थे। वर्ष 2008 से 2009 तक वह बंगाल भाजपा के अध्यक्ष भी रह चुके थे। इसके बाद उनकी जगह राहुल सिन्हा को अध्यक्ष बनाया गया था। नदिया जिले के तृणमूल नेता और ममता कैबिनेट में मंत्री अरूप विश्वास ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया है।

### दो महिला नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**दंतेवाड़ा।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों पर बढ़ते दबाव के चलते 2 महिला नक्सली सीएनएम/ मिलिशिया सदस्या कु. लिंगे मडकमी एवं कु. देवे मडकमी निवासी नीलावाया थाना गादीरास जिला सुकमा ने शुक्रवार को सुरेन्द्र सिंह कमाण्डेंट 231 बटालियन के प्रयासो से पुलिस अधीक्षक कार्यालय दंतेवाड़ा में आत्मसमर्पण कर दिया है।

# योगी 2.0 : रोजगार मेले में 1.72 लाख युवाओं को मिला रोजगार

**श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने विधानसभा में दी योगी सरकार की उपलब्धि की जानकारी**

**योगी सरकार ने करीब 6 वर्ष में 5 हजार से अधिक रोजगार मेलों का किया है आयोजन**

**इन 6 वर्षों में रोजगार मेलों के माध्यम से करीब 7.5 लाख युवाओं को दिलाया गया रोजगार**

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में रोजगार मेले के माध्यम से 1.72 लाख युवाओं को नौकरियां प्रदान की हैं। शुक्रवार को विधानसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योगी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में अब तक कुल 1536 रोजगार मेलों का आयोजन किया है, जिसके माध्यम से प्रदेश भर में एक लाख 72 हजार 291 युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। यही नहीं, योगी सरकार ने अपने अब तक के करीब 6 साल के कार्यकाल में करीब 7.5 लाख युवाओं को रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराए हैं।



**पूरे 6 वर्ष के रोजगार मेलों का दिया विवरण :** विधानसभा सदस्य अतुल प्रधान की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने पूरे 6 वर्ष का सिलसिलेवार ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा कार्यालय परिसर/परिसर के बाहर या आवश्यक चयनित स्थान में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन मेलों में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा अधिसूचित रिक्तियों के सापेक्ष रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किए जाने की व्यवस्था है। इन रोजगार मेलों में सिर्फ शहरी ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को भी सम्मिलित किया जाता है। 6 साल में लगातार प्रति वर्ष इन मेलों की संख्या में वृद्धि हुई है। 2017-18 में जहां 633 रोजगार मेलों के माध्यम से 63,152 युवाओं को रोजगार दिलाया गया था तो वहीं, 2018-19 में 685 रोजगार मेलों में 1,03,202 को रोजगार मिला। 2019-20 में 733 रोजगार मेले और 1,43,304 रोजगार, 2020-21 में 869 रोजगार मेले और 1,47,499 रोजगार, 2021-22 में 822 रोजगार मेले और 1,17,430 रोजगार उपलब्ध कराए गए। 2022-23 में 31 जनवरी 2023 तक 1536 रोजगार मेलों का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें 1,72,291 रोजगार दिए गए हैं।

**कुशल कामगारों के लिए बनाया गया सेवामित्र प्लेटफॉर्म :** अनिल राजभर ने सदन में ये भी बताया कि योगी सरकार कुशल कामगारों को भी रोजगार से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। कुशल कामगारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं जनसामान्य व शासकीय विभागों को स्थानीय सेवाएं (प्लम्बर, कारपेन्टर, पेन्टर, इलेक्ट्रिशियन, ड्राईवर आदि) प्रदान करने के लिए सरकार की ओर से सेवामित्र प्लेटफार्म (पोर्टल sewamitra.up.gov.in/ सेवामित्र एप/कॉल सेंटर) की व्यवस्था की गई है। 13 फरवरी 2023 तक सेवामित्र पोर्टल पर रजिस्टर संख्या के अनुसार प्रदेश में कुशल कामगारों की संख्या 33,913 है। वहीं सेवा प्रदाताओं की संख्या 753 है। 3839 सेवामित्र भी इसमें जुड़े हुए हैं।

### प्रजापति कुम्हारों को आत्मनिर्भर बना रही योगी सरकार

प्रजापति कुम्हारों को लेकर पूछे गए एक सवाल पर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार उनके रोजगार को लेकर संवेदनशील है। इसके लिए सरकार की ओर से माटी कला बोर्ड भी बनाया गया है। यही नहीं, हम उनकी सुविधा के लिए इलेक्ट्रॉनिक चाक भी वितरित कर रहे हैं, ताकि वो सुविधाजनक तरीके से अपना कार्य कर सकें। इसके अलावा उनके लिए 24 घंटे बिजली आपूर्ति की भी सरकार ने व्यवस्था की है।

### होमगार्ड स्वयंसेवकों को दी जा रही आर्थिक मदद

होमगार्ड को लेकर किए गए एक सवाल पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि होमगार्ड विभाग के लिए प्रदेश सरकार की ओर से कई महत्वपूर्ण काम किए हैं। इनके नियमितीकरण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका खारिज की जा चुकी है। लेकिन योगी सरकार ने इनकी आर्थिक मदद के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसके अंतर्गत 2018 में इनका दैनिक भत्ता 375 से बढ़ाकर 500 रुपए कर दिया गया। 2019 में इसे 100 रुपए बढ़ाकर 600 रुपए किया गया। यही नहीं, होमगार्ड विभाग का कोई भी जवान ड्यूटी करते समय किसी दुर्घटना के चलते अपंग हो जाता है या उसकी मृत्यु हो जाती है तो उसके परिजनों को सरकार की ओर से 5 लाख रुपए प्रदान किए जाने की भी व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 81,303 होमगार्ड्स स्वयंसेवक कार्यरत हैं।

**सही है सीएम योगी का आरोप**

# सपा सरकार में अखिलेश ने वापस लिया था खुद पर मुकदमा दर्ज

**चुनावी आचार संहिता तोड़ने का दर्ज था मुकदमा, अखिलेश समेत चार अन्य थे आरोपित**

**आतंकी हमले से जुड़े 14 मुकदमों के 21 आरोपियों पर से अखिलेश ने एक साथ वापस लिए थे मुकदमे**



**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों सदनों में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव पर तीखे हमले किए। उन्होंने विधनसभा और विधान परिषद में समाजवादी पार्टी की सरकार में मुकदमा वापसी के मुद्दे को जमकर उठाया। सीएम योगी ने सपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अखिलेश ने खुद के और अपने चार साथियों पर से मुकदमों को वापस लिया था। यही नहीं सीएम योगी ने आतंकवादियों के मुकदमों की वापसी के मुद्दे पर भी सपा और अखिलेश यादव को आड़े हाथों लिया। दस्तावेजों की पड़ताल की जाए तो सपा सरकार पर सीएम योगी द्वारा लगाए गए मुकदमा वापसी के आरोप बिल्कुल सही साबित होते हैं।

मामला वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव का है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर चुनाव आयोग ने मुजफ्फरनगर के खतौली में चुनाव प्रचार के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज कराया था। उन पर चुनाव प्रचार के दौरान तय सीमा से ज्यादा वाहनों के इस्तेमाल आरोप था। इस मामले में अखिलेश के साथ-साथ संजय चौहान, शाहिद अखलाक, राम कुमार यादव और प्रमोद त्यागी आरोपी थे। मुकदमा दर्ज होने के बाद आठ वर्षों तक इस मामले को लंबित रखा गया। वर्ष 2012 में जब सपा सत्ता में आई तो इस मामले की जांच के लिए सरकार की तरफ से प्रमुख सचिव कानून और प्रमुख सचिव गृह की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित कर दी गई। आचार संहिता उल्लंघन के मामले की कमेटी ने अपने हिसाब से व्याख्या करते हुए उसे राजनीति से प्रेरित बता दिया और मुकदमा वापसी की सिफारिश कर दी। बतौर मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कमेटी की सिफारिश पर 23 सितंबर 2016 को हस्ताक्षर किये और मुकदमा वापस ले लिया गया।

यहीं नहीं आतंकी हमले के आरोपितों के प्रति सपा द्वारा साफ्ट कार्नर अपनाने का सीएम योगी का यह आरोप भी निराधार नहीं है। अखिलेश सरकार ने 2013 में सात जिलों में आतंकी हमले से जुड़े 21 आरोपियों पर से 14 मुकदमे एक साथ वापस लिए थे। इनमें लखनऊ के छह और कानपुर के तीन मामले थे। इसके अलावा वाराणसी, गोरखपुर, बिजनौर, रामपुर और बाराबंकी का एक-एक मामला था। पांच मार्च, 2013 को वाराणसी के जिस मामले को वापस लिया गया था, वह सात मार्च 2006 में संकट मोचन मंदिर एवं रेलवे स्टेशन कैंट पर हुए सिलसिलेवार बम धमाके से जुड़ा था।

इसी तरह एक प्रकरण वाराणसी के दशाश्वमेध घाट का है, जहां प्रेशर कुकर में घड़ी लगा विस्फोटक किया गया था। इस आतंकी हमले में 28 लोगों की मौत हुई थी और 101 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इसमें मुख्य आरोपित आतंकी संगठन हूजी से जुड़ा शमीम अहमद है। इसी तरह से 20 मई, 2007 को गोरखपुर के बलदेव प्लाजा, जरकल बिल्डिंग और गणेश चौराहा पर हुए सिलसिलेवार विस्फोट के मामले को राज्य सरकार ने वापस ले लिया था।

# अणुव्रत को और 14 दिनों की सीबीआई हिरासत में रखने का दिया आदेश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार बीरभूम जिले के बाहुबली तृणमूल नेता अणुव्रत मंडल को कोर्ट ने और 14 दिनों की सीबीआई हिरासत में रखने का आदेश दिया। शुक्रवार को आसनसोल की विशेष सीबीआई कोर्ट में उन्हें पेश किया गया था जहां न्यायाधीश राजेश चक्रवर्ती ने 17 मार्च तक उन्हें सीबीआई हिरासत में रखने का आदेश दिया। कोर्ट का यह फैसला ऐसे वक्त आया है जब केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उन्हें नई दिल्ली ले जाने की तैयारी में है और इसे रोकने के लिए मंडल ने कलकत्ता हाई कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट में एक साथ याचिकाएं लगाई है। दोनों याचिकाओं पर आज ही सुनवाई होनी है।

# सड़क हादसे में तीन की मौत

**एजेंसी। जमुई**

बिहार में जमुई जिले के सिकंदरा में गुरुवार की देर रात सिकंदरा थाना क्षेत्र के पिरिहिंडा के पास सड़क हादसे में दो महिला व एक मासूम सहित तीन बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई है। हादसे में बाइक चालक को भी चोट लगी है। मरने वालों में दो बहनें शामिल है। उनके साथ चार माह का बच्चा भी था। पुलिस के मुताबिक डीजे गाड़ी की रफ्तार को देखकर बाइक सवार लड़खड़ा गया, तभी पीछे से आ रहे बेलगाम ट्रक ने चारों को कुचल दिया दिया। घटनास्थल पर ही एक बच्चे समेत दो महिला की मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे चालक ठोकर के बाद कुछ दूर तक जा गिरा। युवक आंशिक रूप से जख्मी हुआ। बाइक चलाने वाला युवक छोटेलाल तांती नेहा का देवर है। ट्रक ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। मरने वालों में बबलू तांती की पत्नी नेहा कुमारी व उसकी प्रियंका कुमारी व मासूम बच्ची नेहा शामिल हैं। हादसे की शिकार बनी दोनों युवतियां खैरा के केंडीह के नरेश तांती की बेटी थीं।

**बिहार बजट सत्र** | **तमिलनाडु मामले को लेकर पक्ष-विपक्ष आमने सामने, जोरदार हंगामा**

# लोगों की बर्बर पिटाई का मामला उठा

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को तमिलनाडु के कई इलाकों में बिहार के लोगों के साथ हुई कथित मारपीट को लेकर भाजपा ने जोरदार हंगामा किया। इस मामले को लेकर सत्ता और विपक्ष अब आमने सामने आ गए है। शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा के विधायकों ने तमिलनाडु में बिहार के लोगों के साथ मारपीट करने और धारदार हथियार से हमले की घटना को उठाया। इसपर सरकार की ओर से उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि वहां के



पुलिस महानिदेशक ने स्वयं ऐसी किसी भी घटना से इंकार किया है। इधर, नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वहां से लोगो का फोन आ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को एक विशेष समिति बनाकर वहां भेजना चाहिए। इधर, उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां की और तमिलनाडु की सरकार पर भाजपा के लोगों को विश्वास नहीं है तो केंद्रीय गृह मंत्रालय से जांच करवा लें। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि तमिलनाडु के डीजीपी ने मीडिया में चलाए जा रहे वीडियो को फर्जी बताया है। उन्होंने कहा यह दो राज्यों के बीच संबंध खराब करने की साजिश है। इस मुद्दे को लेकर भाजपा का हंगामा जारी रहा। सत्ता पक्ष के लोगों ने विपक्ष के आचरण पर अध्यक्ष से कारवाई करने की मांग की। इसके बाद भाजपा के विधायकों ने सदन से वाक आउट कर गए। भाजपा के नेता विजय सिन्हा ने कहा कि अगर यह मामला गलत निकला तो वे सदन में सार्वजनिक माफी मांग लेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार गुमराह कर रही है जबकि वहां फंसे लोग परेशान हैं। भाजपा के नेता ने कहा कि तेजस्वी यादव तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के जन्मदिन मनाने और केक खाने जाते हैं, लेकिन हमले पर बात नहीं करते। सिन्हा ने सदन के बाहर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि विपक्ष के नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा। इससे पहले, भाजपा विधायकों ने पूर्वोत्तर में पार्टी की जीत पर अबीर की होली खेली। विधायकों ने इस दौरान एक-दूसरे को मिठाईयां भी खिलाई। दीघा के विधायक संजीव चौरसिया ने कहा कि पूर्वोत्तर हमारा है। अब बिहार की बारी है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के चुनाव परिणाम का बहुत बड़ा असर देश सहित बिहार में भी 2024 के लोकसभा चुनाव और 2025 के विधानसभा चुनाव पर पड़ेगा।

# यूपी के 67 स्कूलों की मान्यता की जाएगी रद्द



**एजेंसी। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (यूपीएसईबी) ने उन 67 स्कूलों की मान्यता वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जहां हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में प्रॉक्सी परीक्षार्थी पकड़े गए थे। स्थानीय बोलचाल में 'मुन्ना भाई' कहे जाने वाले इन 120 फर्जी परीक्षार्थियों को इन स्कूलों से पकड़ा गया और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने कहा, हमने राज्य के 67 कॉलेजों की पहचान की है, जहां से प्रॉक्सी उम्मीदवारों को पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। बोर्ड ने डीआईओएस के माध्यम से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर ऐसे स्कूलों की एक सूची तैयार की है और जिन स्कूलों में नामांकित प्रॉक्सी उम्मीदवार हैं, उन्होंने मान्यता के लिए निर्धारित शर्तों का पालन नहीं किया है। शुक्ला ने कहा, इन स्कूलों ने परीक्षाओं के संचालन में गंभीर अनियमितता की है। इन संस्थानों की मान्यता वापस ले ली जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी 67 स्कूलों की मान्यता वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इस बीच, राज्य के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक की वार्षिक गृह परीक्षाएं 20-24 मार्च तक होंगी। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन और परिणाम तैयार करने का काम 30 मार्च तक होगा, जबकि रिपोर्ट कार्ड 31 मार्च को बांटे जाएंगे। दो साल के अंतराल के बाद परीक्षा हो रही है। सचिव, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद, प्रताप सिंह बघेल ने कहा कि कक्षा 1 के छात्रों के लिए मौखिक परीक्षा आयोजित की जाएगी, जबकि कक्षा 2 से 5 तक मौखिक और लिखित दोनों परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। कक्षा 6 से 8 तक के लिए केवल लिखित परीक्षा होगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### भारत की हार पर रवि शास्त्री ने की आलोचना

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इंदौर में तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के हाथों नौ विकेट की हार के लिए रोहित शर्मा की टीम की आलोचना की है। साथ ही कहा कि यह हार अति आत्मविश्वास के कारण आई है, जहां आप चीजों को हल्के में लेते हैं। आप मौके छोड़ देते हैं। इस कारण मैच में आप पीछे हो गए। मुझे लगता है कि यह इन सभी चीजों का एक संयोजन था जब आप वास्तव में अपना दिमाग लगाते हैं तो देखेंगे कि पहली पारी से ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर दबाव बनाकर रखा।

### हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की : रोहित शर्मा

**इंदौर।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां तीसरे टेस्ट मैच में नौ विकेट की हार के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि भारत को पहली पारी में अच्छी बल्लेबाजी नहीं करने की कीमत चुकानी पड़ी है। टेस्ट के पहले दिन, भारत ने पहले बल्लेबाजी करने के लिए चुनने के बाद पहले सत्र में सात विकेट खो दिए। मैथ्यू कुह्नमैन ने अपना पहला पांच विकेट का आंकड़ा दर्ज किया। शर्मा ने कहाः जब आप टेस्ट मैच हारते हैं तो बहुत सी ऐसी चीजें होती हैं जो हमारे पक्ष में नहीं होती। शुरुआत करने के लिए, हमने पहली पारी में अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हम समझते हैं कि पहली पारी में बोर्ड पर रन बनाना कितना जरूरी होता है।

### इंडियंस महाराजा के कोच बने क्लूसनर

**नई दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) मास्टर्स में भाग लेने वाली सभी तीन टीमों के कोचों की घोषणा कर दी है। एलएलसी मास्टर्स 10 मार्च से 20, 2023 तक दोहा में खेला जाना है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे बहुमुखी और निपुण ऑल-राउंडर्स में से एक लांस क्लूसनर को 2023 एलएलसी मास्टर्स के लिए इंडियंस महाराजा का कोच नियुक्त किया गया है। इंडियंस महाराजा की टीम में इरफान पठान, एस श्रीसंत, और रॉबिन उथप्पा जैसे सितारे शामिल हैं।

### यह एक संपूर्ण प्रदर्शन था : स्टीव स्मिथ

**इंदौर।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा कि उनकी टीम ने होल्कर स्टेडियम में तीसरे टेस्ट के अंत तक पूरा प्रदर्शन किया, जिसे उन्होंने नौ विकेट से जीत लिया। इंदौर टेस्ट जीतने में मैथ्यू कुह्नमैन और नाथन लियोन की भूमिका प्रमुख रही। एक ने एक पारी में पांच और दूसरे ने एक पारी में 8 विकेट लिए। जबकि उस्मान ख्वाजा ने पहली पारी में शानदार 60 रन बनाकर मेहमान टीम को 88 रन की बढ़त दिला दी। 76 रनों का पीछा करते हुए, ट्रैविस हेड और मार्नस लाबुसेन ने क्रमशः 49 और 28 रनों की नाबाद पारी खेलकर नौ विकेट की जीत पूरी की और डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

# अपने क्रिकेट का लुत्फ उठाना चाहती हूं : तानिया

**एजेंसी। मुंबई**



भारत की विकेटकीपर-बल्लेबाज तानिया भाटिया ने कहा कि वह शनिवार से यहां शुरू हो रही महिला प्रीमियर लीग में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ खेलने के दौरान उन्हें समझने की कोशिश कर रही हैं। भाटिया ने कहाः मैं सिर्फ अपने क्रिकेट का आनंद लेना चाहती हूं। यह टूर्नामेंट एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तरह है, क्योंकि हमें दुनिया भर के दिग्गजों के साथ खेलने का मौका मिल रहा है। मैं इस अवसर का उपयोग प्रतियोगिता के दौरान उनको समझने में लगाना चाहती हूं। दिल्ली कैपिटल्स महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण की तैयारी के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर रही है। इस बीच अपने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय करियर में 98 विकेट लेने वाली लेग स्पिनर पूनम यादव ने कहा कि डब्ल्यूपीएल महिला क्रिकेट को अगले स्तर पर ले जाएगा।

फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहाः महिला क्रिकेट डब्ल्यूपीएल के माध्यम से उच्च स्तर पर जाएगी। खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल में अपने अनुभव और प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हैं। इससे महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। पूनम ने उत्साह के बारे में भी बात की, जब दिल्ली कैपिटल्स इस सप्ताह के शुरू में अपने पहले प्रशिक्षण सत्र के लिए एक साथ आईं थी। उन्होंने कहाः जिस क्षण से हम अपने कमरों से बाहर निकले, उस समय से ही बहुत उत्साह था। हम एक नई जर्सी और एक नए किट बैग के साथ एक नई टीम में थे। टीम की नई साथियों के साथ बातचीत करना भी रोमांचक था। दिल्ली कैपिटल्स रविवार को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से भिड़ेगी।

# केविन ने पीएम मोदी के साथ मुलाकात की फोटो साझा की



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रायसीना डायलॉग के लिए भारत आए इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर साझा की है। सोशल मीडिया पर पीएम मोदी के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने कहाः मोदी सर आपके जन्मदिन पर चीतों की रिहाई के बारे में इतने भावुक और गर्मजोशी से बोलने का सम्मान मिला। आपसे मिलकर बहुत खुशी हुई। मैं वास्तव में आपको फिर से देखने के लिए उत्सुक हैं। पीटरसन को भारत में विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रायसीना डायलॉग कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने तीन दिवसीय कार्यक्रम का निमंत्रण मिलने के बाद ट्वीट किया, भू-राजनीतिक सम्मेलन में मंच साझा करने के लिए अगले सप्ताह भारत जाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। आमंत्रित किया जाना सम्मान की बात है!

भारत की यात्रा करना हमेशा कुछ ऐसा होता है जो मुझे उत्साहित करता है! पीटरसन ने गुरुवार को दिल्ली में गृह मंत्री के आवास पर गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी और सोशल मीडिया पर अपनी बैठक से एक तस्वीर भी साझा की थी। 42 वर्षीय इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ने अपने प्रशंसकों का दिल जीतने के लिए हिंदी में ट्वीट पोस्ट करते हुए, भारत के लिए अपने प्यार का इजहार किया है।

# तीसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया ने भारत को 9 विकेट से हराया

## वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

### नाथन लियोन बने मैन ऑफ द मैच, दोनों पारी में कुल 11 विकेट झटके

**एजेंसी। इंदौर**

इंदौर के होल्कर स्टेडियम में आस्ट्रेलिया ने यहां बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन भारत को 9 विकेट से हरा दिया। इस जीत का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया ने लंदन के द ओवल में 7-11 जून तक होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ऑस्ट्रेलियाई पारी की बात करें तो बल्लेबाज ट्रेविस हेड और लाबुसेन ने 78 रन की नाबाद अर्धशतकीय साझेदारी निभाई। वहीं, मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी गेंदबाज नाथन लियोन को मिली। इससे पहले दूसरे दिन 60.3 ओवर में भारत 163 रन पर सिमट गया था, जिससे कंगारूओं को 76 रनों का जीत के लिए लक्ष्य मिला था।

गेंदबाज नाथन लियोन ने दोनों पारी में कुल 11 विकेट झटके। वहीं, तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की सलामी जोड़ी उस्मान ख्वाजा और ट्रेविस हेड ने पारी की शुरुआत की। हालांकि, ख्वाजा अश्विन की गेंद की चपेट में आकर शून्य पर आउट हो गए। दिन की शुरुआत ख्वाजा के फॉरवर्ड डिफेंस पर रविचंद्रन अश्विन की गेंद में एज लगने और केएस भरत के पीछे कैच लेने से हुई। ख्वाजा ने रिव्यू लिया, लेकिन रिप्ले ने बल्लेबाज को आउट करार दिया। फिर मार्नस लाबुसेन क्रिज पर आए और हेड के साथ पारी को आगे बढ़ाया। ऑस्ट्रेलिया जब दस ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 13 रन पर था, तो हेड ने अश्विन को मिड ऑन के ऊपर से चौका मारा और इसके बाद 11वें ओवर में एक बड़ा छक्का लगाया, जहां भारत को गेंद बदलनी पड़ी। हेड ने रवींद्र जडेजा का उनके सिर के ऊपर से चौका मारकर स्वागत किया और लेबुसेन ने ओवर में एक और चौका लगाने के लिए बाएं हाथ के स्पिनर को मिड-विकेट पर स्वीप कर ओवर का अंत किया। अश्विन को 15वें ओवर में हटा दिया गया क्योंकि हेड ने कवर पर कुछ अच्छे शॉट्स लगाए, जबकि लाबुसेन ने रिवर्स स्वीप से बैकवर्ड पॉइंट पर दो चौके लगाए। भारत ने उमेश यादव को गेंदबाजी आक्रमण में शामिल किया, लेकिन क्रिज पर मौजूद दोनों बल्लेबाजों ने उमेश यादव का भी स्वागत किया और ओवर में दो चौके लगाए। 18वें ओवर में टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 69 रन बना लिए थे। टीम को जीत के लिए 7 रन की और जरूरत थी। गेंदबाजी अब अश्विन ने की, लेकिन दोनों बल्लेबाज इसी ओवर में मैच समाप्त करने पर उतारू थे और वह उन्होंने पूरा किया। पहले हेड ने पहली गेंद पर चौका लगाया, जिसके बाद दूसरी गेंद पर एक रन लिया और स्ट्राइक को बदला। वहीं, लाबुसेन ने 18वें ओवर की पांचवीं गेंद पर चौका लगाकर मैच को समाप्त किया और टीम को नौ विकेट से शानदार जीत दिलाई। हेड ने 53 गेंदों पर एक छक्का और 6 चौके की मदद से 49 रन की नाबाद पारी खेली।



### भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए अहमदाबाद टेस्ट जीतना जरूरी

होल्कर स्टेडियम में शुक्रवार को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के हाथों भारत की नौ विकेट की हार ने रोहित शर्मा की टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई को थोड़ा जटिल बना दिया है। डब्ल्यूटीसी फाइनल 7 से 11 जून को द ओवल में होगा। भारत अपने संभावित डब्ल्यूटीसी अंकों में से 60.29 के साथ तालिका पर दूसरे स्थान पर है और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए प्रमुख स्थिति में है। वह अभी भी श्रीलंका से आगे निकल सकता है, अगर परिणाम आने वाले हफ्तों में रोहित शर्मा के पक्ष में जाता है। अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में जीत से डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत का स्थान सुनिश्चित हो जाएगा। लेकिन मेहमान की जीत या ड्रॉ श्रीलंका के लिए भारत से आगे निकलने और फाइनल के लिए आखिरी स्थान छीनने के लिए दरवाजा खुला छोड़ देगा। श्रीलंका के पास इस महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ घर से बाहर खेलने के लिए दो टेस्ट हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने के लिए उन्हें कीवी टीम पर 2-0 से सीरीज जीतनी होगी। लेकिन न्यूजीलैंड ने हाल ही में इंग्लैंड को घर में 1-1 से ड्रा पर रोक दिया है।

### हेड ने शानदार काम किया : टेलर

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने इंदौर में तीसरे टेस्ट मैच में भारत पर मेहमान टीम की नौ विकेट से जीत की अगुआई करने वाले बल्लेबाज ट्रेविस हेड की तारीफ की। उन्होंने आगे कहा कि इस बल्लेबाज ने गेंदबाज पर दबाव बनाया, जिसने काफी अच्छा काम किया। चोटिल डेविड वार्नर की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपनिंग करते हुए, हेड ने तीसरे दिन के मैच में दूसरी पारी में 76 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेहमान टीम को 18.5 ओवर में यादगार जीत दिलाई।

### संक्षिप्त स्कोर :

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी**

197/10 (उस्मान ख्वाजा 60; जडेजा 4/78)।

**दूसरी पारी :** 18.5 ओवर में 78/1 (हेड 49 (नाबाद), लाबुसेन 28 (नाबाद); अश्विन 1/44)।

**भारत पहली पारी**

109/10 (विराट कोहली 22; एम कुह्नमैन 5/16)।

**दूसरी पारी :** 163/10 (चेतेश्वर पुजारा 59; नाथन लियोन 8/64)।

### जमीन से जुड़े रहने की क्षमता विराट को बनाती है महान : कार्तिक

**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा है कि उनकी जमीन से जुड़े रहने की क्षमता ही उन्हें जीवन के सभी क्षेत्रों में चैंपियन बनाती है। आरसीबी पॉडकास्ट सीजन 2 के तीसरे एपिसोड में कार्तिक के ने कहा कि कोहली की मैदान पर और बाहर इतना कुछ हासिल करने के बावजूद जमीन से जुड़े रहने की क्षमता उन्हें जीवन के सभी क्षेत्रों में चैंपियन बनाती है। कार्तिक ने कहाः उन्होंने एक व्यक्ति के रूप में बहुत कुछ हासिल किया है... उन्होंने पिछले 10 वर्षों से टीम को सचमुच आगे बढ़ाया है। खेल में उनकी निरंतरता और महारत शानदार है... मुझे नहीं लगता कि क्रिकेट की दुनिया में किसी ने इसे लंबे समय तक इतना कुछ हासिल किया है। करीब एक दशक तक उनका दबदबा अद्वितीय है।

# क्रेग फुल्टन भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त हुए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने 10 मार्च से शुरू हो रही एफआईएच हॉकी प्रो लीग में अपने घरेलू मैचों से पहले शुक्रवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के नए मुख्य कोच के रूप में क्रेग फुल्टन की नियुक्ति की घोषणा की। हॉकी इंडिया ने कहा कि लगभग 25 साल के कोचिंग अनुभव के साथ 48 वर्षीय दक्षिण अफ्रीकी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद जल्द से जल्द टीम से जुड़ेंगे।



फुल्टन ने अपनी पिछली भूमिकाओं में अनुकरणीय परिणाम दिखाए हैं। 2014 से 2018 के बीच मुख्य कोच के रूप में आयरिश पुरुष टीम के साथ उनकी प्रसिद्धि में वृद्धि शुरू हुई, जब टीम ने रियो ओलंपिक खेलों 2016 के लिए क्वालीफाई किया, जो 100 वर्षों में उनकी पहली ओलंपिक क्वालीफाई थी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने उन्हें 2015 में एफआईएच कोच ऑफ द ईयर का भी सम्मान दिलाया था। उन्होंने मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम के साथ सहायक कोच के रूप में काम किया, जहां टीम ने टोक्यो में स्वर्ण पदक जीता था। वह बेल्जियम के कोचिंग स्टाफ का भी हिस्सा थे, जब टीम ने भुवनेश्वर में 2018 में विश्व कप जीता था। बेल्जियम लीग जीतने वाले बेल्जियम क्लब को कोचिंग देने के बाद 48 वर्षीय फुल्टन को बेल्जियम कोच ऑफ द ईयर 2023 नामित किया गया था।

### नए चरण में काम करने के लिए उत्सुक : तिर्की

**मुख्य** कोच की भूमिका के रूप में फुल्टन की नियुक्ति पर बोलते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहाः मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ मुख्य कोच की भूमिका के लिए क्रेग फुल्टन के नाम को अंतिम रूप दिया है। उन्होंने कहाः मैं पुरुषों की हॉकी टीम के लिए इस नए चरण में उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। वह कोचिंग में जबरदस्त अनुभव रखते हैं और उनकी कार्य नीति दुनिया में टीम के प्रदर्शन को बढ़ाने में आत्मविश्वास पैदा करती है। मैं क्रेग का भारत में स्वागत करता हूं और उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।

## इंदौर टेस्ट — भारत की हार के बाद सुनील गावस्कर भड़के, बोले-

# भारतीय बल्लेबाजों में पिच का था खौफ

**एजेंसी। इंदौर**

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से भारत की शर्मनाक नौ विकेट की हार के बाद महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा कि मेजबान टीम को पर्याप्त रन नहीं मिले, उनके मन में पिच को लेकर काफी सारी बातें घूम रही थी। चार मैचों की श्रृंखला में पिच की स्थिति ने सुर्खियां बटोरी है। आईसीसी से औसत रेटिंग हासिल करनेवाले नागपुर और दिल्ली टेस्ट के लिए पिच पर काफी कमेंट्स हुए। ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट में एक पारी और 132 रन से हराया था और दूसरा मैच तीन दिन के अंदर 6 विकेट से हार गया था। हालांकि, भारत ने इंदौर में तीसरे टेस्ट में स्पिन आक्रमण के खिलाफ निराशाजनक बल्लेबाजी प्रदर्शन के बाद ऑस्ट्रेलिया को 4 मैचों की श्रृंखला में वापसी करने और इसे 1-2 करने की अनुमति दी। गावस्कर ने स्टार से कहाः पहले दो मैचों में उन्होंने रन नहीं बनाए। नागपुर में रोहित शर्मा के अलावा उन्हें पर्याप्त रन नहीं मिले। जब आप मैच में पर्याप्त रन नहीं बनाते हैं, तो उनकी बल्लेबाजी में थोड़ी अस्थिरता होती है। उन्होंने आगे कहाः भारतीय बल्लेबाजों ने पर्याप्त रन नहीं बनाए। वे पिच से तालमेल नहीं बैठा सके। उन्होंने पिच को खुद पर हावी होने दिया। यह वह पिच थी जो उनके दिमाग से खेल रही थी, दूसरी पारी में तो और भी ज्यादा पिच का खौफ था। तीसरे टेस्ट के पहले दिन बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद भारत को सिर्फ 109 रन पर समेट दिया गया, जहां ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर मैथ्यू कुहनमैन ने अपना पहला पांच विकेट हासिल किया।

अपनी पसंदीदा टीम की हार देखने के बाद प्रशंसकों ने रोहित शर्मा की टीम की भी खिंचाई की, जबकि कई लोगों ने महसूस किया कि ऋषभ पंत की मौजूदगी भारत को मैच बचाने में मदद कर सकती थी। एक यूजर ने ट्विटर पर लिखा, इंदौर में अत्यधिक टर्निंग विकेट बनाने की कोशिश में भारत का अंत अच्छा नहीं रहा। एक अन्य प्रशंसक ने कहाः मैच इतनी जल्दी खत्म हो गया, जैसे फिल्म इंटरवल से पहले खत्म हो गई। एक अन्य यूजर ने कहाः हम बहुत कुछ कह रहे हैं कि भारतीय खिलाड़ी स्पिन आक्रमण के खिलाफ बहुत अच्छे हैं, लेकिन क्या वास्तव में ऐसा है? हाल के वर्षों में कई विरोधाभासी उदाहरण सामने आए हैं।



### कोहली के तकनीक में कुछ भी गलत नहीं : हेडन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा है कि विराट कोहली की तकनीक में कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी एक ऐसे दौर से गुजरते हैं जहां वे रन नहीं बना पाते हैं, लेकिन क्रीज पर अधिक समय तक कैसे टिके रहें, बल्लेबाज को इस पर काम करने की जरूरत है। वह हाल के दिनों में टेस्ट क्रिकेट में बड़ा स्कोर हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, क्योंकि यह स्टार बल्लेबाज अपनी पिछली 15 पारियों में सबसे लंबे प्रारूप में 50 के पार नहीं जा पाए हैं। मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में, कोहली 5 पारियों में सिर्फ 111 रन ही बना पाए हैं। हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स को बतायाः ऐसा लगता है कि तकनीकी दृष्टिकोण से कुछ भी गलत नहीं है। जब आप करियर के उस पड़ाव पर पहुंच जाते हैं, जहां विराट ने हासिल किया है, तो कभी-कभी फोकस करने में समस्या आ जाती है। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि विराट ने क्या हासिल किया है। उनके पास काफी अच्छी ऊर्जा है। आप टीम में उनके लिए मौजूद प्रशंसा को देख सकते हैं।



# एनएचपीसी ने सरकार को किया 997.75 करोड़ रु. का भुगतान

**एजेंसी। नई दिल्ली**
केंद्र सरकार के अग्रणी पनबिजली उपक्रम एनएचपीसी ने सरकार को 997.75 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया। 'मिनी रत्न' श्रेणी-एक वर्ग की इस कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर के विश्नोई ने यहां केंद्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह को 997.75 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश भुगतान का बैंक एडवाइस सौंपा। इस अवसर पर विद्युत सचिव आलोक कुमार, मंत्रालय में विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार आशीष उपाध्याय तथा मंत्रालय तथा कंपनी के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। एनएचपीसी चालू वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार को वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए अंतिम लाभांश के रूप में 356.34 करोड़ रुपए का भुगतान पहले ही कर चुकी है। इस प्रकार कंपनी ने 2022-23 के दौरान सरकार को कुल 1354.09 करोड़ रुपए के लाभांश का भुगतान किया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने सात फरवरी की बैठक में 1.40 रुपए प्रति इक्विटी शेयर अर्थात अंकित मूल्य के 14.00 प्रतिशत की दर से अंतरिम लाभांश घोषित किया था। एनएचपीसी के पास आठ लाख से अधिक शेयरधारक हैं और वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कुल अंतरिम लाभांश का भुगतान 1406.30 करोड़ रुपए रहा है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 1818.15 करोड़ रुपये के कुल खर्च के साथ प्रति शेयर 1.81 रुपए के कुल लाभांश का भुगतान किया गया था।



एनएचपीसी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के समाप्त नौ माह में 3264.32 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है जबकि पिछले वर्ष की इस अवधि में यह 2977.62 करोड़ रुपए था। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 3537.71 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

# आंध्र में रिलायंस लगाएगी 10 गीगावाट का सोलर प्लांट



**एजेंसी। नई दिल्ली**
अरबपति उद्यमी मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को घोषणा की कि उनका समूह आंध्र प्रदेश में 10 गीगावाट सोलर पॉवर प्लांट में निवेश करेगा और प्रदेश में अपने कारोबार के माध्यम से 50 हजार रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। अंबानी ने कहा कि रिलायंस रिटेल देश भर में आपूर्ति के लिए आंध्र प्रदेश से कृषि, कृषि आधारित उत्पादों और अन्य उत्पादों की अधिक से अधिक खरीद करेगा। वह विशाखापट्टनम में आंध्र प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023ह्ल के एक सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के उपस्थिति में उद्योगपति अंबानी ने रिटेल सेक्टर में क्रांति का जिक्र करते हुए कहा कि रिलायंस रिटेल ने आंध्र प्रदेश के छह हजार गांवों में एक लाख 20 हजार से अधिक किराना व्यापारियों के साथ साझेदारी की है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में भी छोटे व्यापारी फल-फूल सकें, इसके लिए उन्हें आवश्यक उपकरणों से लैस किया गया है। अंबानी के अनुसार, रिलायंस रिटेल ने आंध्र प्रदेश में 20,000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार और बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार दिए हैं। रिलायंस जियो के बारे में बात करते हुए श्री अंबानी ने बताया कि जियो के टू 5जी नेटवर्क के प्रसार का काम आंध्र प्रदेश सहित पूरे भारत में 2023 के अंत से पहले पूरा हो जाएगा। 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करके जियो ने राज्य में सबसे बड़ा और सबसे बेहतरीन डिजिटल नेटवर्क फुटप्रिंट बनाया है, जो प्रदेश की 98 प्रतिशत आबादी को कवर करता है। जियो ट्रू5जी से अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और बड़े पैमाने पर व्यापार और रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। आंध्र प्रदेश की विशाल आर्थिक क्षमता की प्रशंसा करते हुए श्री अंबानी ने कहा कि, रिलायंस प्रदेश की आर्थिक ताकत पर विश्वास करने वाली पहली कुछ भारतीय कंपनियों में से एक रही है। प्रदेश में हमने अपने केजी-डी6 बेसिन और उसकी पाइपलाइन्स पर एक लाख 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। जल्द ही केजी-डी6 बेसिन, भारत के कुल गैस उत्पादन में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान करने लगेगा। उन्होंने कहा कि आन्ध्र प्रदेश में शानदार उद्योगों और उद्योगपतियों की लंबी कतार है खासतौर पर फार्मा और इंफ्रास्ट्रक्चर में और सबसे ऊपर आंध्र के पास विशाल समुद्री सीमा है जो उसे एक ब्लू इकोनॉमी में बदलने की ताकत रखती है। उन्होंने भरोसा जताया कि आंध्र ,नए भारत की विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# अडानी ग्रुप आंध्र में लगाएगी सीमेंट के दो नए प्लांट



**एजेंसी। नई दिल्ली**
आंध्र प्रदेश में अडानी ग्रुप सीमेंट के दो नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने जा रहा है। साथ ही 15,000 मेगावाट अक्षय ऊर्जा परियोजना को लेकर काम होगा और एक डेटा सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। इस बात की जानकारी खुद अडानी पोर्ट्स और एसईजेड लिमिटेड के सीईओ करण अडानी ने शुक्रवार को दी है। उन्होंने कहा है कि कंपनी आंध्र प्रदेश में अपनी उपस्थिति को अब दोगुना करना चाहती है। जिसे लेकर ये कदम उठाये गए है। करण अडानी ने आंध्र प्रदेश में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कहा कि समूह ने राज्य में कृष्णापटनम और गंगावरम में संचालित 2 समुद्री बंदरगाहों की क्षमता को दोगुना करने की योजना बनाई है, लेकिन इसमें कितना इन्वेस्ट होगा इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। राज्य में अडानी ग्रुप पहले से 20,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ टॉप पर है, जिसके जरिये 18,000 से अधिक प्रत्यक्ष और 54,000 अप्रत्यक्ष लोगों को रोजगार भी दिया गया है। अडानी ग्रुप की बंदरगाह कंपनी के सीईओ ने कहा कि, अडानी ग्रुप कडप्पा और नादिकुडी में हर साल 10 मिलियन टन की कुल क्षमता वाले सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने जा रहा है। राज्य के साथ-साथ विशाखापत्तनम में 400 मेगावाट का एक डेटा सेंटर भी तैयार किया जाएगा। करण अडानी ने कहा कि वर्तमान में, अडानी ग्रुप के पास आंध्र प्रदेश में दो सबसे बड़े निजी बंदरगाह है। जिनका नाम कृष्णापटनम और गंगावरम है, इसका संचालन उनका ग्रुप कर रहा है, जिसकी कुल क्षमता 100 मिलियन टन प्रति वर्ष है। अगले 5 सालों में, हम न केवल इसकी क्षमता को दोगुना करने का लक्ष्य रखते है, बल्कि इन बंदरगाहों को औद्योगिक बंदरगाह शहरों में बदलने के टारगेट से काम कर रहे है।

## कर्नाटक में जल्द ही बनेंगे एप्पल फोन

**बेंगलुरु।** मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में जल्द ही एप्पल फोन बनाए जाएंगे जिससे एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। ट्विटर पर मुख्यमंत्री बोम्मई ने कहा, राज्य में जल्द ही एप्पल फोन बनाए जाएंगे। लगभग 1 लाख नौकरियां सृजित करने के अलावा, यह कर्नाटक के लिए बहुत सारे अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम 2025 तक भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए अपना योगदान देंगे। सीएम बोम्मई ने केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर के एक पोस्ट को भी टैग किया। एक मीडिया रिपोर्ट के हवाले से राजीव चंद्रशेखर ने कहा, कर्नाटक में 300 एकड़ की एक नई फैक्ट्री में भारत में एप्पल फोन बनाए जाएंगे। पीएम नरेंद्र मोदी जी और सीएम बसवराज बोम्मई की डबल इंजन सरकार कर्नाटक के लिए निवेश और रोजगार और 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है।

## शेयर बाजार में जोरदार तेजी

**नई दिल्ली।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन आज घरेलू शेयर बाजार में मजबूती नजर आ रही है। कारोबार की शुरूआत से ही खरीदारों ने अपना जोर बनाया हुआ है, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 1 प्रतिशत से अधिक की उछाल के साथ कारोबार करते नजर आ रहे हैं। बीच में बिकवालों ने एक बार मुनाफा वसूली करने की कोशिश भी की, लेकिन लिवाली के जोर के कारण शेयर बाजार की चाल पर ज्यादा असर नहीं हुआ। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में सेंसेक्स 1.13 प्रतिशत और निफ्टी 1.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। पहले 1 घंटे के कारोबार में स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी पोर्ट्स, अडाणी इंटरप्राइजेज, कोल इंडिया, बीपीसीएल और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 3.45 प्रतिशत से लेकर 1.33 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। दूसरी ओर मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), महिंद्रा एंड महिंद्रा और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के शेयर 2.46 प्रतिशत से लेकर 1.61 प्रतिशत तक की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

## सोने-चांदी की चमक वापस लौटी

**नई दिल्ली।** दो दिन लगातार सोने और चांदी के दाम में गिरावट के बाद हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन में सोने और चांदी में तेजी देखी जा रही है। मार्केट खुलने के साथ ही बढ़त देखी जा सकती है। पहले सोने के दाम की बात करें तो आज मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में 24 कैरेट सोना 55,899 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला है। इसके बाद सोने के दाम में कुछ नरमी देखी गई है और यह सुबह 10.38 मिनट पर 55,821 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है. कल सोना 55,739 रुपये पर बंद हुआ था। 03 मार्च यानी शुक्रवार के दिन चांदी के दाम में इजाफा दर्ज किया जा रहा है। वायदा बाजार में आज चांदी बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है. आज 999 शुद्धता वाली चांदी मार्केट खुलने के साथ 64,322 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबारकर रही थी। वहीं 10.38 मिनट तक चांदी में और मजबूती देखी गई है और यह 64,467 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है।

## 20 से अधिक देशों में ब्लू सर्विस का विस्तार

**नई दिल्ली।** माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर ने यूरोप के 20 से अधिक देशों में अपनी ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस का विस्तार किया है। ट्विटर के अबाउट पेज के मुताबिक, इन देशों में नीदरलैंड, पोलैंड, आयरलैंड, बेल्जियम, स्वीडन, रोमानिया, चेक गणराज्य, फिनलैंड, डेनमार्क, ग्रीस, ऑस्ट्रिया, हंगरी, बुल्गारिया, लिथुआनिया, स्लोवाकिया, लातविया, स्लोवेनिया, एस्टोनिया, क्रोएशिया, लक्समबर्ग, माल्टा और साइप्रस शामिल हैं। इस विस्तार के साथ, ब्लू सब्सक्रिप्शन सेवा अब वैश्विक स्तर पर 35 से अधिक देशों में उपलब्ध है। पिछले महीने, माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने सऊदी अरब, फ्रांस, जर्मनी, इटली, पुर्तगाल और स्पेन सहित 6 देशों में ट्विटर ब्लू सेवा का विस्तार किया था। पिछले साल दिसंबर में, ट्विटर ने अपनी ब्लू सब्सक्रिप्शन सेवा को वेरिफिकेशन के साथ लॉन्च किया था, जिसकी लागत एंड्रॉइड यूजर्स के लिए 8 डॉलर और आईफोन मालिकों के लिए 11 डॉलर प्रति माह थी।

## विदेश

इस्लामाबाद में न्यायिक परिसर में जज ने कहा

# गुंडों के साथ कोर्ट में पेश हुए इमरान खान

**एजेंसी। इस्लामाबाद**
इस्लामाबाद में न्यायिक परिसर में काफी लोगों के साथ पेश होने पर आतंकवाद-निरोधी अदालत (एटीसी) के जज ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान पर बयान जारी किया है। जियो न्यूज ने बताया कि 28 फरवरी को पूर्व प्रधानमंत्री अपने खिलाफ दायर चार मामलों की सुनवाई में शामिल होने के लिए तीन अदालतों में पेश हुए। खान को तीन मामलों में अंतरिम जमानत मिली, जबकि एक मामले में उनके खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। जियो न्यूज ने बताया कि एटीसी में एक मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने



खान का नाम लिए बिना कहा कि पीटीआई प्रमुख 2,000 लोगों के साथ अदालत में पेश हुए। उन्होंने इमरान खान अपनी पार्टी का नाम 'इंसाफ' रखा है, लेकिन वह 'जिंदाबाद' और 'मुदार्बाद' के नारे लगाते हैं। न्यायाधीश ने यह भी कहा कि खान ब्रिटेन का उदाहरण देते हैं लेकिन अदालत का सम्मान नहीं करते। जज ने कहा, उन्होंने अपनी पेशी के दौरान अदालत का सम्मान नहीं किया और गुंडों को अपने साथ ले आए। एटीसी जज ने कहा, अब वह मुझे अगले साल तक अदालत की सुनवाई में व्यस्त रखेंगे, उन्होंने कहा कि उनके पास घटना की सीसीटीवी फुटेज है। इस हफ्ते की शुरूआत में, जब खान इस्लामाबाद में न्यायिक परिसर पहुंचे, तो बड़ी संख्या में पीटीआई कार्यकताओं ने गेट तोड़कर जबरन प्रवेश किया। जियो न्यूज ने बताया कि न्यायिक परिसर के सेक्टर जी-11 में सुरक्षा व्यवस्था बाधित हो गई।

# ब्रिटेन की सुरक्षा सेवाओं ने मैनचेस्टर बमबारी को रोकने का मौका गंवाया था

**एजेंसी। लंदन**
2017 में मैनचेस्टर एरिना में हुए हमले को रोकने के 'महत्वपूर्ण' मौके से ब्रिटेन की सुरक्षा सेवाएं चूक गई थी, सार्वजनिक जांच से यह बात सामने आई है, इस हमले में 22 लोग मारे गए थे। जांच अध्यक्ष जॉन सॉन्डर्स ने कहा, इस महत्वपूर्ण चूक के कारणों में एक सुरक्षा सेवा अधिकारी द्वारा तेजी से कार्य करने में विफलता शामिल है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रिपोर्ट के हवाले से कहा, हालांकि निश्चित रूप से यह साबित करना असंभव है कि हमले को रोका जा सकता था, इस बात की संभावना थी कि खुफिया जानकारी प्राप्त की जा सकती थी, जिससे हमले को रोकने के लिए कार्रवाई की जा सकती थी। सॉन्डर्स की पूर्व रिपोर्टें में बड़ी कमियां पाई गई हैं, बमबारी के विनाशकारी प्रभाव को रोकने के लिए सुरक्षा



सेवाओं द्वारा अवसरों को खो दिया गया था। सार्वजनिक जांच द्वारा प्रकाशित तीन रिपोर्टें में से पहली, जो सितंबर 2020 में शुरू हुई, ने ब्रिटिश ट्रांसपोर्ट पुलिस, संचालकों और उनके कॉन्ट्रेक्टेड सुरक्षा प्रदाताओं की आलोचना की। इस्लामी चरमपंथी आत्मघाती हमलावर ने 22 मई, 2017 को गायक एरियन ग्रांडे के संगीत कार्यक्रम के बाद मैनचेस्टर एरिना से बाहर निकलते ही बम विस्फोट कर दिया। 2005 में लंदन में हुए बम धमाकों के बाद से यह ब्रिटेन में सबसे भीषण आतंकी हमला था, 2005 में 52 लोग मारे गए थे।

## पेज एक के शेष

### सीओ स्तर पर...

सवाल किया कि क्या यह बात सही है कि राज्य में अवैध जमाबंदी के 1.75 लाख मामले लंबित हैं। सरकारी कर्मचारियों की लापरवाही से 3.62 लाख एकड़ से अधिक जमीन की अवैध जमाबंदी की जा चुकी है। इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने जवाब दिया। सीएनटी एक्ट के तहत रैयतों को उनकी जमीन वापस दिलाने में तेजी के लिए राज्य सरकार एक रिपोर्ट तैयार कराएगी। यह बातें सरकार की ओर से मंत्री जोबा मांझी ने कही। उन्होंने कहा कि अबतक 901 मामलों का निष्पादन किया गया है। हालांकि 3326 आवेदन लंबित हैं। दखल दिहानी के तहत सरकार को आवेदन प्राप्त हुए हैं, सरकार की कोशिश है कि इन मामलों को जल्द से जल्द निष्पादन किया जाए।

### पर्यावरण का नुकसान...

बंधती है, एक आशा जगती है। आज भारत जी-20 की मेजबानी कर रहा है। झारखंड भी इसका मेजबान है। भारत ने इस जी-20 का स्लोगन दिया है-वन अर्थ, वन सन, वन फैमिली। यही नारा हमारा लक्ष्य है, यही हमारी जीवन पद्धति है। प्रधानमंत्री ने इसी पक्ष को हमेशा मजबूती के साथ दुनिया को संदेश दिया है। विकास की दृष्टि से बड़े-बड़े नगरों में बड़े-बड़े भवनों में ढेर सारी सुविधाओं के साथ रहते हैं, पर पर्यावरण के उपर ध्यान केंद्रित करने, उनका संरक्षण करने की दृष्टि से हम पीछे रह जाते हैं। बौद्धिक दृष्टि से परिपक्व कहे जाने वाले सिविल सोसायटी को इस प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चिंतन करने, कार्य करने की आवश्यकता पड़ गई है। जो जनजाति सिविलाईजेशन से दूर हैं, भौतिक सुविधाओं से वंचित हैं, अभाव में जीने वाले हैं, वे ही प्रकृति के सच्चे मित्र हैं, क्योंकि वे प्रकृति से छेड़छाड़ नहीं करते वरन उसका अपने बच्चों की तरह देखभाल करते हैं। पेड़-पौधे जब दुनिया से समाप्त हो जायेंगे तो मनुष्य को कितना नुकसान होगा, इसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। समापन समारोह के उपरांत छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य-गीत की जीवंत किवंदती एवं पदमविभूषण से अलंकृत तीजनबाई ने पांडवानी प्रस्तुत किया। इस अद्भुत कार्यक्रम का मेले में आये हुए सभी लोगों ने आनंद लिया।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की...

शुरुआत की जा रही है। पोर्टल पर अपलोड वीडियो को देखकर और सुनकर बच्चे आसानी से तैयारी कर सकेंगे। यूजीसी की तरफ से हेल्प सेंटर की भी स्थापना की जाएगी। जहां जाकर छात्र फ्री में फॉर्म भर सकेंगे और किसी भी कन्फ्यूजन को दूर कर सकेंगे। इन सेंटर्स की जानकारी एनटीए की वेबसाइट पर दी जाएगी। मालूम हो कि अब अब देशभर की सेंट्रल यूनिवर्सिटीज में प्रवेश के लिए सीयूईटी की परीक्षा आयोजित की जाती है। इसी स्कोर कार्ड के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। बीते साल कुछ विवि इसमें नहीं शामिल हुए थे, लेकिन इस बार लगभग सभी केंद्रीय विवि भाग ले रहे हैं।

### 14 ठिकानों पर...

कर कई ऐसी कंपनियों को कोयला उपलब्ध कराया जो सिर्फ कागजों पर ऑपरेशनल थीं। रियायती दर पर कोयला मिलने के बाद इस कोयले की तस्करी कर दी जाती थी व ऊंची कीमत पर इसे बाजार में बेच दिया जाता था। बदले में कमीशन की राशि सीए सुमन कुमार के जरिए पूजा सिंघल वसूलती थी। ईडी ने जब पूजा सिंघल के करीबी सीए सुमन कुमार के यहां छापेमारी की थी तब 17.41 करोड़ से अधिक नकदी बरामद की गई थी। सुमन ने तब कबूल किया था कि बरामद पैसों का बड़ा हिस्सा पूजा सिंघल का है। ईडी की जांच में पूछताछ के स्त्रोतों की जांच की गई तब पता चला कि कोयले में भी पूजा सिंघल ने बड़ा खेल किया है।

**मो. इजहार के नाम पर भी कई शेल कंपनियां :** हजारीबाग में कोयला कारोबार में मो. इजहार अंसारी की तूती बोलती है। वह बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव का करीबी भी रहा है। मो. इजहार के विषय में एजेंसी सूत्रों ने बताया कि मो. इजहार अंसारी ने भी तकरीबन एक दर्जन शेल व फर्जी कंपनियां बनाई हुई हैं। इन कंपनियों के जरिए कोयले का आवंटन रियायती दर पर लिया जाता था।

## भावना

## चीन में सबसे सुंदर संघर्षकर्ता के रूप में लेई फंग की कहानी

# लेई फंग लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध थे

**एजेंसी। बीजिंग**
चीन में लेई फेंग बहुत लोकप्रिय है। वह न केवल एक उत्कृष्ट कम्युनिस्ट सेनानी हैं, बल्कि चीनी लोगों की नजर में सबसे सुंदर संघर्षकर्ता भी हैं। लेई फेंग का जन्म 18 दिसंबर 1940 में मध्य चीन के हूनान प्रांत की राजधानी छांगशा के एक गरीब परिवार में हुआ। जनवरी 1960 में 20 वर्ष की उम्र में वह चीनी जन मुक्ति सेना के एक सैनिक बने और उसी साल चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य भी बने। अपने कार्य और दैनिक जीवन में, लेई फंग हमेशा दूसरों की निःस्वार्थ सहायता करते थे। सेना में वह अपने साथियों की परवाह करते थे, कामकाज के दौरान जहां



उनकी जरूरत थी, वहां वह काम करने को तैयार रहते थे। दैनिक जीवन में वह नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध थे, बुढ़े लोगों को मदद करते थे, स्कूल में बच्चों के स्नेहपूर्ण बड़े भाई के रूप में भूमिका निभाते थे। 15 अगस्त 1962 को, लेई फेंग



अपने साथी के साथ वाहन धोने के लिए सैन्य शिविर से बाहर गए, रास्ते में उनकी सड़क दुर्घटना से मृत्यु हो गई। उस साल लेई फेंग केल 22 वर्ष के थे। 5 मार्च 1963 को, अध्यक्ष माओ त्सेतुंग ने कर्तव्य की पंक्ति में शहीद हुए वीर सैनिक लेई फंग के लिए शिलालेख कॉमरेड लेई फेंग से सीखें लिखा, जिसे चीनी अखबार जन दैनिक में प्रकाशित किया गया। इसके बाद, देश भर में लेई फेंग से सीखने का अभियान शुरू हुआ, और उनका नाम समूचे चीन में मशहूर हो गया। इसके साथ ही अच्छे आदर्श के रूप में लेई फेंग से सीखें जैसे गीत आज तक गूंजते हैं। लेई फेंग की भावना अपने नौकरी पर आधारित साधारण काम में असाधारण प्रदर्शन करने वाली भावना है, और पारिश्रमिक की परवाह किए बिना कड़ी मेहनत करने और सक्रिय रूप से योगदान देने वाली भावना भी है, आखिरकार यह तहेदिल से लोगों की सेवा करने की भावना है। सितंबर 2019 में, चीन लोक गणराज्य की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या में लेई फेंग को चीन में नए चीन में सबसे सुंदर संघर्षकर्ता का नाम दिया गया था।




## NEWS इन ब्रीफ

### गंगा राम अस्पताल में भर्ती सोनिया की हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी की हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। अस्पताल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अस्पताल की ओर से जारी हेल्थ बुलेटिन में कहा गया है कि उनका इलाज चेस्ट कंसल्टेंट अनूप बसु कर रहे हैं। सर गंगा राम अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. डी.एस. राणा के अनुसार, सोनिया गांधी को 2 मार्च को सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें बुखार है।

### बीजेपी विधायक का बेटा 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**बेंगलुरू।** कर्नाटक की विशेष लोकायुक्त अदालत ने शुक्रवार को भाजपा विधायक के बेटे को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जिसे 40 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। लोकायुक्त सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच पूरी होने के बाद अधिकारी उसकी हिरासत की मांग करेंगे। मामले के चार अन्य आरोपियों को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा को भी हिरासत में ले सकते हैं और उनसे पूछताछ कर सकते हैं।

### 95 हस्तियों के नाम से क्रेडिट कार्ड जारी कराने वाले पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी सहित 95 प्रमुख हस्तियों के पैन कार्ड विवरण हासिल करने और उनके नाम पर क्रेडिट कार्ड जारी कराने के आरोप में पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, कार्ड पुणे स्थित फिनटेक स्टार्टअप 'वन कार्ड' से जारी किए गए थे। आरोपियों ने डिटेल का इस्तेमाल कर बैंकों से 50 लाख रुपये से अधिक की ठगी की जालसाजों द्वारा जिन अन्य हस्तियों के नाम और विवरण का उपयोग किया गया, उनमें शिल्पा शेट्टी, माधुरी दीक्षित, इमरान हाशमी, सैफ अली खान, सचिन तेंदुलकर, आलिया भट्ट, सोनम कपूर, ऋतिक रोशन आदि शामिल थे।

# क्वाड की बैठक में चीन और पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार

## हिन्द प्रशांत क्षेत्र में गैरकानूनी गतिविधियों के प्रति दी गयी कड़ी चेतावनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जी-20 विदेश मंत्रियों के सम्मेलन के अगले दिन शुक्रवार को अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया एवं जापान के चतुष्कोणीय गठबंधन (क्वॉड) की मंत्रिस्तरीय बैठक हुई जिसमें चीन एवं पाकिस्तान को आतंकवाद और हिन्द प्रशांत क्षेत्र में गैरकानूनी गतिविधियों के प्रति कड़ी चेतावनी दी गयी। विदेश मंत्री एस जयशंकर की अध्यक्षता में हुई क्वाड की इस बैठक में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी योंग और उप विदेश मंत्री केंजी यामादा शामिल हुए। बैठक के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया।

करीब 18 बिन्दुओं के इस वक्तव्य में कहा गया कि हमारी आज की बैठक एक मुक्त और खुले हिंद प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करने के लिए क्वाड की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है, जो समावेशी और लचीला है। हम स्वतंत्रता, कानून के शासन, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता तथा नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता, बिना किसी खतरे या बल के प्रयोग के विवादों का शांतिपूर्ण समाधान के सिद्धांतों का दृढ़ता से समर्थन करते हैं और यथास्थिति को बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास का विरोध करते हैं जो समूचे हिंद-प्रशांत क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रों में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए आवश्यक है।



### क्वाड, क्षेत्रीय और वैश्विक कल्याण के लिए एक बल के रूप में कर रहा है कार्य

**वक्तव्य** में कहा गया कि हम अपने दृढ़ विश्वास को दोहराते हैं कि क्वाड, क्षेत्रीय और वैश्विक कल्याण के लिए एक बल के रूप में कार्य कर रहा है, अपने सकारात्मक और रचनात्मक एजेंडे के माध्यम से हिन्द-प्रशांत क्षेत्र की प्राथमिकताओं द्वारा निर्देशित होगा। क्वाड के माध्यम से, हम स्वास्थ्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी, स्थायी, पारदर्शी एवं निष्पक्ष ऋण के माध्यम से ऋण संकट का समाधान एवं वित्तपोषण, अंतरिक्ष सहयोग, साइबर सुरक्षा, मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर), समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद का मुकाबला जैसी समकालीन चुनौतियों पर व्यावहारिक सहयोग का समर्थन करना चाहते हैं। वक्तव्य में आतंकवाद के बारे में कहा गया है कि हम स्पष्ट रूप से आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की उसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में निंदा करते हैं। हम आतंकवाद के उपयोग की निंदा करते हैं और आतंकवादी संगठनों को किसी भी तरह की रसद, वित्तीय या सैन्य सहायता प्रतिबंधित करने के महत्व पर जोर देते हैं, जिसका उपयोग अंतरराष्ट्रीय और सीमा पार हमलों सहित आतंकवादी हमलों को शुरू करने या साजिश रचने के लिए किया जा सकता है। हम 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले और पठानकोट हमले सहित सभी आतंकवादी हमलों की निंदा दोहराते हैं।

### आसियान की केंद्रीयता और एकता के लिए अपने समर्थन निरंतर और अटूट

बयान में कहा गया कि क्वाड के अंतर्गत आसियान की केंद्रीयता और एकता के लिए अपने समर्थन निरंतर और अटूट है और इसमें आसियान के नेतृत्व वाले ढांचे खासकर पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और आसियान क्षेत्रीय फोरम शामिल हैं। हम हिन्द-प्रशांत पर आसियान आउटलुक के कार्यान्वयन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके अलावा, हम आसियान के साथ अपने संबंधित संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बयान के मुताबिक, हम ब्लू पैसिफिक महाद्वीप के लिए प्रशांत द्वीपीय मंच की 2050 रणनीति के उद्देश्यों के अनुरूप प्रशांत द्वीपीय देशों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो प्रशांत क्षेत्र की जलवायु परिवर्तन, लचीले बुनियादी ढांचे और समुद्री सुरक्षा संबंधी प्राथमिकताओं द्वारा निर्देशित हैं। हम प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय संस्थानों का समर्थन करते हैं और क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के लिए हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) के साथ अपने सहयोग को और मजबूत कर रहे हैं। हम भारत-प्रशांत पर आईओआरए आउटलुक को अंतिम रूप देने में भारत के नेतृत्व का स्वागत करते हैं।

# राहुल के मोबाइल में ऐसा क्या था जो वह छिपाना चाहते थे : अनुराग ठाकुर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेगासस को लेकर राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि पेगासस राहुल गांधी के दिलो-दिमाग में बैठ गया है। विदेशी धरती से बार-बार देश को बदनाम करना उनकी आदत बन गई है और वे एक बार फिर विदेश की धरती पर रोने-धोने का काम कर रहे हैं। पेगासस को लेकर राहुल गांधी के बयान पर तीखा पलटवार करते हुए ठाकुर ने सवाल पूछा कि पेगासस का आरोप लगाने वाले राहुल गांधी की क्या मजबूरी थी कि उन्होंने जांच के लिए अपना मोबाइल जमा नहीं करवाया? वो नेता (राहुल गांधी) जो भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर हैं, उनके मोबाइल में ऐसा क्या था जो उनको छिपाने की जरूरत थी? उन्होंने और अन्य नेताओं ने अपना मोबाइल फोन जमा क्यों नहीं करवाया?

अनुराग ठाकुर ने दुनिया भर में बढ़ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कद, प्रभाव और सम्मान का जिक्र करते हुए राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल जी किसी और की नहीं तो इटली की प्रधानमंत्री और उनके नेताओं की ही सुन लेते कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ में क्या कहा है। इटली की प्रधानमंत्री ने कहा है कि दुनियाभर में मोदी को जो प्यार मिला है और जिस तरह वह दुनिया के लोकप्रिय नेता बन कर उभरे हैं, आज वह दुनिया के एक बड़े लीडर हैं। लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी इसे स्वीकार नहीं कर पा रही है।

केन्द्रीय मंत्री ने त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय में आए चुनावी नतीजों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस का एक बार फिर सूपड़ा साफ हो गया है। पूर्वोत्तर के नतीजे शायद राहुल गांधी को पहले से ही पता थे लेकिन वो जनादेश को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं और न ही एक के बाद एक मिल रही हार को स्वीकार कर पा रहे हैं।

ठाकुर ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी बार-बार विदेशी धरती से भारत को बदनाम करने की कोशिश करते हैं। विदेशी मीडिया, विदेशी एजेंसियो और विदेशी दोस्तों का इस्तेमाल कर भारत को बदनाम करना उनकी आदत बन गई है। इससे सवाल खड़ा होता है कि आखिर कांग्रेस का एजेंडा क्या है?

**राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का मसला**

## 14 को विशेषाधिकार समिति की बैठक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस लोक सभा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन के नोटिस के मामले में विशेषाधिकार समिति की बैठक 14 मार्च को होगी। राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस देने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को सदन की विशेषाधिकार समिति ने 14 मार्च को अपने सामने पेश होकर अपनी बात रखने का निर्देश दिया है।



गौरतलब है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोक सभा में चर्चा के दौरान राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बिना किसी सबूत और तथ्य के अपमानजनक आरोप लगाने का आरोप लगाते हुए विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था। इस नोटिस पर निर्धारित संसदीय परंपरा और नियमों के अनुसार कार्रवाई करते हुए लोक सभा सचिवालय ने राहुल गांधी को नोटिस जारी कर 15 फरवरी तक जवाब देने को कहा था। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी ने अपना जवाब भेज दिया है और इसलिए अब विशेषाधिकार समिति ने शिकायतकर्ता भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को अपनी बात रखने के लिए तलब किया है।

# नरोत्तम मिश्रा पर किताब फेंक कर मारने का आरोप

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश की विधानसभा में बजट सत्र के पांचवें दिन भी जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस ने विधानसभाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए तो वहीं नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने संसदीय कार्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा पर किताब फेंक कर मारने का आरोप लगाया। कंग्रेस विधायक जीतू पटवारी को बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किए जाने से पूरी पार्टी लामबंद हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की मौजूदगी में पार्टी विधायकों की बैठक में



विधानसभाध्यक्ष गिरीश गौतम के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला हुआ था उसी के मुताबिक शुक्रवार को कांग्रेस ने सदन में अविश्वास प्रस्ताव रखा जिस पर जमकर हंगामा हुआ।

इसी दौरान नेता प्रतिपक्ष सिंह ने संसदीय कार्य मंत्री मिश्रा पर किताब फेंक कर मारने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने विधानसभा के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर कहा कि तीन मार्च को सदन के अंदर कांग्रेस पक्ष के सदस्य मेरे नेतृत्व में अध्यक्ष के विरुद्ध दिए गए संकल्प पर चर्चा कराए जाने की मांग कर रहे थे। इसी दौरान संसदीय कार्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए आवेश में आकर मध्य प्रदेश विधानसभा प्रक्रिया तथा संचालन संबंधी नियम की पुस्तिका को मेरे ऊपर निशाना साधते हुए फेंक कर मारी जो कि मेरे टेबल के सामने आकर गिरी।

**रंगभरी एकादशी** | **वृंदावन पंचकोसीय परिक्रमा रंग-गुलाल से पटी**

# बांकेबिहारी में बरसे आस्था के रंग

### कमर में रंगों का फेंटा बांध ठाकुर बांकेबिहारी ने दिए भक्तों को दर्शन

### अबीर-गुलाल के बीच जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

**एजेंसी। मथुरा**

रंगभरी एकादशी पर ब्रज के बांके बिहारी मंदिर, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और अन्य प्रमुख मंदिरों में पांच दिवसीय होली महोत्सव शुरू हो चुका है। बरसाना और नंदगांव की प्रसिद्ध लठामार होली के बाद रंगभरनी एकादशी पर जन जन के आराध्य ठाकुर बांकेबिहारी महाराज ने भक्तों संग होली खेली। बांकेबिहारी मंदिर परिसर में अबीर-गुलाल, रंगों की बौछार और फूलों की होली से सतरंगी छटा छा गई। सेवायत टेसू के फूलों, केसर के रंगों से निर्मित प्राकृतिक रंगों को पिचकारियों में भरकर श्रद्धालुओं पर वर्षा कर रहे थे। उधर पंच कोसी की परिक्रमा के लिए में श्रद्धालुओं का सैलाब शुक्रवार शाम तक उमड़ता रहा। श्रद्धालु वृंदावन की परिक्रमा कर खुद को धन्य किया।



माना जा रहा है कि आज बांके-बिहारी मंदिर में देर शाम तक 50 हजार भक्तों के होली खेलने का अनुमान है। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में शुक्रवार को रंगभरी एकादशी पर रंगीली होली की शुरुआत हुई। मंदिर के जगमोहन में चांदी के सिंहासन पर स्वेत धवल पोशाक और कमर में रंगों का फेंटा बांध जब ठाकुर बांकेबिहारी ने दर्शन दिए तो जयकारे से मंदिर गूंज उठा। सेवायतो ने आराध्य के केसर कीच, चंदन चोबा और अरगजा लगाकर होली की शुरुआत की। सुबह ठाकुरजी का प्रसादी गुलाल उड़ा तो भक्तों के उल्लास का ठिकाना न था। मंदिर में बैरिकेडिंग से गुजरते हुए श्रद्धालुओं ने आराध्य के दर्शन किए और पंचकोसीय परिक्रमा शुरू कर दी। रंगभरी एकादशी पर शुक्रवार को बांकेबिहारी मंदिर में शुरू हुई होली का आनंद लेने आए लाखों भक्तों को कतारबद्ध तरीके से प्रशासन ने एंट्री दिलाई।




### कुछ गलत होने पर आतिफ मेरी खींचने लगते हैं टांग : नियति



अभिनेत्री नियति फतनानी ने निर्देशक आतिफ खान के साथ एक दोस्ताना रिश्ता साझा करते हुए कहा कि वह सेट पर काफी ज्यादा मजाक करते हैं। उन्होंने साझा किया: मेरे निर्देशक मुझे मेरे पिछले शो से जानते हैं। वह बहुत ही मजाकिया व्यक्ति हैं। अगर कुछ गलत होता है, तो वह मेरी टांग खींचना सुनिश्चित करते हैं और मुझे पूरी तरह से परेशान करते हैं। नियति ने नजर, ये मोह मोह के धागे, डी4- गेट अप एंड डांस जैसे कई शो किए हैं। अभिनेत्री चन्ना मेरेया में अपनी भूमिका के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने गुल खान द्वारा निर्मित वेब श्रृंखला 'आशिकाना' में एक कैमियो भी किया। नियति इन दिनों 'तेरे इश्क में घायल' शो में नजर आ रही हैं। उन्होंने उनके साथ अपने शूटिंग के अनुभव को याद किया और एक मजेदार व्यक्ति होने के लिए एक निर्देशक के रूप में उनकी प्रशंसा की।

### सोशल मीडिया पर खुलकर बोले रणबीर कपूर, कहा : मेरी पर्सनैलिटी बहुत बोरिंग



**बॉलीवुड** एक्टर रणबीर कपूर का कहना है कि वह सोशल मीडिया से दूर रहना पसंद करते हैं और अपने पर्सनल साइड को कम दिखाना पसंद करते हैं, ताकि उनके फैंस पर्दे पर उन्हें देखने में ज्यादा दिलचस्पी लें। उन्होंने खुद को बोरिंग बताया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर हर समय लोगों का मनोरंजन करते रहना उनके लिए संभव नहीं है।

उन्होंने कहा: वास्तव में इसके बहुत से कारण हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इन दिनों एक्टर्स के रूप में हमारे सीक्रेट्स खुलते जा रहे है। लोग प्रोमोशन या विज्ञापन करते समय हमें हर जगह स्क्रीन पर देख रहे हैं और वे हमें सोशल मीडिया पर भी देखते हैं, ऐसे में फैंस की थिएटर में देखने की इच्छा कम हो जाती है। इसलिए, मेरा विजन है कि मैं खुद को दर्शकों को कम दिखाऊं ताकि वे मेरे किरदार से बेहतर तरीके से जुड़ सकें और उस पर ज्यादा विश्वास कर सकें। रणबीर कपूर को उनकी फिल्म 'वेक अप सिड' से प्रसिद्धि मिली और दर्शकों ने उन्हें फिल्म 'अजब प्रेम की गजब कहानी' में एक रोमांटिक हीरो के रूप में देखा और बाद में वह पॉलिटिकल ड्रामा 'राजनीति' में एक अलग अवतार में आए। एक अभिनेता के रूप में उन्होंने 'रॉकस्टार' और 'बर्फी' जैसी फिल्मों में अपनी प्रतिभा साबित की।

### 'तेरी मेरी डोरियां' के लिए प्राची ने सीखा ऑटोरिक्शा चलाना



**'ए** थर्सडे' की एक्ट्रेस प्राची 'तेरी मेरी डोरियां' शो में कीरत का किरदार निभा रही हैं। प्राची ने एक सीन के लिए ऑटोरिक्शा चलाने के अपने अनुभव को साझा किया। इस सीन में प्राची ऑटो से अपनी बड़ी बहन की तलाश में निकलती है। प्राची ने कहा: ऑटो ड्राइवर ने मुझे रिक्शा चलाने की ट्रेनिंग दी। लेकिन राइड के दौरान एक दुर्घटना हो गई। यह एक बड़ी दुर्घटना थी, लेकिन हम खुशकिस्मत हैं कि हमें ज्यादा चोट नहीं आई। सभी सुरक्षित और स्वस्थ हैं। प्राची को 2021 में रिलीज हुई एक शॉर्ट फिल्म 'नजरियां' में भी देखा गया था। उन्होंने सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान घायल होने के बारे में आगे बताया। उन्होंने कहा, मुझे हाथ और सिर पर कुछ चोटें आईं। इस सीन में लगभग चार से पांच लोग शामिल थे और हर कोई घायल हो गया था, लेकिन हमें खुशी है कि प्रोडक्शन हाउस ने तुरंत कार्रवाई की और सुनिश्चित किया कि हमें तत्काल सहायता मिले।

### इरा सोन की 7 साल बाद 'कुंडली भाग्य' से टीवी पर वापसी

**टीवी** एक्ट्रेस इरा सोन ने सात साल बाद एकता कपूर की 'कुंडली भाग्य' से टीवी पर वापसी कर रही है। इस शो में श्रद्धा आर्या और शक्ति अरोड़ा मुख्य भूमिका में हैं। इरा अंजलि हिंदुजा (सोनल वेंगुरलेकर) की बहन और अर्जुन (शक्ति अरोड़ा) की पूर्व मंगेतर निधि हिंदुजा की भूमिका निभा रही हैं। शो में निधि अर्जुन के साथ अपने मतभेद दूर करने की कोशिश करती हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह इस शो के साथ छोटे पर्दे पर वापसी को लेकर उत्साहित हैं। वह आखिरी बार 'देश की बेटी नंदिनी' में नजर आई थीं। इरा ने कहा: 'कुंडली भाग्य' सबसे लोकप्रिय शो में से एक है और इसका हिस्सा बनना एक बहुत बड़ा सम्मान है। मैं 7 साल बाद टीवी पर वापस आकर बहुत खुश हूं।